

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 नीरज चोपड़ा का साल का पहला खिताब...

लॉस एंजिलिस हिंसा के लिए जेडी वेंस ने डेमोक्रेट्स को ठहराया दोषी 12



वर्ष : 13 | अंक : 72 | पटना, रविवार, 22 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : सियाचिन से पोर्ट ब्लेयर व किबिथू से कच्छ तक योगाभ्यास

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। देश और विदेश में शनिवार को पूरे मनोयोग के साथ ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग का मुख्य समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केन्द्रीय मंत्रियों ने योग किया। वहीं, भारतीय सेना ने देश के अलग-अलग हिस्सों में योगाभ्यास किया। उत्तर में सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटियों से लेकर दक्षिण में पोर्ट ब्लेयर तक में सेना के जवान विभिन्न आसन करते दिखे। उत्तर में सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटियों और पैंगोंग त्सो लेक के तटों से लेकर दक्षिण में पोर्ट ब्लेयर के शांत तटों तक और पूर्व में अरुणाचल प्रदेश के किबिथू से लेकर पश्चिम में कच्छ के रण तक भारतीय सेना के सैनिकों ने योग किया। सैनिकों ने शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तन्यकता के साधन के रूप में प्राचीन भारतीय अभ्यास को अपनाया। अलग-अलग योगाभ्यास के कई वीडियो भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं। इसी तरह अर्धसैनिक बल सीआईएसएफ ने शनिवार को देशभर में अपनी 430 से अधिक यूनिट्स और फॉर्मेशन्स में



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का समापन किया। दिल्ली के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीआईएसएफ मुख्यालय में 100 से अधिक कर्मियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को गहराई से अपनाया, जैसा प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम के दौरान घोषित किया था। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमाओं पर योगाभ्यास किया। अटारी-वाघा बॉर्डर और हुसैनीवाला बॉर्डर पर भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

### योग पूरी मानवता के लिए एक सांझी धरोहर बना : मुर्मु

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का क्षेत्र योग और आध्यात्मिक परंपराओं का केंद्र रहा है। उन्होंने कामना की कि योग के प्रयोग से समस्त विश्व के निवासी स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि योग का अर्थ जोड़ना है। योग का अभ्यास व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा को जोड़ना तथा स्वस्थ बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत की पहल पर योग से विश्व समुदाय का सम्मान बढ़ा है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

### दुनिया तनाव से गुजर रही है, योग से हमें शांति की दिशा मिलती है: मोदी

विशाखापत्तनम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि योग हमें दुनिया को जोड़ने का संदेश देता है और यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरूआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है।उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है , जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे चार और बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। दक्षिण पश्चिम जिले के ऑपरेशन सेल की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे थे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि उन्होंने दिल्ली में अवैध रूप से रहने के लिए होटलों का इस्तेमाल किया। फिलहाल उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफ आर आर ओ), दिल्ली के माध्यम से बांग्लादेश भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस राजधानी में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को लेकर लगातार अभियान चला रही है। हालिया दिनों में पुलिस ने वैध भारतीय दस्तावेजों के बिना दिल्ली में रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने, उन्हें हिरासत में लेने और उन्हें वापस भेजने के प्रयास तेज किए हैं। इसी क्रम में दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, सभी चार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई। इनमें दो नागरिक ढाका में अलग-अलग जगह के रहने वाले थे, जबकि एक नागरिक बांग्लादेश के मीरगंज और दूसरा व्यक्ति खर्रा का रहने वाला था। ये लोग मेडिकल वीजा और अन्य कारणों से भारत आए थे। हालांकि उनका भारत वीजा भी समाप्त हो चुका था, लेकिन ये लोग वापस नहीं लौटे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी कुछ अवैध प्रवासियों के महिपालपुर इलाके में घूमने की सूचना मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान बांग्लादेशी नागरिकों के रूप में की गई। पूछताछ करने पर बताया कि उन्होंने अपने इलाज के लिए भारत का वीजा लिया था और पुर्तगाल का वीजा प्राप्त किया था। दिल्ली में रहने के दौरान वो कई होटलों में रुके। गहन जांच और पूछताछ के बाद जरूरी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गई, जिसके बाद एफआरआरओ के जरिए उन्हें वापस भेज दिया गया।

### यूएई से भारत लाया गया भगोड़ा उपवन पवन जैन

नई दिल्ली। भारतीय जांच एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। गुजरात के भगोड़े उपवन पवन जैन को यूएई से प्रत्यर्पण करके लाया गया है। उपवन पवन जैन गुजरात पुलिस का वांछित आरोपी है, जिसके खिलाफ धोखाधड़ी, कीमती दस्तावेजों की जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र के गंभीर आरोप हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई और एनसीबी-अबू धाबी से कॉर्डिनेशन किया। इस सहयोग से अपराधी के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया गया। इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वांछित अपराधियों और आरोपियों की ट्रैकिंग के लिए भेजा जाता है। इसके बाद एजेंसी ने इंटरपोल और अबू धाबी के एनसीबी के साथ मिलकर आरोपी को यूएई में ट्रेस किया और निरंतर समन्वय कर उसे भारत लाने की प्रक्रिया पूरी की। इंटरपोल चैनलों के माध्यम से इस कॉर्डिनेशन के बाद उपवन पवन जैन को 20 जून को भारत वापस लाया गया। सीबीआई ने गुजरात पुलिस के अनुरोध पर 6 मार्च 2023 को इंटरपोल रेड नोटिस जारी करवाया था।

## नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में ढ़ाई गुणा से अधिक बढ़ोत्तरी का किया एलान

# सौगात : बिहार में अब पेंशन लाभुकों को 400 की जगह प्रतिमाह मिलेंगे 1100 रुपये

## सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से बढ़ी हुई दर पर मिलेगी पेंशन



**■ वृद्धजनों का सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : नीतीश**

**प्रातः किरण**

पटना। बिहार में इस साल अक्टूबर और नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इससे पहले बिहार सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना राशि में बढ़ोतरी की है और बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं की मासिक पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी है। इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगे लिखा, वृद्धजन समाज का अमूल्य हिस्सा हैं। उनका सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में लगातार प्रयासरत है और आगे भी रहेगी।

### वृद्धजन पेंशन योजना के लाभार्थियों की संख्या 50 लाख के करीब

वृद्धजन पेंशन योजना के लाभार्थियों की संख्या 50 हजार के करीब पहुंच चुकी है। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में यह संख्या 4956103 है। इस योजना सभी वर्ग के लिए है। अगर कोई वृद्ध 60 वर्ष का है और उसे कहीं से पेंशन नहीं मिलता है तो वह इस योजना के तहत आवेदन कर सकता है। इस योजना के तहत 80 वर्ष की उम्र होने पर अभी पांच सौ रुपए प्रति माह पेंशन मिल रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में इस योजना को आरंभ किया था। हाल ही में मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक कार्यक्रम में वृद्धजन पेंशन योजना के लाभार्थियों के खाते में 2071570700 रुपए डीबीटी के माध्यम से भेजे गए थे।

### दिव्यांगजन पेंशन योजना के लाभार्थियों की संख्या 964220 :

राज्य सरकार के माध्यम से दिव्यांगजनों को बिहार राज्य विकलांगता पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह चार सौ रुपए दिए जाते हैं। इनकी संख्या 964220 है। हाल ही में इनके खाते में 38689500 रुपए डीबीटी के माध्यम से भेजे गए। अब इन्हें भी अगले महीने से 1100 रुपए प्रति माह पेंशन मिलेगा।

### लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत विधवा पेंशन

राज्य सरकार द्वारा लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत विधवाओं को चार सौ रुपए प्रति माह पेंशन दी जाती है। इनकी संख्या 863076 है। इन्हें भी अब चार सौ की जगह 1100 रुपए प्रति माह पेंशन मिलेगा।

### नीतीश सरकार का फैसला ऐतिहासिक व स्वागत योग्य : जदयू

सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी के फैसले को जदयू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संवेदनशीलता का प्रमाण बताया है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह एक करोड़, नौ लाख, से अधिक जरूरतमंद लाभार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला ऐतिहासिक निर्णय है।

यह कदम न केवल मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और संवेदनशील सोच का प्रमाण है, बल्कि सामाजिक न्याय और कल्याणकारी शासन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। नीतीश कुमार ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि वे बोलते नहीं, बल्कि कर के दिखाते हैं। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धजनों, विधवा महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि को 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 करने के ऐतिहासिक निर्णय पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति वह आभार व्यक्त करते हैं। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है।

## सीएम ने महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में की कई घोषणाएं

# जीविका कर्मियों का मानदेय होगा दोगुना



**प्रातः किरण**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका कर्मियों के मानदेय को दोगुना करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही जीविका दीदियों के 3 लाख रुपये ज्यादा के बैंक लोन में ब्याज दर में 3 प्रतिशत की छूट दी गई है। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही हम लोगों ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया है। हमलोगों ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका से जुड़े सभी कर्मियों का मानदेय दोगुना किया जायेगा। इन कर्मचारियों के मानदेय वृद्धि की अतिरिक्त राशि राज्य सरकार वहन करेगी। दीदी की रसोई का संचालन प्रखंड स्तर तक के सरकारी संस्थानों में किया जायेगा। जीविका परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को 3 लाख रुपए से ज्यादा के बैंक लोन पर अब सिर्फ 7 प्रतिशत ब्याज देना होगा। स्वयं सहायता समूहों को पहले 3 लाख रुपए से ज्यादा के बैंक ऋण पर 10 प्रतिशत ब्याज देना पड़ता था। अब ब्याज दर घटने के बाद बैंकों को ब्याज के रूप में दी जाने वाली अतिरिक्त राशि सरकार की ओर से दी जाएगी। लड़कियों के विवाह कार्यक्रम में सुविधा के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह भवन का निर्माण कराया जायेगा। इन विवाह भवनों का संचालन जीविका दीदियों के द्वारा किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह किया जाएगा। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने के 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा।

### लोगों तक लाभ पहुंचे, सुनिश्चित कराने पर जोर

बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने विस्तार से महिला संवाद कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पदाधिकारियों को निर्देश दिया था कि गांव-गांव जाकर महिलाओं से संवाद करें और उन्हें सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दें। साथ ही जिन लोगों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें लाभ मिलना सुनिश्चित कराएं। लोगों की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी लें और उसके समाधान का उपाय करें। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद 18 अप्रैल से 20 जून तक राज्य के सभी 38 जिलों में 70 हजार जगहों पर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 1 करोड़ 56 लाख महिलाएं इससे जुड़ीं और अपनी बातें रखीं। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के अलावा अलग-अलग विभागे के सचिव और अधिकारी मौजूद रहे।

### हम लोगों के हित में करते हैं काम : सीएम

बैठक में सीएम ने आगे ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 में सरकार में आने के बाद हम लोग राज्य के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। महिलाओं के साथ-साथ सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। पहले की सरकार ने राज्य के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। पहले शाम के बाद लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे। अब लोग देर रात तक अपना काम कर घर लौटते हैं। पहले बजट का आकार बहुत कम था। अब बजट का आकार बहुत बढ़ गया है। अपनी यात्राओं के दौरान हम लोगों से संवाद करके समस्याएं जानते हैं और उनका समाधान करते हैं। हमारा अपना निजी कुछ नहीं है, हम लोगों के हित में काम करते हैं। सभी के विकास के लिए योजना बनाकर लगातार कार्य कर रहे हैं।

## नारे गढ़ने में मोदी को महारत, समाधान में नहीं : राहुल

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। मेक इन इंडिया योजना को लेकर पीएम को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को नारे लगाने में महारत हासिल है। समस्याओं का समाधान करने में नहीं। एक्स पर पोस्ट में युवाओं के साथ बातचीत का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि मेक इन इंडिया से फैक्ट्री बूम के वादों के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है और चीन से आयात दोगुना से अधिक क्यों हो गया है? मोदी जी ने नारों की कला में महारत हासिल की है, समाधानों में नहीं। 2014 से विनिर्माण हमारी अर्थव्यवस्था में 14% तक गिर गया है। पोस्ट में साझा किए गए वीडियों में दिखाया गया है कि राहुल गांधी नेहरू प्लेस नई दिल्ली में दो प्रतिभाशाली युवकों शिवम और सैफ से मुलाकात कर रहे हैं।

## 2030 तक 300 एमटी इस्पात उत्पादन में सलेम स्टील प्लांट की अहम होगी भूमिका : मंत्री

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि इस्पात सिर्फ एक सामग्री नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय विकास की रीढ़ है और इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर इनोवेशन तक सरकार का लक्ष्य जिम्मेदारी के साथ विकास करना है। सेल की इकाई सलेम स्टील प्लांट के दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने यहां जो तकनीक और अनुशासन देखा है, वह सराहनीय है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा, यह प्लांट मेक इन इंडिया की सच्ची भावना को दशार्ता है। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को इस्पात उत्पादन में ग्लोबल लीडर बनाने के व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में हुआ, जिसका लक्ष्य 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन, 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। प्लांट के अपने दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कच्चे स्क्रैप से लेकर पिघली हुई धातु और तैयार स्लैब तक इस्पात उत्पादन की व्यापक प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने स्क्रैपयार्ड, स्टील मेल्टिंग शॉप, इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस और स्लैब कास्टर सहित महत्वपूर्ण परिचालन क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने टॉर्च कटिंग मशीन जैसे एडवांस इक्विप्मेंट और पिघले हुए लोहे को हॉट रोल्ड कॉइल और कोल्ड रोलिंग मिल में बदलने की प्रक्रिया को भी देखा।

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी जानकारी

# ऑपरेशन सिंधु : ईरान से सुरक्षित वापस लाए गए 517 भारतीय

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत ईरान से अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर स्वदेश लाया जा चुका है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर सूचित किया कि ऑपरेशन सिन्धु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को लेकर तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद से आज तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचा। इससे पहले एक विशेष विमान वहां से निकाले गए छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत कुल 290 भारतीय नागरिकों को लेकर कल रात 11:30 बजे दिल्ली पहुंचा था। श्री जायसवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 517 नागरिकों को ईरान से



सुरक्षित निकाल कर स्वदेश वापस लाया जा चुका है। कल रात 290 भारतीयों को लेकर नई दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे विमान के यात्रियों के स्वागत के लिए सचिव (दूतावास एवं वीजा सेवाएं तथा भारतीय मूल के नागरिकों के मामले) अरुण चटर्जी उपस्थित थे। गौरतलब है कि भारत इजरायल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बाद ईरान से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए आपरेशन सिन्धु शुरू किया है। इस अवसर पर चटर्जी ने आर्मेनिया और तुर्कमेनिस्तान का विशेष आभार जताते हुए कहा कि इन देशों ने भारतीयों की निर्बाध आवाजाही में अमूल्य सहयोग प्रदान किया है। युद्ध की दहशत के बीच वतन लौटे यात्रियों ने भारत सरकार के प्रबंधों की सराहना की है। ईरान से लौटीं एलिया वतूल ने मीडिया के समक्ष कहा, कि वहाँ हालात अनिश्चितता वाले थे, लेकिन हमें भारत सरकार ने पाँच सितारा स्तर की सुविधा और सतत हौसला दिया है। हमें विश्वास था कि सही-सालामत लौटेंगे—और आज वही हुआ। वहीं मौलाना सैय्यद मोहम्मद सईद ने कहा, कि दूतावास ने तुरंत हमें सेफ जोन में पहुँचाकर राहत प्रदान की और फ्लाइट का इंतजाम किया; हम प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री के शुक्रगुजार हैं। इसके साथ ही चटर्जी ने आगे बताया कि ईरान और इजरायल में रह रहे शेष भारतीयों को दूतावास की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करने को कहा गया है। उन्होंने कहा, सूची पूरी होते ही अतिरिक्त इवैक्यूएशन फ्लाइट्स तैनात की जाएँगी; कई एयरलाइनों से बातचीत चल रही है। जब तक हर इच्छुक भारतीय स्वदेश नहीं लौट जाता, ऑपरेशन सिंधु जारी रहेगा।

### ईरान में 10 हजार से अधिक भारतीय हैं मौजूद

सरकारी आँकड़ों के अनुसार, ईरान में अब भी लगभग 10,765 भारतीय मौजूद हैं, जिनमें छात्र, तीर्थयात्री, कामगार और व्यवसायी शामिल हैं। नौसेना तथा वायुसेना सतर्क निगरानी बनाए हुए हैं; आवश्यकता पड़ने पर समुद्री मार्ग से भी बड़े स्तर पर निकासी अभियान शुरू किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय ने ईरान-इजराइल क्षेत्र में बसे सभी भारतीयों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, स्थानीय अधिकारियों व भारतीय मिशनों के संपर्क में रहें और आधिकारिक दिशानिर्देशों का पालन करें।

## भारतीय धरती पर आतंकी हमला हुआ तो खैर नहीं : राजनाथ

**प्रातः किरण/एजेंसी**

उधमपुर। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारत की धरती पर किसी भी आतंकवादी हमले के लिए पाकिस्तान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। भारत इस खतरे के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने के लिए तैयार है। रक्षामंत्री सिंह ने पाकिस्तान को यह चेतावनी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज यहां उत्तरी कमान के जवानों के संबोधन में दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह संदेश दिया है कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान की हजार कट की नीति सफल नहीं हो सकती। सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी के साथ मौजूद राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। इस ऑपरेशन के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया है कि भारत के खिलाफ जारी आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसका जवाब बद से बदतर होता जाएगा। रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक (सीमा पार) का स्वाभाविक परिणाम था।

उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने के लिए तैयार है। सनद रहे कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने 6 और 7 मई की दरम्यानी रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचों पर हमला किया था। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला था। पहलगाम में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## दैनिक जीवन में योगाभ्यास से कई रोगों से मिल सकती है मुक्ति : कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरभ वार्ष्णेय

# एम्स पटना में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ, इस थीम के साथ मनाया गया

## योग पखवाड़ा के विभिन्न आयोजनों के सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी पालन के अनुरूप, एम्स पटना ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जीवंत उत्साह और सामूहिक भागीदारी के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के के संयुक्त सचिव विजय कुमार सिन्हा; एम्स पटना के डीन (प्रभारी प्रभारी) डॉ. संजय पांडे; चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी प्रभारी) डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा; एम्स पटना में योग केंद्र के प्रोफेसर और प्रमुख (प्रभारी) डॉ. योगेश कुमार और फैकल्टी प्रभारी डॉ. कमलेश झा सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 175 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव विजय कुमार सिन्हा भी शामिल थे, जो इस अवसर पर विशेष अतिथि थे। योग सत्र आयुष मंत्रालय से प्राप्त एसओपी के अनुसार आयोजित किए गए, जिसमें छात्रों, रेजिडेंट डॉक्टरों, संकाय सदस्यों, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासनिक कर्मियों और उनके परिवारों की सक्रिय भागीदारी रही। निर्देशित योग सत्रों में सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) का पालन किया गया, जिसमें समग्र स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण के लिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। शुरूआत में, कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरभ वार्ष्णेय का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। उन्होंने दैनिक जीवन में योगाभ्यास के महत्व और समग्र स्वास्थ्य के साधन के रूप में योग की संभावनाओं पर जोर दिया। अपने उद्घाटन भाषण में, विजय कुमार सिन्हा ने स्वस्थ जीवन और तनाव प्रबंधन में योग के महत्व पर जोर दिया। योग सत्र से पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसके बाद 45 मिनट का निर्देशित योग सत्र चला। कार्यक्रम का समापन योग पखवाड़ा के विभिन्न आयोजनों के सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण का साथ हुआ इस वर्ष के समारोह में ये भी शामिल थे: जीवनशैली विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका पर प्रकाश डालने वाले नर्सिंग छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम पर बच्चों के लिए पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता छात्रों और कर्मचारियों के लिए योग प्रतियोगिता, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा योगिक प्रतीकों और आसनों को दर्शाती रंगोली प्रतियोगिता इस कार्यक्रम ने एम्स पटना के एकीकृत और निवारक स्वास्थ्य सेवा के पथप्रदर्शक बनने और आने वाले वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के संकल्प की पुष्टि की।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के तहत सीबीसी पटना द्वारा वैशाली में योग समारोह सह फोटो प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना/वैशाली। 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 समारोह के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा योगाभ्यास और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार (21 जून 2025) को राजकीय मध्य विद्यालय, माधोपुर गोपालपुर, वैशाली में किया गया। योगाभ्यास एवं योग फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन योगाचार्य सुरेश थापा उर्फ.सुरेश तिवारी, सचिव, औलिया आध्यात्मिक अनुसंधान केंद्र, वैशाली, शैलेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व प्रमुख वैशाली, योगाचार्य केदार पांडेय और सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दो सौ ज्यादा स्कूली छात्र और आम लोगों ने योग का अभ्यास किया। योग दिवस के मौके पर योगाचार्य सुरेश थापा ने अतिथियों एवं आम लोगों को योग के विभिन्न आयाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के फायदे बताएं और कहा कि मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति नहीं, अपितु आत्मा की उन्नति और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना भी है। योग से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति होती है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए योग और प्रकृति - पर्यावरण को साथ लेकर चलना चाहिये, ताकि मानव जीवन में शांति और स्वास्थ्य का संचार हो सकें। वहीं, योगाचार्य केदार पांडेय ने लोगों को योग के विभिन्न आसन का अभ्यास कराया और कहा कि योग एक बहुत ही अच्छा व्यायाम है और इसके कई शारीरिक और मानसिक फायदे हैं। नियमित रूप से योग करने से तनाव कम होता है, शरीर लचीला होता है, और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। शैलेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व प्रमुख वैशाली, ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोकतंत्र की धरती वैशाली में खासकर ग्रामीण परिवेश में इस तरह के आयोजन से ग्रामीणों को भी देश से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मौके पर योग दिवस पर स्कूल परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अतिथियों ने पेड़ लगाये कार्यक्रम का संचालन अमरेंद्र मोहन और धन्यवाद ज्ञापन नवल झा ने किया। इस अवसर पर सीबीसी पटना के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मनीष कुमार, नवल झा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमरेंद्र मोहन, हर्ष सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश्वर, पीआईबी के ज्ञान प्रकाश सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर में योग दिवस की धूम

फतुहा। शनिवार को योग दिवस पर पुरानी चौक स्थित आर्य समाज में योग विशेषज्ञ जयदेव कुमार आर्य के नेतृत्व में योग शिविर लगाया गया। जिसमें सैंकड़ों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर जयदेव कुमार आर्य ने कहा कि सिर्फ योग दिवस पर नहीं प्रतिदिन योग करना चाहिए। करें योग, रहें निरोग। रवींद्र कुमार टोनी, इंद्रावती देवी, प्रमीला कुमारी, प्रमीला देवी, राजेश कुमार सहित सैंकड़ों लोग योग शिविर में शामिल हुए। वहीं हाईस्कूल में आरएसएस और भाजपा कार्यकतार्ओं ने योग दिवस पर योग किया। मौके पर आरएसएस के रामचंद्र प्रसाद, डा०संजय यादव, रितेश कुमार, ई०अनिल कुमार, भाजपा विधानसभा संयोजक विजय वत्स, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, रंजीत प्रसाद, मुकेश कुमार, जितेन्द्र मिस्त्री, पिंकी साहु, शैलेश गुप्ता आदि थे।

### विधवा महिलाएँ, दिव्यांगजन और वृद्धजन को एनडीए सरकार ने दिया बड़ा उपहार-केशरी

फतुहा। बिहार की एनडीए सरकार ने विधवा बहनों, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को जुलाई माह से प्रतिमाह 400 की जगह 1100 की सहायता राशि देने का फैसले का भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने स्वागत करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को बधाई दी है। उन्होंने कहा की सरकार ने हर पंचायत में कन्या विवाह भवन के निर्माण का निर्देश दिया है। वहीं जीविका से जुड़ी बहनों के लिए भी कई अहम फैसले लिए गए हैं, जैसे सभी पदाधिकारियों के वेतन को दोगुना किया जाएगा और सरकार लोन पर लगने वाले ब्याज में भी मदद करेगी।इससे आम लोगों और खासकर महिलाओं को काफी मदद मिलेगी। एनडीए सरकार का यह बहुत अच्छा कदम है।

### दानापुर व खगौल में भाजपा ने किया योगाभ्यास का आयोजन

दानापुरे नगर के अंतर्गत अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा के द्वारा खगौल से लेकर दियारा एवं नगर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न मंडलो में आयोजित योग कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ने किया। गोलारोड में मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं दियारा क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष बिजेन्द्र कुमार खगौल में मंडल अध्यक्ष अमन कुमार गोड़गांवा मंदिर में खगौल नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार ने योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या मे लोग व कार्यकर्ता शामिल हुए। दियारा व छावनी में आयोजित योग कार्यक्रम में भाई सनोज यादव समेत भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बैठक में एसडीओ ने बीएलओ को दिए निर्देश

पटना सिटी (प्राकि)। एसडीओ सत्यम सहाय ने पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेबल अफसर के साथ बैठक की। इस दौरान मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपित करने और संशोधित करने का आवेदन लेने और मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर कमियों को चिह्नित करने का आदेश दिया है। दो चरणों में संपन्न बैठक में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के 346 मतदान केंद्रों पर तैनात बूथ लेबल अफसर उपस्थित थे। एसडीओ ने बताया कि बैठक में अनुपस्थित रहे बूथ लेवल अफसरों से कारणपृच्छा जाएगा।

## कार व बस में टक्कर, कार व बस दोनों हुई क्षतिग्रस्त

प्रात :किरण संवाददाता



दा२नापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत डीआरएम कार्यालय के समीप एक कार व बस में टक्कर हो गई जिससे कार व बस दोनो को क्षति हुई। इस घटना में कार सवार व बस सवार सभी बाल बाल बच गये। घटना देख आस पास के लोग जुट गये। लोगो की भीड़ से थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना के सूचना पर खगौल पुलिस मौके पर पहुंची। लोगो को शांत कराया। पुलिस ने यातायात थाना को सूचित किया। बताया जाता है कि दानापुर की ओर से बस सवारी लेकर जा रही थी। वही खगौल की ओर से एक कार आ रही थी। डीआरएम कार्यालय के निकट दोनो की टक्कर हो गया। जिससे दोनो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। सबसे अधिक नुकसान कार को हुई। कार पर पुलिस का स्टीकर लगा था। इस घटना में दोनो गाड़ी पर सवार बाल बाल बच गये।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-का किया गया आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना/ पटना सिटी। भारत पर्यटन पटना, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो कि 21 जून, 2025 को टी.एफ. सी. हॉल, कंगन घाट गुरुद्वारा, पटना साहिब, पटना, में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित था, जो कि आयुष मंत्रालय ने घोषित किया है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम में भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्रों और पर्यटन हितधारकों ने भाग लिया और अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लाभों पर माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के उत्साहवर्धक भाषण को ऑनलाइन सुना।

इसके बाद गृह राज्य मंत्री भारत सरकार ने योग दिवस पर अपने विचार लोगों के साथ साझा किए एवम् लोगों को योग के महत्त्व के बारे में बताया। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक ने योग सत्र का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसन, योग के लाभ और हमारे दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के महत्व के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के ज्ञान भूषण, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, प्रणव प्रकाश क्षेत्रीय निदेशक पूर्व और श्री अजीत लाल, पर्यटन अधिकारी का काफी योगदान रहा। इस तरह यह कार्यक्रम भारत सरकार की अंगीभूत इकाई आईएचएम हाजीपुर के सहयोग से भारत पर्यटन पटना कार्यालय ने बहुत ही सफलतापूर्वक रूप से आयोजित किया ।

## केंद्रीय मंत्री नित्यानंद ने तख्तश्री पटना साहिब में मत्था टेका




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने शनिवार को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। उनका स्वागत तक्षश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सॉरी अधीक्षक दलजीत सिंह प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल आदि ने किया। इसके बाद वे दरबार साहिब में जाकर मत्था टेका। यहां ग्रंथी की ओर से मंत्री को गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया गया। वहीं गुरु महाराज के पवित्र धरोहरों का दर्शन कराया गया। प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और सदस्य हरपाल सिंह जौहल ने केंद्रीय मंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले गृह राज्यमंत्री कंगन घाट पर स्थित टीएफसी भवन में आयोजित योग शिविर में भी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष व सदस्य के साथ शामिल हुए। यहां उन्होंने योग किया।

## पत्रकार नवीन मिश्र का रांची में हुआ अंतिम संस्कार, शोक का तांता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



विभिन्न अखबारों का प्रतिनिधित्व करने वाले और पटना सिटी के मंगल तलब काली स्थान के पास के रहने वाले वरीय पत्रकार नवीन कुमार मिश्र का अंतिम संस्कार रांची के मुक्तिधाम में हुआ। बड़े भाई पंकज वत्सल ने मुखाग्नि दी। फरवरी में सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद श्री मिश्र ब्रेन हेमरेज के शिकार हो गए थे। दो बार आपरेशन होने के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। रानी बगान (बरियातू, रांची) स्थित उनके आवास से शवयात्रा निकली। प्रेस क्लब पहुंचने पर बड़ी संख्या में पत्रकार मित्रों ने उनके शव पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। श्री मिश्र इन दिनों आउट लुक पत्रिका के झारखंड हेड थे। बिहार के जाने माने पत्रकार रामजी मिश्र मनोहर के तृतीय सुपुत्र नवीन वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्धन मिश्र के छोटे भाई थे। उनके निधन पर बिहार एवं झारखंड के बड़ी संख्या में नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अपने शोक संदेश में कहा कि अनुजवत नवीन का असामयिक निधन पत्रकारिता के लिए गहरी क्षति है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार के पत्रकार घराने से आने वाले नवीन जी का निधन उनकी व्यक्ति क्षति है। बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष महेश कुमार सिंह, एनयूजे के अध्यक्ष राकेश प्रवीर, पटना महानगर भाजपा के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, पूर्व डिप्टी मेयर संतोष कुमार मेहता, भाजपा नेता प्रेम रंजन पटेल, लल्लू शर्मा, कांग्रेस नेता राजकुमार राजन, परवेज अहमद, राकेश कपूर, प्रदीप मेहता, बलराम चौधरी, कमल नयन श्रीवास्तव, अजय सिंह चप्पू, पटना सिटी अधिवक्ता संघ के संरक्षक नवीन कुमार सिंह अध्यक्ष संजय कुमार सिंह सचिव अशोक कुमार अजय साह, सागर उज्जवल सहित बड़ी संख्या में नेताओं ने नवीन मिश्र के निधन पर दुख व्यक्त किया है। पटना सिटी के पत्रकारों में आनंद केसरी रमेश मिश्रा, अमिताभ श्रीवास्तव, अनिल कुमार, अंजनी मिश्र, एआर हाशमी, संजीवन जमुआर, मनोज कुमार, गोविंद पांडेय ने भी श्री नवीन के और सामाजिक निधन पर शोक जताते हुए उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

### बहला-फुसला कर युवती को अगवा का आरोप, एक नामजद

पटना सिटी, दीदारगंज थाना क्षेत्र से कोचिंग के लिए निकली 17 वर्षीय लड़की लापता है। परिजनों ने संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन किए, मगर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद दीदारगंज थाना की पुलिस को आवेदन दिया गया है। पुलिस को बताया है कि कोचिंग के बाद वह घर वापस नहीं लौटी है। परिजनों ने वैशाली जिला के रहने वाले युवक सुमित कुमार के खिलाफ नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर अगवा किए जाने का आरोप लगाया है और उसे नामजद कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मोबाइल नंबर के आधार पर मामले की पड़ताल की जा रही है। फिलहाल उसका मोबाइल बंद मिल रहा है। दूसरी और चोरों ने दीदारगंज थाना क्षेत्र से हाइवा वाहन की चोरी कर ली है। मालसलामी थाना क्षेत्र के रिकाबगंज निवासी विनोद कुमार ने इसकी सूचना दीदारगंज थाना को दी है। बताया गया कि चालक गुरु कुमार हाइवा को पेट्रोल पंप के पास लगाया था। दोबारा वहां पर गया, तब वाहन गायब मिला। फुटेज से पता चला कि चोर हाइवा को लेकर फतुहा की ओर भागा है।

## असाध्य रोग भी एक्युप्रेशर से होता ठीक : डॉ सर्वदेव गुप्त

### दो दिवसीय एक्युप्रेशर वर्कशॉप का हुआ शुभारम्भ

प्रात :किरण संवाददाता




असाध्य रोग, जिसमें जीवन भर चिकित्सा लेने की आवश्यकता पड़ती है, वैसे रोगों की चिकित्सा भी एक्युप्रेशर द्वारा सम्भव है। चाहे वह डायबिटिज, ब्लड प्रेशर, सायटिका, गठिया, लकवा आदि रोग में त्वरित लाभ मिलता है। दर्द से संबंधित रोगों के इलाज के लिए एक्युप्रेशर ईश्वर का वरदान है। उक्त बातें शनिवार को आईएमए हॉल में बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज एवं श्याम अकेडमी, चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय एडवांस प्रैक्टिकल एक्युप्रेशर वर्कशॉप का उद्घाटन करते हुए एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कही। 12 राज्यों से आए एक्युप्रेशर चिकित्सा के दो सौ छात्रों को एक्युप्रेशर चिकित्सा का आधुनिक प्रैक्टिकल ज्ञान देते हुए चिकित्सक सह बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज के सचिव डॉ अजय प्रकाश ने सरवाइकल, स्पौंडिलाइटिस, कमर दर्द, घुटना दर्द आदि रोगों में एक्युप्रेशर बिन्दु, मैग्नेट, टेन्स मशीन का प्रयोग कर तुरंत प्रभाव को दिखया। डॉ अजय प्रकाश ने यह भी बताया कि रोग का डायग्नोसिस प्रथम स्तर पर ही एक्युप्रेशर द्वारा किया जाता है, इस कारण रोग का गंभीर होने से पहले ही उपचार आसानी से हो जाता है। एक्युप्रेशर ही एक ऐसी चिकित्सा है, जिसका प्रयोग रोग होने से पहले ही करके रोगों से बचा जा सकता है। वर्कशॉप में चण्डीगढ़ से आए डॉ उद्यम सिंह राणा ने डायट एवं हर्बल मेडिसिन के प्रभाव को बताते हुए कहा है कि यह हानिरहित होने के साथ संतुलित मात्रा में सेवन से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता ठीक रहती है, व्यक्ति निरोगी रहता है। कार्यक्रम में डॉ शबनम अंसारी, डॉ विकास कुमार पंडित, डॉ नासरिन अंसारी, सर्व प्रकाश, श्रुति कुमारी, जितेन्द्र कुमार, शशि कुमार सिंह, विकास मौड़ीवाल आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## योग मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत करता है : नंदकिशोर यादव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पटना सिटी में भारतीय जनता पार्टी विभिन्न संस्थाओं से लेकर चिकित्सा संस्थान स्कूलों में भी योग का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों में खाता उत्साह देखा गया। पाटलिपुत्र परिषद द्वारा आयोजित रामदेव महतो सामुदायिक परिसर में वैदिक मंत्रों के साथ बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने नारियल के पौधा में जलार्पण कर उद्घाटन किया। उनका साथ महानगर अध्यक्ष रूपनारायण मेहता, परिषद अध्यक्ष डॉ टीपी पगोलवारा एवं महासचिव संजीव कुमार यादव ने दिया। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिविर के माध्यम से हम अधिक से अधिक लोगों तक योग के लाभ पहुंचाना और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूक करना चाहते हैं। पतंजलि योग शिक्षक सत्येंद्र कुमार, सतीश शर्मा, शिक्षिका रेणु दीदी के द्वारा विभिन्न योगासनों और प्राणायाम कराया गया। भाजपा गायघाट मंडल में योग कार्यक्रम गुलजारबाग मैदान परिसर में हुआ। इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती किरण मेहता, बिहार योग संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार, मंडल अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता, नवीन कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिंह, अशोक कुमार मेहता, गुंजन कुमार, हरेन्द्र नाथ, ब्रह्मदेव शर्मा आदि ने भी योग किया। इसमें बिहार योग संघ के योग प्रशिक्षक ने सभी को योग कराया है। चमडोरिया स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में वार्ड 66 की पार्षद कांति देवी की अध्यक्षता और पूर्व पार्षद मनोज कुमार के संचालन में योगाचार्य डॉ कर्ण कुमार की देखरेख में योग शिविर हुआ। इसमें अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता ने योग के महत्व को रेखांकित किया। नालंदा मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, डॉ अमिता सिन्हा, डॉ अजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में योगा का आयोजन हुआ। इसमें डॉ अमित कुमार, डॉ सीमा सिंह, डॉ शान अहमद, डॉ मुकेश कुमार ने योगासन कराया। एनएमसीएच के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ऊपर सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ रश्मि सिंहा, उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन सिन्हा, डॉ पीडी वर्मा, डॉ ओम प्रकाश, डॉ प्रवीण कुमार साहू, डॉ विजाय कुमार, डॉ मोतीलाल दास, डॉ पवन कुमार सिंह, डॉ बीपी जायसवाल, डॉ अनिता कुमारी, डॉ संतोष कुमार, डॉ सतीश कुमार, प्रशासनीय पदाधिकारी डॉ मुकुल कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक पिंकी कुमारी, सहायक प्रशासी पदाधिकारी नागेंद्र सिंह, चितरंजन कुमार गोविंद मिश्रा सहित विभिन्न विभाग के चिकित्सक गण और कर्मचारी मौजूद रहे। श्री गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो डॉ कनक भूषण मिश्र की अध्यक्षता व डॉ नंद कुमार के संचालन में योग किया गया। शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ संजय कुमार श्रीवास्तव शामिल हुए। राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग में प्राचार्या प्रो श्रुति तेतरवे की अध्यक्षता में योग शिविर हुआ। इसमें ऑन लाइन रश्मि रिंकी मैसूर से जुड़ी। प्रो उषा यादव ने स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन डॉ कुमारी निमिषा ने की। चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कॉलेज में प्राचार्या प्रोडॉ पूनम की अध्यक्षता में योग शिविर लगा। इसमें डॉ अंजू जैन ने योग के महत्व बताए। घघा घाट पर सूर्य नारायण मंदिर न्यास की ओर से दिलीप कुमार व शैलेंद्र कुमार सिंह की देखरेख में योग हुआ। गंगा भ्रमण परिवार की ओर से संयोजक ललित अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित शिविर में सीताराम पोद्दार ने योग कराया। अगमकुंआ स्थित आरएमआरआई के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय एवं क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में प्रभारी डॉ रोहित, डॉ अशोक कुमार सिन्हा व क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में उपनिदेशक डा मुमताज अहमद के नेतृत्व में योग हुआ। राजकीय माउंट एवरेस्ट मध्य विद्यालय बहादुरपुर बाजार समिति में योग शिविर में प्रधानाध्यापक किशोर कुमार, आदित्य नाथ ठाकुर, अर्चना कुमारी,विनोद कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अधिकारी क्लब, दानापुर में संपन्न हुआ

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत रेलवे अधिकारी क्लब, दानापुर के प्रागंण में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योग प्रशिक्षक के निर्देशन पर योगाभ्यास किया गया वही इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक दानापुर जयंत कुमार चौधरी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग की महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बहुत महत्वपूर्ण है ' योग हमारी प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है एवं पूरे मानवता के खुशहाल एवं अनुशासित स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए प्रेरित करता है 'समाज के लोग देश के लोग इसका ज्यादा फायदा उठाएँ एवं स्वस्थ रहें; साथ ही साथ उन्होंने कहा कि रेलकर्मी ज्यादा मेहनत करते हैं एवं सघन कार्य करते हैं इस स्थिति में योग से अच्छा कोई खुद को स्वस्थ रखने का साधन नहीं है कार्यक्रम का संचालन अतुल कुमार, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी, दानापुर के द्वारा किया गया।इसके अलावा दानापुर मंडल के अन्य जगहों स्थानों ,विभिन्न स्टेशनों पर भी रेलकर्मियों एवं सिनियर सेकेन्ड्री रेलवे स्कूल,खगौल में शिक्षक एवं बच्चों द्वारा भी योगाभ्यास किया गया।इस अवसर पर शालिनीचौधरी,अध्यक्षा,महिला कल्याणसंगठन दानापुर सहित सदस्याएँ,अधिकारी, रेल कर्मी प्रतिनिधि शामिल हुए।

## 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना का उद्भेदन, एक गिरफ्तार, सामान बरामद



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने चोरी के मामला दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर ही न केवल सामान की बरामदगी की है, बल्कि एक को गिरफ्तार भी किया गया है। यह जानकारी सुलतानगंज थाना परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एएसपी अतुलेश झा ने शनिवार को दी। बताया गया कि आवेदिका नुसरत खातून के द्वारा थाना पर आकर आवेदन देकर सूचित किया गया कि 19 जून की रात उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखा सोने चांदी का जेवर, पीतल का बर्तन एवं एक एलईडी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। इसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपया बताया गया। इस संबंध में कांड दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन तथा आसूचना के आधार पर घटित घटना का तत्काल उद्भेदन किया गया। इसमें घटनास्थल से चोरी गए सभी सामान की बरामदगी दरगाह नीमताल स्थित मकान में रहने वाले किराएदार मोहम्मद शाहिद के कमरे से की गई। साथ ही मोहम्मद शाहिद पिता मो भल्लू को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान एलईडी टीवी, पीतल का टोटीनुमा बर्तन, गिलास, चांदी जैसा तीन जोड़ा पायल, चांदी का एक ब्रेसलेट, चांदी का एक जोड़ी हाथ का पावा, चांदी की 9 अंगूठी, दो टूटा हुआ अंगूठी, सोने जैसी एक अंगूठी, धातु का हाथ पंजा रोल गोल्ड का एक जोड़ा एवं रोड गोल्ड का एक जोड़ा कानबाली बरामद किया गया है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक शहर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार, एसआई संतलाल सिंह, बिट्टू कुमार, एएसआई इमरान आलम, पीटीसी संजय कुमार और सशस्त्र बल शामिल था।

## राजधानी में योग के प्रति दिखा उत्साह

# आमजन से लेकर मंत्रियों ने किया योगाभ्यास

प्रातः किरण संवाददाता





पटना। शनिवार को देशभर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने योग के माध्यम से ह्यकरो योग, रहो निरोगह्न का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापट्टनम में योग करके स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। वहीं बिहार के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के कई मंत्री, नेता और आम लोग शामिल हुए। सभी ने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, मंत्री नितिन नवीन और विजय कुमार चौधरी सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। सभी ने योग के महत्व पर जोर देते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने की सलाह दी। इस साल की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने योग के जरिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में दुनिया ने स्वीकार किया। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्म-नियंत्रण भी सिखाता है। उन्होंने इस साल की थीम ह्यएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य को पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की अपील की थी, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। योग से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक लाभ भी मिलते हैं। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक जीवन में शामिल करने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ स्वस्थ रहने का आग्रह किया। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज दुनियाभर में योग का उत्सव मनाया जा रहा है। योग हमारे जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। योग के प्रति लोगों की जागरूकता पिछले 11 वर्षों में काफी बढ़ी है। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा, योग ने भारतीय संस्कृति को विश्व के हर कोने में पहुंचाया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। योग को जीवन का हिस्सा बनाकर हम अपनी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में लोगों ने योग के महत्व को समझा और इसे अपनाया है। बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा, ह्ययोग भारतीय संस्कृति और परंपरा का अनमोल हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका है।ह्न उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से योग आज वैश्विक स्तर पर पहचान बना चुका है। उन्होंने बिहार और देशवासियों से योग को अपनाकर ह्यस्वस्थ बिहार, स्वस्थ भारतह्न के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

## आयोग में बने सभी सदस्य योग्य, सारी अहर्ताओं को पूरा करते हैं : विजय

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद ने सरकार की ओर से बनाए गए आयोगों में परिवारवाद का आरोप लगाया है। मंत्री विजय चौधरी ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि जितने भी आयोग बने हैं और उनमें जो अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य बने हैं, वे सभी योग्य हैं। आयोगों के पदाधिकारियों के लिए जो अहताएं रखी गई हैं, उन्हें वे पूरा भी करते हैं। पटना में शनिवार को एक प्रेस वार्ता में मंत्री विजय चौधरी ने सरकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि इस फैसले से प्रदेश की लाखों महिलाएं, वृद्धजन और दिव्यांग सरकार को आशीर्वाद दे रहे होंगे। इसकी मांग काफी दिनों से लाभान्वितों कर रहे थे। मुख्यमंत्री पिछले दिनों प्रदेश की यात्रा पर गए थे और कई घोषणाएं की थीं, जिन्हें पूरा किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाने का निर्णय भी इसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लाखों वृद्धजन आज सरकार को आशीर्वाद दे रहे होंगे, इसका सुखद परिणाम भी आने वाले दिनों में दिखेगा। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि यह फैसला भी वे कह सकते हैं कि हमारे ही कारण हुआ है।

पहले भी शिक्षक नियुक्ति को लेकर वे ऐसा लोग बोलते रहे हैं। विपक्ष बदहवास है और आगे अभी और होगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए के मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि आने वाला चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। उन्होंने लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान के एक बयान को भी याद दिलाया कि उन्होंने भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि नीतीश कुमार की जनसेवा के प्रति संवेदनशील सोच का प्रमाण : उमेश



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नीतीश सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत विधवा महिलाओं, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को दी जाने वाली मासिक सहायता राशि को 400 से बढ़ाकर 1100 किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे राज्य के 1 करोड़ 9 लाख से अधिक जरूरतमंद लाभार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया।

श्री कुशवाहा ने कहा कि यह कदम न केवल माननीय मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और संवेदनशील सोच का प्रमाण है, बल्कि सामाजिक न्याय और कल्याणकारी शासन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि वे बोलते नहीं, बल्कि करके दिखाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि यह महज एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को आत्मसम्मान, सामाजिक सुरक्षा और गरिमामय जीवन का अधिकार दिलाने की दिशा में उठाया गया एक निर्णायक एवं दूरगामी कदम है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि काम ही हमारे नेता की पहचान है, जबकि विपक्ष की राजनीति आज भी झूठे वादों और दुष्प्रचार तक ही सीमित रह गई है। साथ ही इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से विधानपार्षद में सत्तारूढ़ के उपनेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी (स्थापना) चंदन कुमार सिंह, वरीय नेता अनिल कुमार एवं परमहंस कुमार शामिल रहे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में बढ़ोत्तरी सराहनीय पहल: मंगल

पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने राज्य सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना की राशि में करीब तीन गुना बढ़ोतरी के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सरकार की सराहनीय पहल बताया है। बिहार में एनडीए की डबल इंजन की सरकार केवल कहने में नहीं, करने में विश्वास रखती है। राज्य के 1.9 करोड़ से अधिक बुजुर्गों दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं की मासिक पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार के करीब 50 लाख बुजुर्ग सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थी हैं। अगले महीने से पेंशन योजना के सभी लाभार्थियों को बढ़े हुए 700 रुपये के साथ कुल 1,100 रुपये मिलेंगे। किसी बिचौलिए के हस्तक्षेप के बिना पेंशन की राशि हर महीने की 10 तारीख को डीबीटी के जरिए सीधे लाभार्थियों के खाते में चली जायेगी। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार में पिछले 20 वर्षों से थोथे वायदे और झांसे की नहीं भरोसे की सरकार है।

# हमारी सरकार बनी तो पेंशन की राशि बढ़ाकर 500 किया जायेगा : तेजस्वी

## कहा- टेंशन मे सरकार ने पेंशन राशि में बढ़ोत्तरी की है

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव एक बार फिर सरकार पर जमकर हमला बोला है। शनिवार को 1 पोलो रोड स्थित अपने आवास में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमने 16 दिसम्बर 2024 को ही वादा किया था और हमारा संकल्प भी है कि हमारी सरकार बनने पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रूपया से बढ़ाकर 1500 रूपया किया जायेगा। जिसमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा और दिव्यांगता पेंशन की राशि 1500 रूपया होगी। कहा कि तेजस्वी आगे-आगे हैं, और राज्य सरकार पीछे-पीछे हैं। बिहार में नकलची सरकार चल रही है इनके पास ना कोई सोच है और ना ही विजन है। सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रूपए किये जाने की घोषणा से ये स्पष्ट हो गया की सरकार तेजस्वी के पीछे चल रही है। हमने पहले ही घोषणा के समय कहा था कि जो हम काम करेंगे उसके पीछे नकल में सरकार के लोग लग जायेंगे। इनका अपना कुछ भी नहीं है। 20 वर्षों में नीतीश की सरकार ने देशभर मे सबसे कम 400 रू सामाजिक सुरक्षा की पेंशन राशि दिया। जबकि हमने पहले ही बिहार सरकार से मांग कि थी की हमने जो भी योजनाएं घोषणा की है, उसे सरकार बजट में शामिल करें, लेकिन सरकार ने नहीं किया। जिस योजना को बजट में शामिल करने की मांग की थी, उसमें माई-बहिन मान योजना के तहत 2500 रू0, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रू से बढ़ाकर 1500 रू और गैस सिलेंडर 500 रू में राज्य सरकार के द्वारा सबसिडी के साथ उपलब्ध कराने के लिए बजट राशि आवंटित करे। लेकिन बिहार में आज नीतीश कुमार ने बिना किसी बजटीय प्रावधान के सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रू से बढ़ाकर 1100 रू किये जाने की घोषणा की है। हमने जब घोषणा किया था तो इन लोगो ने कहा था कि पैसा कहां से आयेगा। लेकिन बिना बजट के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लोग जो सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत आते है इनके लिए बजट में राशि का जब प्रावधान ही नहीं किया गया है, तो कैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि दी जायेगी। जबकि लगभग 767 करोड़ रूपया एक महीने के लिए पेंशन राशि मे अतिरिक्त खर्च होगा।

## सड़क दुर्घटना में मिल रहे मुआवजा के प्रावधान में बदलाव को लेकर चिराग ने लिखा पत्र

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सड़क दुर्घटना में दुर्घटना के दौरान पीड़ितों को मिल रहे मुआवजा के प्रावधान में बदलाव को लेकर हो रही समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए मुआवजा के नियम में संशोधन हेतु पत्र लिखा है श्री चिराग ने पत्र में लिखा है कि मुख्यमंत्री जी इस पत्र के माध्यम से बिहार की आम जनता की एक अत्यंत महत्वपूर्ण समस्या की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। महोदय, हाल ही में राज्य सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना में मुआवजा प्राप्ति की प्रक्रिया में जो संशोधन किए गए हैं, वह व्यवहार में जनता के लिए अत्यंत जटिल एवं कष्टप्रद सिद्ध हो रहे हैं। पूर्व की व्यवस्था के अंतर्गत संबंधित जिले के जिलाधिकारी अथवा अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पीड़ित परिजनों को शीघ्र राहत प्रदान की जाती थी, जिससे संकट की घड़ी में उन्हें आर्थिक संबल मिल जाता था। परंतु अब संशोधित नियमों के अनुसार, मुआवजा राशि परिवहन विभाग द्वारा संबंधित वाहन मालिक या उनकी इंश्योरेंस कंपनी से वसूली जाएगी, और इसके लिए दावा ट्रिब्यूनल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। यह पूरी प्रक्रिया तकनीकी और समय लेने वाली है, जिससे तत्काल राहत मिलना असंभव हो गया है। जिस परिवार पर किसी दुर्घटना की आपदा आती है, वह पहले से ही गहरे मानसिक और आर्थिक संकट में होता है। ऐसे समय में राहत प्रक्रिया को और अधिक जटिल बनाना न केवल अमानवीय प्रतीत होता है, बल्कि यह राज्य सरकार की संवेदनशीलता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। अतएव जनहित को सर्वोपरि रखते हुए, पूर्व व्यवस्था को पुनः लागू करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करें, जिससे पीड़ित परिजनों को तत्काल सहायता सुनिश्चित की जा सके और राज्य सरकार के प्रति जनता का विश्वास बना रहे।

# जदयू की पंचायतवार बूथ कमिटी की बैठक आयोजित

## बैठक में बूथ जीतो - चुनाव जीतो रणनीति पर चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में शनिवार को राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पंचायतवार बूथ कमिटी की प्रथम चरण की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बूथ जीतो - चुनाव जीतो की रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 वर्षों के जन-कल्याणकारी एवं विकासोन्मुख शासन की उपलब्धियों को बुकलेट के माध्यम से प्रत्येक घर तक पहुंचाने पर जोर दिया गया ताकि जनता को तथ्यों पर आधारित सटीक जानकारी मिल सके। साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम, झूठ और दुष्प्रचार का तथ्यपरक जवाब देने, 15 वर्षों के कुशासन की सच्चाई से युवाओं को अवगत कराने, तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर भी गहन चर्चा की गई। इन बैठकों में संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधिगण, प्रदेश कमिटी के सदस्यगण, विधानसभा प्रभारीगण एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने वर्चुअल माध्यम से बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भ्रम फैलाने वाली ताकतों से सतर्क रहना है और जमीनी स्तर से लेकर सोशल मीडिया तक विपक्ष के झूठ को बेनकाब करना है। बूथ जीतो - चुनाव जीतो का संकल्प तभी सफल होगा जब प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर पूरी निष्ठा से सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश के लक्ष्य को साकार करने हेतु हमें संगठित, सजग और समर्पित होकर कार्य करना होगा।

नीतीश सरकार की विकासपरक योजनाओं और जनहितकारी नीतियों की जानकारी हर मतदाता तक पहुँचना जरूरी है, ताकि जनता सच्चाई से परिचित हो सके। बैठक के अवसर पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी (स्थापना) चंदन कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, वरीय नेता अनिल कुमार, परमहंस कुमार एवं मीडिया सेल के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मंडल उपस्थित रहे।

## मरीन ड्राइव पर होगा वेस्ट टू वंडर थीम पार्क का निर्माण : नितिन

### मंत्री बोलों– शहर वासियों के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर से भाजपा विधायक नितिन नवीन ने शनिवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की समाधि स्थल और जेपी गंगा पथ के बीच 10 एकड़ में 15 करोड़ की लागत से बनने वाले वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के लिए मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री का धन्यवाद किया। मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के वेस्ट टू वंडर विजन को ध्यान में रखते हुए नगर विकास विभाग द्वारा एक थीम पार्क का निर्माण किया जा रहा है। यह पार्क स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देगा और वेस्ट टू वेल्थ की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। थीम पार्क के निर्माण के लिए विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। आगे मंत्री ने कहा कि पटना शहर को व्यवस्थित और विकसित करने के लिए एनडीए सरकार लगातार काम कर रही है। इस तरह के थीम पार्क से वातावरण व आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहूलियत होगी। साथ ही निगम इन पार्कों का रखरखाव कर रेवेन्यू मॉडल पर भी काम कर सकेगा। मंत्री श्री नवीन ने बताया कि वेस्ट टू वंडर थीम पर आधारित यह पार्क कचरे से बनाई गई विश्व प्रसिद्ध संरचनाओं को प्रदर्शित करेगी। इससे पर्यटन व पर्यावरण दोनों को मिलेगा बढ़ावा। इस थीम पार्क का निर्माण बुडिको द्वारा किया जायेगा। थीम पार्क के लिए विभाग द्वारा 15 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। इस वेस्ट टू वंडर पार्क में कबाड़ से सुंदर कलाकृतियां बनाई जायेगी। इसके लिए पुरानी ठेलिया, टायर, बोतलें आदि का उपयोग किया जायेगा। 10 एकड़ की भूमि पर इस पार्क का निर्माण किया जायेगा।

## त्योहार से पूर्व स्ट्रीट लाइट की मरम्मती के लिए सभी वार्डों में प्रतिदिन करेंगे भ्रमण

# शहर में स्ट्रीट लाइट की समस्या दूर करने के लिए 30 टीमें रवाना

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पटना नगर निगम द्वारा शहर में स्ट्रीट लाइट की समस्या का निदान करने के लिए 30 विशेष टीमें गठित की गई। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम मुख्यालय मौर्या लोक से वाहनों को रवाना किया गया। गौरतलब है कि मॉनसून के दौरान एवं त्योहार से पूर्व सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट की समस्या को दूर करने के लिए यह टीम कार्य करेगी। प्रत्येक टीम को अलग वार्ड की जिम्मेदारी दी गई है। जो ऑन डिमांड शहर के स्ट्रीट लाइट की मरम्मती करेंगे। मुख्यालय द्वारा शहर के सभी वार्डों में इन्हें प्रनियुक्त भी किया गया है। टीम में इलेक्टीशियन एवं सुपरवाइजर दोनों को शामिल किया गया है। कार्यपालक अभियंता (विद्युत) बबलू कुमार गुप्ता द्वारा द्वारा टीम की मॉनिटरिंग भी कि जायेगी। बता दें कि एक विशेष वाहन भी सभी टीमों को दी गई है जिसमें, लाइट, इलेक्ट्रॉनिट गैजेट सभी तकनीकी सामग्री एवं सिढ़ी भी दी गई है। जिससे कि कहीं भी समस्या होने पर तत्काल उसे रिपेयर किया जा सके।

### सभी अंचल को दी गई है टीमें

प्रत्येक अंचल को टीमें उपलब्ध करवाई गई है। जो वार्डों में किसी भी तरह की स्ट्रीट लाइट की समस्या को तत्काल ही दूर करेंगी। टीम द्वारा सभी वार्डों में भ्रमण कर विशेष रूप में लाइटों का निरीक्षण भी किया जाएगा कि कहीं किसी लाइट में समस्या ना हो।

यह टीम सुबह 9 बजे से ही सभी वार्डों में घुमना शुरू कर देगी। मुख्य सड़कों एवं शिकायतों के लिए भी इसमें अलग से व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी गई है। जिससे आम जन की समस्या को ससमय दूर किया जा सके। पटना नगर निगम द्वारा शहरवासियों से भी अपील की जा रही है कि वह अपने आस पास किसी स्ट्रीट लाइट संबंधित किसी भी तरह की समस्या आए तो तत्काल नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 155304 पर संपर्क करें। समस्या का निराकरण ससमय किया जाएगा।

## हेल्थ इंस्टिच्युट में विद्यार्थियों और चिकित्सकों ने किया योगाभ्यास

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। सभी मनुष्यों को, विशेषकर युवाओं को, भारत की महान खोज योग से अवश्य ही जुड़ना चाहिए। योगाभ्यास मनुष्य को तन और मन से स्वस्थ, सबल और ऊजार्वान कर उसके जीवन को आनन्दप्रद और सबके लिए मंगलकारी बना देता है। यह एक विशुद्ध वैज्ञानिक पद्धति है, किसी अंध-विश्वास का हिस्सा नहीं। यह बातें आरोग्य भारती की प्रांतीय शाखा के सौजन्य से बेऊर पटना स्थित संस्थान इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में, विश्व योग दिवस पर आयोजित योग-कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को रात्रि का हल्का भोजन कर, यथा साध्य शीघ्र सोना चाहिए तथा प्रातः काल सूर्योदय से घंटे भर पूर्व जग कर, शौच आदि से निवृत होकर अवश्य ही प्राणायाम के साथ योगाभ्यास और उसके उपरांत ध्यान करना चाहिए। इतना करने मात्र से जीवन की दशा और दृष्टि दोनों ही बदल जाएगी। वरिष्ठ योगाचार्य पं हृदय नारायण झा ने प्राणायाम और योगाभ्यास की विधियाँ बताकर सामूहिक योगाभ्यास कराया। इसके पूर्व अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि योग का नियमित अभ्यास मनुष्य के आंतरिक आनन्द का विराट द्वार खोलता है।

प्रत्येक व्यक्ति को इसका अभ्यास करना चाहिए। आरंभ में आरोग्य भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डा अशोक कुमार ने अतिथियों एवं योगाचार्य का स्वागत किया। संस्था के प्रांतीय सचिव डा गुरु शरण पाल, डा वी तिवारी, डा अजय शरण, डा केशव कुमार, सच्चिदानन्द तथा अमरेन्द्र कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्थान के संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण अहसास मणिकान्त, डा रूपाली भोवाल, डा नवनीत कुमार, प्रो मधु माला, डा संतोष कुमार सिंह, प्रो चंद्रा आभा, डा आदित्य ओझा, सूबेदार संजय कुमार, कुमार करुणानिधि, विनय कुमार, रवींद्र प्रजापति, बेबी कुमारी आदि बड़ी संख्या में संस्थान के शिक्षक, कर्मी एवं छात्रगण उपस्थित थे।

## पेंशन बढ़ोतरी लोगों की तकलीफ पर चुनावी सौदा है : दीपंकर

पटना। माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि बीस वर्षों की उपेक्षा और चुनावी दबाव में मोदीझनीतीश सरकार ने वृद्धावस्था और विकलांगता पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1100 कर दिया है – यानी महज 13 से 37 प्रतिदिन! क्या यही बुजुर्गों और दिव्यांगों की ज़िंदगी की कीमत है? यह कल्याण नहीं, जनता की तकलीफ का बेशर्म राजनीतिक शोषण है। लेकिन बिहार की जनता अब ठगी नहीं जाएगी। वह जानती है कि इस विफल सरकार ने गरीबों की ज़िंदगी से मुँह मोड़ लिया है।

मोदी-नीतीश सरकार को जवाब देना होगा। बिहार के करीब एक करोड़ परिवार 6,000 मासिक आय से भी कम पर क्यों गुजारा करने को मजबूर हैं? बिहार में योजना कर्मियों को देश में सबसे कम वेतन क्यों मिलता है? न्यूनतम मजदूरी का भुगतान क्यों नहीं होता? और सबसे गरीब परिवारों को 2 लाख सहायता देने का वादा अब तक क्यों अधूरा है? इंडिया गठबंधन बिहार में सच्चे बदलाव के लिए प्रतिबद्ध है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०– 15 ऑफ 2025–26/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–10–डीडीयू–व०मं०इंजी०–।।–25–26, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय मंडल इंजीनियर/।।/डी०डी०यू० के तहत मानपुर– पं० दीन दयाल उपाध्याय सीटीआर(पी)–2.4 ट्रैक कि०मी०, टीआरआर(पी)– 3.5 ट्रैक कि०मी०, टीएसआर(पी)– 9.903 ट्रैक कि०मी०, सीटीआर (एस) – 3.75 ट्रैक कि०मी०, टीबीआर (टर्नआउट) – 23 सेट (1:12 – 08 सेट और 1:8.5 – 15 सेट), टीबीआर – 5.22, टीएफआर – 6.0 ट्रैक कि०मी०, टीटीआर (एफ०एस+सी०एस+सी०एम०एस०सी) – 06 सेट, टीटीआर (डी०एस) 03 सेट। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹36391198.75, **(iii) धरोहर राशि :** ₹332000.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 10.07.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोट**– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/0452/डीडीयू/इंजी०/टी/25–26/40**

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध हथियार एवं मोटरसाइकिल सहित अपराधी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। वाहन चेकिंग के क्रम में पियर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरा स्थित काली मंदिर के पास त्वरित कार्रवाई कर अवैध हथियार एवं मोटरसाईकिल के साथ अपराधकर्मी कुंदन कुमार ,पिता शंकर राय ,ग्राम रतनमनिया को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पियर थाना कांड सं0-92/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरपुर ।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामाजिक संगठन प्रयत्न द्वारा बजरंगबली रनिंग एकडमी बघनगरी के प्रांगण में योगाभ्यास और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रयत्न के संस्थापक प्रभात कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ, सुंदर और सुडौल बनाने के लिए योग का अभ्यास करना अनिवार्य है। स्वर्गीय डॉ. एस. एन. सुब्बाराव के शब्दों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि ्एक घंटा देह को, एक घंटा देश को् की भावना को हमें साकार करना होगा।योग प्रशिक्षक रामयोगी जी ने बड़े आस्था के साथ योग के विभिन्न आयामों को बताते हुए योगाभ्यास कराया। अकादमी के प्रमुख रोहित कुमार, रौशन कुमार उर्फ कर्नर साहब (मास्टर ट्रेनर) रोहित कुमार पंडित ,बजरंगी कुमार शर्मा समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन राहुल कौटिल्य के नेतृत्व में हुआ। प्रयत्न के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक अमित चंद्र चौधरी ने उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद दिया। उक्त अवसर पर मोहम्मद शहाबुद्दीन , राहुल , साहिल, बिक्की, अभिनाश, अमरजीत, निक्की, भारती, सिंदु साक्षी और सौ से अधिक बच्चे बच्चियों और ग्रामीणों ने योगा अभ्यास में भाग लिया।

### बुधामा ओपी प्रभारी ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के बुधामा, खाड़ा, गोढ़यारी से पांच आरोपियों को बुधामा कैंप प्रभारी जीउत राम ने गिरफ्तार किया है। इस बाबत जानकारी देते हुए उदाकिशुनगंज थाना प्रभारी बिनोद कुमार सिंह ने बताया की गुप्त सुचना के आधार पर कुर्की वारंटी सुभाष पासवान को बुधमा से गिरफ्तार किया गया। जबकि तीन शराबी रमेश, पिंटू, एवं सुशील को खाड़ा वार्ड नंबर 5 से ठीक उनके घर के सामने से गिरफ्तार किया गया। इधर कांड में संलिप्त आरोपी को गोढ़यारी वार्ड नम्बर एक से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों पर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया।

### मार पीट की धटना में पांच जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में आपसी विवाद लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में पांच लोग जख्मी हुए। परिजनों के सहयोग से जख्मी को सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने जख्मी की पहचान क्लोजर पंचायत के मुन्नी चौक गांव के स्वर्गीय रामचंद्र साह की पत्नी जागो देवी के रूप में की गई है। वहीं दूसरी ओर रामपुरा गांव की रुबीना खातून, मालीनगर के संतोष कुमार की पत्नी रूबी कुमारी, कल्याणपुर के मोहम्मद जमाल के पुत्र मोहम्मद आशिक ,कुढ़वा गांव के मोहम्मद मुस्लिम अंसारी की पत्नी रुकिना खातून का इलाज जारी है। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने दी। पुलिस ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूरी करने जा रहे मजदूर से किया मार पीट, बाईक क्षतिग्रस्त

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के खरसंड पश्चिमी पंचायत स्थित गोबरसीठठा गांव के स्वर्गीय असर्फी राय के पुत्र पवन कुमार राय अपने घर से बाईक से काम करने जा रहे थे। घर के आगे कुछ दूर पर गांव के ही पप्पू कुमार राय राजू आदि मिलाकर उनके साथ मारपीट करते हुए उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। जेब में रखे 22000 हजार रुपए नगद छीन लिया।पीड़ित ने 112 नंबर पुलिस गाड़ी को फोन की जख्मी अवस्था में पुलिस ने सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया। घटना को लेकर थाना अध्यक्ष को पीड़ित ने आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई।

# आपसी समन्वय से योजनाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर कर कार्य में तेजी लाने तथा ससमय कार्य पूरा करने हेतु प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक विभिन्न विभागों के तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में की गई तथा अधिकारियों को आपसी समन्वय से समस्याओं का समाधान कर लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया।अखाड़ा घाट जीरो माइल सड़क के बारे में अवगत कराया गया कि इस पथ में सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं नाला निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर विभाग में स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेज दिया गया है। पथ प्रमंडल वन के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव स्वीकृत करायें।मानिकपुर -साहेबगंज में भू अर्जन के स्तर पर कार्य चल रहा है। कुल मिलाकर इसमें लगभग 403.38 करोड़ के भुगतान का लक्ष्य है। इस खंड के अंतर्गत 36 मौजा में पंचाट की घोषणा के उपरांत अब तक 263 करोड रुपए का भुगतान भूधारियों को किया जा चुका है। शेष भूधारियों को भुगतान की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।अदलबाड़ी-मानिकपुर एनएच 139६ खंड अंतर्गत 6 मौजा में भूमि अर्जित की गई है। छः मौजा में कुल प्राक्कलित राशि 36.58 करोड़ में से 10.77 करोड़ की राशि का वितरण भूधारियों के बीच कर दिया गया है। कैंप आयोजित कर शेष भू-धारियों के बीच राशि का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मौजावार विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध करायें एवं जल्द से जल्द भुगतान संबंधी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बाढ़ नियंत्रण के कार्यपालक अभियंता को तटबंध के अतिआक्राम्य एवं अतिसंवेदनशील वाले स्थलों का निरीक्षण कर सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही तटबंधों का नियमित निरीक्षण एवं निगरानी करने को कहा ताकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में अचानक कोई समस्या उत्पन्न न हो। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन वन के द्वारा कब्रिस्तान घेराबंदी में 207 प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कब्रिस्तान घेराबंदी योजना में से 162 योजनाएं पूर्ण हो गई है। जबकि मंदिर चारदीवारी निर्माण योजना के तहत स्वीकृत 9 योजनाओं में से 3 योजना पूर्ण है। बैठक में अखाड़ा घाट जीरो माइल सड़क, मीनापुर टेंगराहा पथ, मोतीपुर बरूराज पथ, देवरिया बरूराज पथ , अखाड़ा घाट पुल के समानांतर नये पुल निर्माण, इंडियन वाइल कॉरपोरेशन लिमिटेड, मुजफ्फरपुर सुगौली दोहरीकरण रेल परियोजना, आदि की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने तथा जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पुल निर्माण निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन आदि के अभियंता उपस्थित थे।

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारीयों की समीक्षात्मक बैठक हुई आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला पदाधिकारी, मधुबनी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने पोषाहार का वितरण ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का प्रत्येक माह ऊंचाई और वजन लेकर पंजी में संधारित करने का भी निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जिला अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जहां भी शौचालय एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है उनके लिए संबंधित अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए सभी केंद्रों पर नल जल एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित की जाए। सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को इसका नियमित अनुसरण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वे स्वयं अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और लापरवाही करने वाले पर कार्रवाई होगी। ऐसे में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का समय से खुलना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर टैग किए गए बच्चों का प्रत्येक माह ऊंचाई और वजन लेकर पंजी में संधारित किया जाए। इसके लिए संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अपने अधीनस्थ आंगनवाड़ी कार्यकताओं से इसका अनुपालन सुनिश्चित करवाएं।जिलाधिकारी ने पोषण ट्रेकर पर सभी संबंधित आंकड़ों को समय से अपलोड करने पर बल देते हुए कहा कि सभी महिला पर्यवेक्षक भ्रमणशील रह कर आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए रखें।उक्त बैठक में डा० ललिता कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सहित जिले के सभी प्रखंडों की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मौजूद थी।

## आम के बगीचा में घुसे वृद्ध को आम चोर समझ बगीचे के रखवालों ने वृद्ध के साथ मारपीट किया, वृद्ध की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/बरियारपुर (मुंगेर) आम के बगीचा में घुसे वृद्धि को आम चोर समझ कर बगीचे के रखवालों ने इतना पिटाई किया कि वृद्ध की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। इस घटना को लेकर पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पूरा मामला असरगंज थाना क्षेत्र के सजुआ गांव का है । जहां के निवासी 50 वर्षीय माधुरी यादव, पिता स्व सुखन यादव, खेती करता है। बीती देर रात श्राद्ध का भोज खाने गांव में ही गया था। इस के बाद से घर नहीं लौटा। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि खून से लथ पथ एक वृद्ध का शव पड़ा है । जिसके बाद जब पुलिस ने उसकी शिनाख्त की तो उसकी पहचान माधुरी यादव के रूप में ही हुई पुलिस ने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। मृतक के शरीर पे तेज धार वाले हथियार से कटे का निशान था । किसी से कोई दुश्मनी नहीं था। किसने हत्या की है।इसका पता नहीं चल पाया हैं। चौकीदार के अनुसार देर रात में 112 की टीम को सती स्थान के समीप एक आम के बगीचा का रखवाली करने बाले ने सूचना दिए कि उसके बगीचे में एक व्यक्ति गिरा हुआ है। इस के बाद पुलिस पहुंची ओर उस मृतक को अस्पताल लेकर आई। डॉक्टर ने उसे मिर्च घोषित कर दिया।। वहां जानकारी के अनुसार जब वृद्ध आम के बगीचे से गुजर रहा था तभी बगीचे के रखवालों ने उसे चोर समझ लिया और उसी में उसकी पिटाई कर दी । जिससे उसकी मौत हो गई । इस मामले में असरगंज पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले पूछ ताछ कर रही है । परिजनों ने बताया कि पुलिस के द्वारा सूचना दी है तब वे लोग पहुंचे तो पाया कि वे खून से लथ पथ पड़े है । पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामुहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि योग हमें निरोग रखता है। इससे शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है जिससे हम लगातार ऊजार्वान होकर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा माननीय प्रधानमंत्री के प्रयास से योग दिवस अब पूरे संसार में मनाया जा रहा है। इससे लोगों को योग की ओर प्रवृत्त होने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रतिदिन सुबह में योग का क्लास चलता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो इसमें प्रतिदिन आते हैं लेकिन कुछ लोग आलस्य वश इससे उदासीन हैं। उन्होंने सभी लोगों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। योग गुरु डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि अब एलोपैथी चिकित्सा में भी योग के महत्व को समझा जा रहा है और डाक्टर लोगों से योग करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगो को कम से कम आधा घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए योग करना चाहिए। डॉ जितेंद्र ने उपस्थित लोगों को कई तरह के योग और प्राणायाम करवाये। कुलसचिव डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में जब से कुलपति डॉ पांडेय आये हैं, वे योग को लेकर लोगों से लगातार अपील कर रहे हैं। हम सबको मिलकर योग करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से किया गया था। सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ सतीश कुमार सिंह ने कार्यक्रम के दौरान लोगों का स्वागत किया और डॉ राजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राकेश मणि शर्मा, डॉ शिवपूजन सिंह , डॉ महेश कुमार, ई मनोज कुमार, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित रंजन उपाध्याय के साथ अन्य जजों ने किया योगासन

मुंगेर। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एडीआर भवन मुंगेर में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में योग विश्वविद्यालय मुंगेर के योग प्रशिक्षक शिवम कुमार कारण , कौशल, रंजीत कुमार मिश्रा एवं अमरदीप कुमार के द्वारा योग्य अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित रंजन उपाध्याय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय प्रवाल दत्त विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम श्रीमती रूप्मा कुमारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौधरी विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम नितेश कुमार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी आदित्य गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर दिनेश कुमार अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रीमती आकांक्षा अपर मुख्य न्यायिक दंडा अधिकारी तृतीय रूपेश कुमार अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी चतुर्थ श्रीमती कुमारी विजिया शांति मुंशीफ प्रथम मुंगेर सुश्री कविता अग्रहरि विधिक संघ मुंगेर शशि भूषण प्रसाद सिंह उपस्थित रहे प्रशिक्षकों के द्वारा उपस्थित लोगों को आम जीवन में योग के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया तथा विभिन्न प्रकार के योग का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही यह भी बताया गया कि इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वर्ष 2025 का थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगा फॉर वन अर्थ ओन हेल्थ है इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता गण विधिक स्वयं सेवक व्यवहार न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के कर्मचारी गण के द्वारा भाग लिया गया ।उपस्थित लोगों के द्वारा योग गुरु के अनुसरण में योग किया गया ।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग के साथ मतदान जागरूकता की अनूठी पहल



मधुबनी 11 वीं अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन मधुबनी एवं जिला आयुष समिति मधुबनी के संयुक्त तत्वाधान में जिला खेल भवन में मुकेश रंजन (अपर समाहर्ता मधुबनी),परिमल कुमार (उप निदेशक जन संपर्क विभाग पदाधिकारी मधुबनी, चंदन कुमार झा (एस०डी०ओ० सदर मधुबनी), प्रशांत कुमार (उप निर्वाचन पदाधिकारी मधुबनी), ललन चौधरी (कृषि पदाधिकारी मधुबनी), डॉ० राजेश (पशुपालन पदाधिकारी मधुबनी), शशि शेखहरण (जिला परिवहन पदाधिकारी मधुबनी), डॉ० हरेन्द्र कुमार (सिविल सर्जन मधुबनी), एवं डॉ० प्रेमलता (जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी), मधुबनी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलीत कर विधिवत अंतराष्ट्रीय योग दिवस का उदघाटन किया गया। जिसमे योग प्रशिक्षक के रूप में मिथिला प्राकृतिक चिकित्सा योग सोधसंस्थान के निदेशक डॉ० उमेश कुमार उषाकर मुख्य योग प्रशिक्षक के रूप में एवं बिहार नेचुरो योग सर्विस एसोशिएशन के सदस्य इना देवी पायल कुमारी, सुनीता कुमारी, डॉली कुमारी, डॉ० मो० रमीज, डॉ० सुजीत कुमार, डॉ० आदिल नजीरी, हेमन्त कुमार झा, आदि सहयोगी योग प्रशिक्षक के रूप में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया एवं सभी प्रतिभागीयों को औषधि पौधा का वितरण किया गया एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित सभी प्रतिभागियो ने स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना हेतु निर्भय एवं निश्चित मतदान का शपथ भी लिया। इस कार्यक्रम में योग से जीवन,मतदान से लोकतंत्र,स्वस्थ नागरिक,सजग मतदाता,योग अभ्यास करे,एवं लोकतंत्र मजबूत करे,आदि थीम पर आधारित सेल्फी कार्यक्रम,मतदाता जागरूकता गीत एवं मतदाता जागरूकता शपथ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में युवाओं सहित बड़े बुजुर्गों ने मतदाता जागरूकता सेल्फी सेंटर पर अपने सेल्फी भी लिया।

## 18वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, राजनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

### एक धरती, एक स्वास्थ्य की थीम पर सीमावर्ती क्षेत्रों में गूंजा योग का संदेश



मधुबनी राजनगर 11वां अंतरराष्ट्रीय की भांति 18वीं सीमा बल, राजनगर बाह्य सीमा चौकियों गरिमापूर्ण वातावरण वर्ष योग दिवस की धरती, एक स्वास्थ्य् मुख्यालय के दिशा- इस विशेष अवसर पर का आयोजन किया 21 जून 2025 को योग दिवस पूरे देशभर वाहिनी, सशस्त्र तथा इसकी समस्त पर उत्साहपूर्वक एवं में मनाया गया। इस विषयवस्तु एक के अंतर्गत उच्च निदेर्शों के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास गया।इस अवसर पर कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय के समस्त पदाधिकारी एवं बलकर्मियों सहित सभी सीमावर्ती चौकियों पर तैनात सुरक्षा बलों ने एक साथ योगाभ्यास किया। योग सत्र के दौरान सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत ताड़ासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन तथा प्राणायाम आदि का विधिवत अभ्यास कराया गया। कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह मानसिक संतुलन, आंतरिक शांति और अनुशासित जीवनशैली का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सुरक्षाबलों के लिए योग एक ऐसा सशक्त साधन है, जो उन्हें कठिन परिस्थितियों में भी मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं बलकर्मियों ने संकल्प लिया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएंगे और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, एकरूपता और योग के प्रति समर्पण का अनुपम दृश्य देखने को मिला उक्त अवसर के कुछ प्रमुख छायाचित्र भी आयोजन की भव्यता एवं सहभागिता को दशार्ते हैं, जिन्हें आपके अवलोकन हेतु संलग्न किया गया है।

## 48वीं वाहिनी सीमा चौकियों और मुख्यालय में जवानों, नागरिकों व परिवारजनों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

मधुबनी 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर एवं इसकी के अवसर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे कार्यक्रम का माहौल और कमांडेंट हरि नारायण जाट, अन्य अधिकारी, जवान एवं उनके और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।कमांडेंट हरेंद्र सिंह ने कहा कि और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। सैनिकों के लिए योग आयोजन आगे भी नियमित रूप से किए जाते रहेंगे ताकि जवानों



भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सभी सीमा चौकियों (बीओपी) पर शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस गया।इन कार्यक्रमों में एसएसबी के जवानों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों और संदीक्षा परिवार की महिलाओं भी ऊर्जा से भर गया।वाहिनी मुख्यालय जयनगर में आयोजित मुख्य योग सत्र में कमांडेंट हरेंद्र सिंह, उप-परिजन उपस्थित रहे। प्रातःकालीन योगाभ्यास के दौरान सभी ने एक साथ योग कर तन-मन को शुद्ध करने योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति अनुशासन और दक्षता बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है। वाहिनी की ओर से बताया गया कि इस तरह के और आम नागरिकों को स्वास्थ्य, अनुशासन और समरसता के प्रति जागरूक किया जा सके।

## बिहार सरकार के मंत्री द्वारा 608 वासवहीन परिवारों को दिया गया पर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। प्रेक्षागृह दरभंगा में बिहार सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तत्वाधान में संजय सरावगी मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार,नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार के मंत्री जीवेश कुमार, राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, विधायक बेनीपुर विनय कुमार चौधरी के कर कमलों से वासवहीन परिवारों को काफी संख्या में सदर अनुमंडल के नागरिकों को पर्चा वितरण प्रदान किया गया। मंत्री संजय सरावगी ने संबोधित करते हुए कहा कि दरभंगा जिला सदर अनुमंडल के 608 वासवहीन परिवारों पर्चा प्रदान किया गया है। 22 जून 2022 को बिरोल अनुमंडल के वासविहीन व्यक्तियों को पर्चा वितरण किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य है जो भी सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन लोग हैं,उन सभी को अपनी जमीन ,आवास हो। उन्होंने कहा कि पर्चा के साथ-साथ जमाबंदी भी कायम कर दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पूरे बिहार में 60 हजार दलित,महादलित टोला में डॉ.अंबेडकर समग्र विकास अभियान के तहत भूमिहीन लोगों का आवेदन मुख्यमंत्री के निर्देश पर लिया जा रहा है। आवेदन लेने के उपरांत आवेदन की जांच की जा रही है। पूरे बिहार में पर्चा वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है। आज वासगीत पर्चा लोग काफी खुश थे।उन्होंने कहा कि भूमिहीन परिवार को भूमि मिल गया है, अब वे प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं और योजना का लाभ ले सकते हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार के मंत्री जीवेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि आज 600 से अधिक लोगों का सपना साकार हुआ,पहले भी पर्चा वितरण किया गया है।

## वफ्फ संशोधन को लेकर तीन राज्य के मुस्लिम पटना के गांधी मैदान में 29 जून को गोलबंद होगें

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। वक्फ संशोधन बिल 2025 के विरोध मे तीन राज्यों के अमीर ए शरियत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी के आह्वान पर 29 जून को पटना के गांधी मैदान में गोलबंद होंगे कई राज्यों के मुसलमान, इस मामले मे मुंगेर स्थित खानकाह रहमानी के परिसर मे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर शहर काजी रजी अहमद नदवी ने पत्रकारों को बताया कि अमीर ए शरियत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी के आह्वान पर 29 जून को पटना के गांधी मैदान में ्वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस् का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई राज्यों के लाखों लोगों शिरकत करेंगे और देश की सरकार कि के सामने शांतिपुर और लोकतांत्रिक तरीके से पटना के गांधी मैदान पहुंच कर वक्फ संशोधन बिल 2025 को लेकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से लगभग दस लाख लोगों के पहुंचने कि संभावना है, वहीं मुंगेर से भी लगभग दस हजार लोगों के पटना पहुंचने के लिए बसों कि व्यवस्था की गई है। कुछ लोग छोटी गाड़ियों से भी पटना पहुंचेंगे, उन तमाम लोगों के सारे इंतजाम किए गए है बावजूद इसके लोग अपनी भी व्यवस्था लेकर पटना पहुंचेंगे।

## नगर परिषद आम उप निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने को लेकर जिला पदाधिकारी ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । नगर पालिका आम उप निर्वाचन पंचायत उप निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को समाहरणालय स्थित संवादकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नगर पालिका आम/उप निर्वाचन/पंचायत उप निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने को लेकर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी सहित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत उप चुनाव 2025 को लेकर सभी कोषांगों के नोडल अधिकारी एक्टिव मोड में आ जाएं, ढिलाई से कोई काम न करें और लापरवाह न बनें। निर्वाचन अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य होता है, इस लिए सभी नोडल पदाधिकारी आयोग से प्राप्त पत्रों का अवश्य अवलोकन करें तथा दिए गए निदेर्शों का अक्षरशः पालन करें। अपने अपने कोषांगों का लगातार रिव्यू करें और संबंधित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्क निर्देश दें। उन्होंने कोषांगवार सभी नोडल पदाधिकारियों से कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्मिक कोषांग के पदाधिकारी को कार्मिक डाटाबेस तैयार करने, प्रथम नियुक्ति पत्र के साथ प्रशिक्षण कोषांग को प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित करने के निर्देश दिए। ईवीएम के नोडल पदाधिकारी को ई.वी.एम. का अवलोकन करते हुए कितने बी.यू./सी.यू. प्रयोग में लिए जाएंगे, उसकी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## 21 जून को होती है साल का सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा भारत में 21 जून साल का सबसे बड़ा दिन होता है। सूर्य पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध के लंबवत होता हैं, जिसके कारण सूर्य की किरणें भारत के मध्य से होकर गुजरने वाली कर्क रेखा पर सीधी पड़ती है, जिससे सूर्य की किरणें अन्य दिन के मुकाबले इस दिन ज्यादा समय तक धरती पर रहती हैं। जिसके कारण साल का ये दिन सबसे बड़ा दिन होता है। और इस दिन रात छोटी होती है। पृथ्वी अपने अक्षांश पर साढ़े 23 डिग्री झुकी हुई होती है और इसी अवस्था में सूर्य की परिक्रमा करती है, मतलब सूरज के चारो और घूमती है। सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध तथा दक्षिणी गोलार्द्ध इसके सामने आते हैं। इस कारण दिन और रात का समय घटता और बढ़ता है। आमतौर पर सूर्य की किरणों पृथ्वी पर कम समय तक रह पाती हैं। लेकिन जब उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की ओर पूरी तरह से झुका रहता है। ये करीब 23।44 अक्षांश पर होता है जिसके कारण उस समय सूर्य की किरणें ज्यादा देर तक पृथ्वी पर पड़ती है और दिन लंबा होता है। यह खगोलिय घटना भारत में हर साल 21 जून को होती है इसलिए भारत में 21 जून को साल का सबसे बढ़ा दिन और साल की सबसे छोटी रात होती है। 21 मार्च और 23 सितंबर को दिन और रात बराबर होती है। और 21 से 23 दिसम्बर को दिन छोटा और रात बढ़ी होती है। इस दिन को विंटर सॉल्स्टिस मनाई जाती है। 20 से 23 जून के बीच ्समर सॉल्स्टिस यानि ग्रीष्म संक्रांति मनाई जाती है। जब सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध की ओर होता उस समय यहां दिन बड़े और रात छोटी होती हैं। उत्तरी गोलार्द्ध में रह रहे लोगों के लिए 21 जून को गर्मी की शुरूआत कहा जाता है। लेकिन दक्षिणी गोलार्द्ध में ठीक इसका उलटा होता है। यहां रात बड़ी और दिन छोटे होते हैं। और यहां रह रहे लोगों के लिए ये सर्दी की शुरूआत मानी जाती है। धरती पर साल में ऐसा भी दिन आता है, जब परछाईं एक पल के लिए गायब हो जाती है। जी हां यह घटना 21 जून को होती है। जब सूर्य ठीक कर्क रेखा के ऊपर होता है।

## अवैध खनन को रोकने गए अंचलाधिकारी से हुई अभद्रता

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली बुढी गंडक नदी के मिल्की ढाव में एक ट्रैक्टर ट्रेलर अवैध खनन की जा रही थी। गुप्त सूचना मिलते ही अचलाअधिकारी शशि रंजन कुमार चालक उदय पासवान थाने के थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा दलबल के साथ पहुंचे। अधिकारियों की गाड़ी देखते ही अवैध खनन करने वाले ट्रैक्टर के साथ भागे, अधिकारियों ने उसका पीछा किया। ट्रैक्टर भागने में सफल रहा। सूत्रों के अनुसार वापस लौट रहे अधिकारियों के साथ स्थानीय कुछ लोगों ने सीओ व चालक के साथ अभद्रता की। वही अंचल अधिकारी शशि रंजन कुमार ने बताया कि थाने में आवेदन नहीं दिया गया है वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक इस मामले में खनन विभाग व अंचल पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी के द्वारा भी आवेदन नहीं मिला है। आवेदन आने के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने किया दीदियों का सम्मान, नई घोषणाओं से जगाई उम्मीद

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा बिहार सरकार द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम ने एक नया इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राज्य के सभी जिलों की संकुल स्तरीय संघों की महिला लीडर्स से वर्चुअल संवाद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लाखों ग्रामीण महिलाओं की आकांक्षाओं को समझना और उनके आधार पर सशक्त नीतियां बनाना था। सहरसा जिले के सभी 10 प्रखंडों से संकुल स्तरीय संघ की महिला लीडर्स ने पूरे आत्मविश्वास और गर्व के साथ मुख्यमंत्री के समक्ष अपने क्षेत्र की महिलाओं की समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने महिला संवाद कार्यक्रम के आयोजन के लिए सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंच महिलाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल विचार साझा करने का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं को सशक्त करने का आंदोलन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की आकांक्षाओं को सरकारी नीतियों में शामिल करने की प्रतिबद्धता जताई और इस दौरान कुछ अहम घोषणाएं की। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा में सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 से बढ़ाकर 1100 प्रति माह की जाएगी। जीविका दीदियों को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज दर 12% से घटाकर 7% की जाएगी। सभी जीविका कैडर के मानदेय में वृद्धि की जाएगी, जिससे उनके योगदान को मान्यता मिल सके। दीदी की रसोई योजना का विस्तार सभी सरकारी विभागों तक किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत में कम्युनिटी मैरेज हॉल का निर्माण किया जाएगा। सतत जीविकोपार्जन योजना को विस्तारित करते हुए सभी अति गरीब परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सहरसा जिला प्रशासन और जीविका परिवार ने मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। यह कार्यक्रम अब केवल संवाद तक सीमित नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव का प्रतीक बन चुका है। महिलाओं ने इस कार्यक्रम को अपनी आवाज बुलंद करने का महत्वपूर्ण मंच बताया। ग्रामीण महिलाओं ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी राय दी। यह मंच महिलाओं को जागरूक करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम साबित हुआ है। यह स्पष्ट है कि बिहार सरकार महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला संवाद कार्यक्रम अब नीतिगत बदलाव का आधार बन चुका है। जब दीदी बोलेगी, तो सरकार सुनेगी झ यही है नया बिहार की नई पहचान।

# दोहरे हत्याकांड में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, कहा यह हत्या नहीं नरसंहार है

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !लखीसराय जिले के पिपरिया प्रखंड के वलीपुर पंचायत के मुखिया चंदन सिंह उर्फ डोमू सिंह और वार्ड सदस्य प्रतिनिधि चंदन कुमार की हत्याकांड में मृतकों के परिजनों से मुलाकात करने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव आज वलीपुर गांव पहुंचते हीं बिहार के शासन-प्रशासन पर बड़ा सवाल खड़ा किया है !उन्होंने कहा कि आज की तारीख में नीतीश सरकार का इकबाल खत्म हो गया है !इन दिनों बिहार में अपराध का ग्राफ काफी तेजी से बढा है !प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है !पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि लखीसराय जिले में बालू और शराब माफिया सक्रिय हैं !उन्होंने वलीपुर पंचायत के मुखिया चंदन सिंह और वार्ड पार्षद प्रतिनिधि चंदन कुमार की हत्या को राजनीतिक हत्या करार देते हुए कहा कि यह सिर्फ हत्या नहीं बल्कि नरसंहार है !इस जघन्य घटना में कई राजनीतिक रसूखदार लोग शामिल हैं जिसे वर्तमान सरकार बचाने का काम कर रही है !सांसद पप्पू यादव ने बिहार के डीजीपी विनय कुमार से मांग किया है कि दोहरे हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की जाए और जो भी दोषी हो उन्हें सख्त-से सख्त सजा दी जाए! उन्होंने जोर देकर कहा कि दोहरे हत्याकांड के पीछे सत्ता से जुड़े बड़े-बड़े राजनीतिक लोग शामिल हैं! वैसे पूरे बिहार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं खुलेआम दिनदहाड़े हत्या,बलात्कार -डकैती की जा रही है !सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर तन,मन,धन से सहायता करने का आश्वासन दिया !उन्होंने यह भी कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को इंसाफ नहीं मिल जाता है तब तक वह लड़ते रहेंगे !मौके पर सांसद पप्पू यादव के कट्टर समर्थक व जाने-माने समाजसेवी रंजय कुमार भी मौजूद थे !

# सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत चलाया गया विशेष वाहन जांच, सड़क सुरक्षा को लेकर दिखाई सख्ती



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। जिले के बलवाहाट थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बलवाहाट के प्रभारी थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार के नेतृत्व में एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान न केवल दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट चलने पर रोका गया, बल्कि चार पहिया वाहनों की भी सघन जांच की गई। जांच के दौरान कई वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों और विशेष रूप से बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर चालान भी काटा गया। इस अभियान में ए .एस.आई धर्मेंद्र कुमार, ए.एस.आई, प्रभात कुमार और बासुकीनाथ भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रभारी थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार स्वयं सड़क पर उतरकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते दिखे। थानाध्यक्ष ने कहा, हमारा मकसद चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना है। हेलमेट और ट्रैफिक नियमों का पालन कर ही हम अपनी और दूसरों की जान बचा सकते हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की और इसे एक सराहनीय पहल बताया।

# फिल्मी स्टाइल में चकाई पुलिस ने खदेड़ कर धर दबोचा लूटेरे को, 20 लाख रुपए सहित

जमुई : चकाई पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी तत्परता और साहसिकता का परिचय देते हुए पांच लाख रुपये की लूट के एक मामले में फिल्मी अंदाज में 20 किलोमीटर पीछा कर लुटेरे को धर दबोचा। इस दौरान न सिर्फ लुटेरा पकड़ा गया, बल्कि पीड़ित का पूरा पांच लाख रुपये भी अपाची बाइक सहित बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार उरबा गांव निवासी रोहित राय चकाई स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पांच लाख रुपये निकालकर अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में बाइक की डिक्की से लुटेरे ने पैसे निकाल लिए और भागने लगा। घटना की सूचना मिलते ही चकाई थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लुटेरे का पीछा शुरू किया। लगभग 20 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद, चकाई पुलिस ने झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार, चकाई थाना प्रभारी राकेश कुमार और अवर निरीक्षक कौशल सिंह के नेतृत्व में लुटेरे को धर दबोचा। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लुटेरे से लूटी गई राशि (5 लाख) के साथ-साथ अपाची बाइक भी जब्त कर ली है। वहीं इस साहसिक कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने चकाई पुलिस की जमकर सराहना की। लोगों ने कहा कि चकाई पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

# 20 जून तक 400-बैलेट यूनिट एवं 300 - वीवी पैट का एफएलसी ओके कार्य पूर्ण : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के लिए ईवीएम का प्रथम स्तरीय जांच (एफ एल सी) कार्य प्रगति पर है, मधेपुरा जिला अंतर्गत 13 जून से ईवीएम का प्रथम स्तरीय जांच (एफ एल सी) कार्य संचालित है, जो 22 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। ईवीएम का एफ एल सी एक प्रारंभिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया है, जो प्रत्येक निर्वाचन से पूर्व सुनिश्चित की जाती है ताकि ईवीएम की कार्यशीलता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, मधेपुरा की देखरेख में ईवीएम निमार्ता संस्था इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के 18 अभियंताओं द्वारा किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय जांच (एफ एल सी) का कार्य सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाती है। जहां शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा एफ एल सी कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि 20 जून शुक्रवार को अपराह्न 5 बजे तक 400-बैलेट यूनिट एवं 300 - वी०वी०पैट का एफ एल सी ओके कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि 2- बी यू एवं 03 - वी वी पैट एफ एल सी रिजेक्टेड घोषित किए गए हैं। एफ एल सी ओके एवं रिजेक्टेड मशीनों की जानकारी प्रतिदिन ई एम एस 2.0 पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। एफ एल सी पूर्ण होने के उपरांत रिजेक्टेड मशीनों को प्रमंडल स्तर पर एकत्र कर मरम्मति हेतु ई सी आई एल, हैदराबाद को भेजा जाएगा। मधेपुरा जिला में 2776- बैलेट यूनिट 2228 - कंट्रोल यूनिट एवं 2371 - वी०वी०पैट का एफ एल सी ऋछउ किया जाना है। एफ एल सी के दौरान सही पाई गई ईवीएम की सूची ई एम एस 2.0 पोर्टल से डाउनलोड किया जा रहा है। एफ एल सी प्रारंभ होने से पूर्व दिनांक 23 मई को सभी राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों/सचिवों को एफ एल सी कार्यक्रम की सूचना गई थी तथा उनसे अनुरोध किया गया कि वे स्वयं या अपने प्रतिनिधियों को एफ एल सी में भाग लेने हेतु अधिकृत करें, साथ ही जो दल उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन्हें नियमित रूप से नोटिस भेजा जायेगा। दिनांक 19 जून तक एफ एल सी कार्य में नहीं आने वाले राजनैतिक दलों को इस कार्यालय के पत्रांक - 496 / निर्वा0, 2025 से नोटिस भेजा गया है। भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सीपीआई (एम), सीपीआई (एमएल), राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल (यू०) एवं राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

# शारीरिक मानसिक सेहत को बेहतर बनाता है योग : पूजा कुमारी

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा अध्यापिका पूजा कुमारी कहती हैं कि योग करो स्वस्थ रहोगे योग फायदा पहुंचाएगा। सहरसा भारत स्काउट गाइड के तहत आयोजित शिविर में पूजा कुमारी अध्यापिका को सहायक सह प्रशिक्षु के रूप में बच्चों एवं बुजुर्गों महिलाओं को विभिन्न योगासनों के बारे में विस्तार रूप से बताया, एवं बच्चों को मुख्य भूमिका के आधार पर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया एवं योग दिवस पर योग करके भी दिखाएं, लेकिन पूजा कुमारी ने बताया बहुत कम लोग यह कहते हैं यह कैसे फायदा करेगा। पूजा कुमारी ने कहा मैं अपने अनुभव और शिक्षा के आधार पर अपनी बातें आपसे साझा कर रही हूं योग करने से जो मुख्यतः बदलाव होते हैं उन्हें समझिए।यौगिक क्रियाओं से शरीर की मांसपेशियों नसों एवं जोड़ों में खींचाव उत्पन्न होता है जिससे इन में खून का प्रवाह उच्च स्तर पर होता है इन में मजबूती आती है इनसे तनाव तथा दर्द बाहर निकलते हैं और हम स्वस्थ रहते हैं। कई योग क्रियाएं शरीर के आंतरिक और बाहरी अंगों पर दबाब उत्पन्न करते हैं। जिससे उन अंगों से अशुद्ध खून बाहर निकलता है तथा शुद्ध खून उन तक पहुंचता है और उसमें एक नियत गति आती है जो स्वस्थता प्रदान करती है। शरीर का विभिन्न कोणों से मुड़ना और शरीर में निचोड़ उत्पन्न होना*- इसे हम ऐसे समझते हैं जैसे भीगे के कपड़े को निचोड़ने पर अनावश्यक पानी बाहर आ जाता हैं वैसे ही योगिक क्रियाओं से शरीर को निचोड़ कर अतिरिक्त वसा या फैट अशुद्धियां , तनाव इत्यादि बाहर निकाल सकते हैं। जिससे शरीर निरोग रहता है। यौगिक क्रियाओं का एक मुख्य कार्य यह भी है कि वह शरीर के विभिन्न आंतरिक व बाहरी अंगों तथा शारीरिक उतकों या खून बाहर निकालना तथा वहां शुद्ध खून पहुंचाना साथ ही उन अंगों के ब्लॉकेज को खोलना जो शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के लिए अत्यंत आवश्यक है।ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाना और उसका प्रवाह प्रत्येक अंगों तक पहुंचाना योग से स्वास की लंबाई बढ़ती है फेफड़ा की कार्य क्षमता बढ़ती है जिससे ज्यादा ऑक्सीजन शरीर के अंदर प्रवेश करता है जिससे विभिन्न आंतरिक अंगों की कार्यक्षमता बढ़ती है हार्मोनल ग्रंथियों से हार्मोन का स्राव संतुलित होता है, जिससे उच्च रक्तचाप ,डायबिटीज तनाव, लीवर तथा किडनी की बीमारियों से बचाव होता है। मानसिक कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है।

# 16 सूत्री मांगों को लेकर सगासा संघर्ष समन्वय समिति का सांकेतिक हड़ताल व धरना प्रदर्शन आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा सगासा संघर्ष समन्वय समिति के जिला इकाई द्वारा 16 सूत्री मांगों के समर्थन में अंशकालिक व सांकेतिक हड़ताल के तहत शनिवार को स्टेडियम के समीप धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। संघर्ष समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष हिमांशु कुमार, पर्यवेक्षक गोपाल जी, खुशबू कुमारी, दिवाकर कुमार, लेखा सहायक देवेश कुमार, भोगेंद्र भंडारी ने बताया कि वेतन वृद्धि, सेवा स्थायीकरण एवं विभागीय अनुशंसा के उपरांत कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने, ग्रामीण आवास कर्मियों के स्थायीकरण को आसान करने के लिए संबंधित कानून में संशोधन करने, संविदा कर्मियों की सेवा का नियमित नियमितीकरण करने, ग्रामीण विकास विभाग के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्यरत आवास कर्मियों को प्रत्येक 3 वर्ष पर मानदेय पुनरीक्षण का प्रावधान करने, ग्रामीण आवास कर्मियों की सेवा पुस्तिका का संधारण एवं सेवा शर्त नियम का निर्धारण करने, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में लाने एवं पुरानी पेंशन योजना को लागू करने, सेवा मुक्त संविदा व ग्रामीण आवास कर्मियों को पुनः बहाल करने, नियोजित शिक्षकों की भांति ग्रामीण आवास कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा का लाभ दिए जाने, ग्रामीण आवास कर्मियों के स्थानांतरण नियमावली बनाने, महिला ग्रामीण सेवकों को रात्रि कालीन सेवा पर रोक लगाने, ग्रामीण आवास कर्मियों के साथ अनुचित हस्तक्षेप रोकने, विशेष कार्यों में प्रति नियुक्त करने पर विशेष भत्ता का भुगतान किए जाने, ग्रामीण आवास कर्मियों को सरकारी स्थाई नौकरी हेतु अधिमानता का लाभ दिए जाने, कार्यों का विस्तार करने ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक के नियुक्ति का रिक्त पदों को शीघ्र भरने सहित अन्य मांग शामिल है। उन्होंने बताया कि 20 जून को सभी प्रखंड विकास अधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं जिलाधिकारी सहरसा को ज्ञापन दिया गया है। इस आलोक में सांकेतिक हड़ताल 20 से 22 जून तक किया जाएगा। वही मांगे नहीं माने जाने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रदीप प्रभाकर, संजय राम, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, ध्रुव कुमार, बबन झा, सपना कुमारी, कोमल, लिपि कुमारी, संजू कुमारी, मृणाल कुमार सहित सभी जिला स्तरीय आवास कर्मी मौजूद थे।

# डीएम एवं एसपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि विवाद, विधि व्यवस्था एवं मद्य निषेध को ले की समीक्षा




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु द्वारा संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि विवाद, विधि व्यवस्था एवं मद्य निषेध अभियान की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम सभी अंचलाधिकारी/थाना प्रभारी को थाना/अंचल स्तर पर भू विवाद संबंधित मामलो के समाधान हेतु आयोजित होने वाले बैठक के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों के सम्यक निष्पादन एवं सभी अभिलेखों के समुचित संधारण हेतु निर्देशित किया गया है। उसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को पाक्षिक रूप से आयोजित होने वाले बैठक में अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत भूमि विवाद संबंधित मामलो के निष्पादन की दिशा में की गई कारवाई के विस्तृत समीक्षा का निर्देश दिया गया है। मद्य निषेध अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों में छापा मारी अभियान के क्रियान्वयन में और तेजी लाने, शेष शराब विनष्टीकरण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने, मद्य निषेध अभियान अंतर्गत राज्यसात किए गए वाहनों की नियमानुसार नीाालामी प्रक्रिया अविलंब पूर्ण करने एवं कोरेक्स एवं इस जैसे अन्य हानिकारक हानिकारक नशीले पदार्थ के विरुद्ध की जा रही कारवाई में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में विधि व्यवस्था के समुचित संधारण हेतु यथोचित दिशा निर्देश दिए गए।

# फर्जी फाइनेंस कंपनी बना ग्रुप लोन के नाम पर महिलाओं से की जा रही थी ठगी, 4 शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा शुक्रवार को साइबर डीएसपी ने गुप्त सूचना पर सदर थाना क्षेत्र के चांदनी चौक स्थित होटल से 4 साइबर ठग को गिरफ्तार किया। वही होटल के कमरे की तलाशी लिए जाने पर लैपटॉप, मोबाइल सहित फर्जी कंपनी के लोन दस्तावेज भी बरामद हुए थे। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के चांदनी चौक, रेलवे स्टेशन के निकट स्थित होटल राज मित्रा में कुछ साइबर ठग ठहरे हुए हैं। सूचना के बाद उनके नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक दीपक चंद्र दास, टीओपी - 2, बटराहा प्रभारी सनोज वर्मा और साइबर पुलिस बल के साथ छापामारी की गई। छापामारी में उक्त होटल के कमरा नंबर 102 से चार युवक गिरफ्तार किए गए। होटल के कमरे की तलाशी लिए जाने पर 2 लैपटॉप, 5 मोबाइल, 4 डेबिट कार्ड, 3 सिम कार्ड और उक्त फर्जी फाइनेंस कंपनी जानाश्री माइक्रोफिन लिमिटेड का दो लोन दस्तावेज भी बरामद हुए था। गिरफ्त में लिए गए साइबर ठग से कड़ाई से पूछताछ करने पर ठग मिथिलेश कुमार ने बताया कि उन्होंने और उनके ग्रुप के लोगों ने जानाश्री माइक्रोफिन लिमिटेड नामक फर्जी कंपनी बनाया था। जिसका हेड ऑफिस मुंगेर जिले के जमालपुर में रखा गया था। जिसमें ग्रुप लोन देने के नाम पर महिलाओं को पहले बहला फुसला कर और फिर धोखाधड़ी करते हुए अवैध रूप से ऑनलाइन या नकद रुपए के माध्यम से वसूली की जा रही थी। गिरफ्तार किए गए साइबर ठग में से दो जिले के बिहरा थाना क्षेत्र के खोनहा गांव, वार्ड नंबर - 11 निवासी सुरज शाह के पुत्र मिथलेश कुमार और सुरेंद्र यादव के पुत्र कौशल कुमार थे। वहीं दो साइबर ठग मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के भेलाही गांव, वार्ड नंबर - 5 निवासी रविंद्र यादव का पुत्र प्रवीण कुमार और मुरलीगंज थाना क्षेत्र के ही विष्णुपुर गांव, वार्ड नंबर 12 निवासी रमन यादव के पुत्र अमन कुमार की गिरफ्तारी हुई थी। उनकी गिरफ्तारी को लेकर साइबर थाना कांड संख्या - 29/25 दर्ज की गई थी। गिरफ्तार अपराधी का पुराना आपराधिक इतिहास की जांच किए जाने पर पता चला कि गिरफ्तार अपराधकर्मी और ठग मिथिलेश कुमार के ऊपर वर्ष - 2024 में पटना जिले के जक्कनपुर थाना कांड संख्या 568/24 दर्ज है। गिरफ्तार चारों साइबर ठग को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। वहीं उक्त धंधे में शामिल उनके अन्य सहयोगियों के गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही थी।

# 18 अप्रैल से 20 जून तक चलने वाले महिला संवाद के समापन के बाद की गई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय। राज्य में महिला सशक्तीकरण की झलक फिर से एक बार दिखी । जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला संवाद के दौरान महिलाओं की कई आकांक्षाओं और मांगों को पूरा करने की घोषणा की। जिसमें सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन की राशि चार सौ रुपए से बढ़ाकर ग्यारह सौ रुपये की गई है, स्वयं सहायता समूह द्वारा जीविका दीदियों को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज दर को बारह प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत करने की घोषणा हुई है, जीविका से संबद्ध सभी जीविका कैडर की मानदेय राशि में वृद्धि की जाएगी, दीदी की रसोई को सभी सरकारी विभागों तक विस्तारित किया जाएगा, राज्य के सभी पंचायत में सामुदायिक विवाह भवन का निर्माण होगा, सतत जीविकोपार्जन योजना सभी वर्गों के अति गरीब परिवारों तक किया जाएगा । ये घोषणाएं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में की । इस कार्यक्रम से पूरे राज्य से आई जीविका से संबद्ध संकुल स्तरीय संघ से जुड़ी जीविका दीदियों भी मौजूद थी । गौरतलब है कि इससे पूर्व भी एक कार्यक्रम में जीविका दीदियों की मांग पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में शराबबंदी की घोषणा की थी । पुनः एक बार जीविका दीदियों और गांव की अन्य महिलाओं की आकांक्षाओं एवं मांगों को मुख्यमंत्री जी ने पूरा करने की घोषणा कर राज्य में महिला सशक्तिकरण को एक बड़ा आधार दिया है और यह संदेश भी दिया है कि महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन से ही राज्य का विकास जुड़ा है। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए राज्य में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के आकलन एवं अन्य इच्छाओं , आकांक्षाओं एवं सुविधाओं में विस्तार तथा ग्रामीण महिलाओं से सलाह एवं सुझाव हेतु राज्य सरकार के निर्देश पर ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जीविका द्वारा उसके ग्राम संगठनों ने 18 अप्रैल से 20 जून तक आयोजित किया गया था। महिला संवाद के समापन के बाद उसकी समीक्षा की गई और उपर्युक्त घोषणाएं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने की ।पटना के देशरत्न मार्ग स्थित संवाद में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक को अन्य जिलों में भी जीविका दीदियों ने वर्चुअली देखा और माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा से हर्षित हुई। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने संकुल स्तरीय संघ की लीडर दीदियों से वर्चुअल संवाद भी किया और महिला संवाद के आयोजन को लेकर फीडबैक लिया। महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान आई ग्रामीण महिलाओं और जीविका दीदियों की आकांक्षाओं को समझना और उनके आधार पर ठोस नीतिगत निर्णय लेना था। लखीसराय जिला से भी अनमोल जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला देवी भी पटना में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में शामिल हुई । इसके अलावा जिला समाहरणालय , लखीसराय में भी जीविका से संबद्ध सत्रह संकुल स्तरीय संघ की लीडर ने वर्चुअली संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में शिरकत की और माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा से खुशी जाहिर की और उन्हें धन्यवाद दिया ।

# इंदपे गढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत




प्रात किरण संवाददाता

जमुई जिले के इंदपे गढ़ अवस्थित अंबेडकर छात्रावास के परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आगाज हुआ। जिलाधिकारी श्री नवीन एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपरांत उन्होंने वृक्षारोपण किया। उक्त मौके पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने योगाभ्यास किया। जहाँ योग गुरु पंडित नित्यानंद ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया ।योगाभ्यास के दौरान नागरिकों को स्वास्थ्य जीवन हेतु योग अपनाने पर बल दिया गया। बता दें कि योग गुरु द्वारा लगभग 45 मिनट तक योगा कराया गया ’ वहीं जिलाधिकारी महोदय ने योग की उपयोगिता और होने वाले लाभो को योगाभ्यास के दौरान बताया गया। जिससे योग के प्रति लोगों को जागरूकता उत्पन्न करने और होने वाले लाभो को बताया जा रहा है ।आज हम लोगों ने एक साथ योग किया और बड़ी संख्या में जिले के अधिकारी कर्मचारी सामान्य जनता और महिलाएं पुरुष ने भाग लिया इसी तरह प्रतिदिन अभ्यास जारी रखेंगे और 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उन्होंने लोगों को योग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग को अपनाओ नशा को भुलाओ जैसे शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्होंने जागरूकता फैलाया। अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने सेहत के साथ साथ समाज में नशा से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से लोगों को बताया गया। नशा करने वाले व्यक्ति के साथ इसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। इस अभियान के दौरान लोगों को नशा छुड़ाने के साथ युवाओं को मानसिक

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की लखीसराय में देखी गई धूम

लखीसराय !अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिले में धूम देखी गई !इस अवसर पर लखीसराय के डीएम मिथलेश मिश्र ने अधिकारियों के साथ प्राचीन लाली पहाड़ी तथा एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में तन,मन एवं आत्मा के संतुलन हेतु पुलिस लाइन, लखीसराय के प्रांगण में पुलिसकर्मियों द्वारा ध्यान,आसन, प्राणायाम के विभिन्न मुद्राओं में योग किया गया ! योग दिवस के अवसर पर एसपी अजय कुमार ने समस्त लखीसराय जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग अनुशासन है,एक जीवन पद्धति है ।शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य योग के स्वाभाविक परिणाम हैं ।अतः योग करें,निरोग रहें ।एसपी ने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है ! योग्य के माध्यम से मनुष्य स्वस्थ व ऊजार्वान रह सकता है !उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व घर के लोग योग के माध्यम से अपने आप को हिट और फिट रख रहे हैं !उन्होंने कहा कि योग से मानसिक और शारीरिक संतुलन पूरी तरह से दुरुस्त रहता है !साथ हीं मन को प्रसन्न रखने के लिए योग बेहतर उपाय है !

# पहाड़ों के बीच से गुजरती उम्मीदों की ट्रेन : कश्मीर की रेल क्रांति

जया वर्मा सिन्हा


नई दिल्ली जून के एक खुशगवार दिन, गेंदे के फूलों और राष्ट्रीय गौरव से लदी हुई वंदे भारत एक्सप्रेस ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक अपनी पहली यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा झंडी दिखाए जाने के बाद, यह क्षण एक हाई-स्पीड ट्रेन के शुभारंभ से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण बन गया था। यह एक सदी पुराने सपने की परिणति थी झ जो चट्टानी इरादों, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से बुनी गयी थी। और यह संकल्प था - कश्मीर का शेष भारत के साथ रेल एकीकरण। इस ट्रेन में यात्रा कर रहे लोगों के खुशनुमा चेहरों से यह साफ दृष्टिगोचर हो रहा है। अल्ट्रा आधुनिक यात्रा अनुभव के साथ कश्मीर जाने वाली यह ट्रेन हमारे इंजीनियरों के परिश्रम की ठोस नींव पर आधारित है। यात्रा के समय में कमी लाते हुए, यह हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनें दिन में दो बार, सप्ताह में छह बार दोनों तरफ से चल रही हैं। ये न केवल घाटी में स्थानीय आर्थिक विकास के लिए आवश्यक प्रोत्साहन दे रही हैं, बल्कि देश भर के पर्यटकों के लिए भी वरदान साबित हो रही हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तीन घंटे के कम समय की इस मनमोहक यात्रा ने वास्तव में पर्वतीय कश्मीर को सभी मौसमों में शेष भारत के साथ एकीकृत कर दिया है। सड़क मार्ग से इस यात्रा में छह से सात घंटे लग जाते हैं। दशकों से, कश्मीर की कहानी संघर्ष और दूरी के नजरिये से सुनी जाती रही है। यह देखना अब उत्साहजनक है कि यह इस्पात बुनियादी ढांचे - पुल, सुरंग और पहाड़ों के बीच से गुजरती रेल लाइनों की भाषा में फिर से लिखी जा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 11 साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर, विशेष ट्रेनें और कनेक्टिविटी लिंक कश्मीर में स्थानीय लोगों की नियति बदलने के लिए कमर कसकर तैयार हैं। राष्ट्र की सेवा के अपने 172 साल के इतिहास में, भारतीय रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। रेल से जुड़ी, पुरुषों और महिलाओं की समर्पित पीढ़ियों ने संपर्क और परिवहन को रोजमर्रा की हकीकत बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह एक विख्यात भारतीय विज्ञापन की एक मशहूर पंक्ति को चरितार्थ भी करती है: भारतीय रेल सिर्फ पटरियां नहीं बनाती झ यह राष्ट्रीय एकता का ताना-बाना भी बुनती है। अलगाव से एकीकरण तक ऐतिहासिक रूप से देखें तो कश्मीर को अलगाव केवल रूपक भर नहीं था, बल्कि यह भौगोलिक और कष्टदायी रूप से वास्तविक भी था।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय रेल का राष्ट्रव्यापी भव्य आयोजन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय रेल ने पूरे देश में भव्य और उत्साहपूर्ण योग सत्रों का आयोजन किया। ह्ययोग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थह्ल की भावना को आत्मसात करते हुए यह आयोजन देश के सभी रेल जोन, मंडल, स्टेशनों और रेल परिसरों में हुआ। इस मौके पर रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कर्नाटक के हासन में और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने चंडीगढ़ के सुखना लेक किनारे योग सत्र में हिस्सा लिया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने दिल्ली स्थित करनैल सिंह स्टेडियम में आयोजित योग सत्र में शामिल हुए। इस वर्ष आयोजन की विशेष बात यह रही कि योग न केवल स्टेशनों और कार्यालय परिसरों में हुआ, बल्कि भारतीय रेल की प्रतिष्ठित, ऐतिहासिक और इंजीनियरिंग दृष्टि से अद्वितीय संरचनाओं पर भी संपन्न हुआ। पहली बार जम्मू और कश्मीर के चिनाब नदी पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे रेल आर्च ब्रिज चिनाब ब्रिज पर भी विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जो भारतीय रेल के आत्मविश्वास और आयोजन क्षमता का प्रतीक बना। साथ ही भारत के पहले केबल स्टेड रेल ब्रिज अंजी ब्रिज और तमिलनाडु में बने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेल ब्रिज पांबन पर भी योग सत्र का आयोजन किया गया, जो योग और इंजीनियरिंग की अद्भुत संगति का प्रतीक बना। इसके साथ पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में योग को समर्पित एक विशेष एटव ट्रेन सेवा भी चलाई गई। इस ट्रेन के कोचों पर योग मुद्राओं और उनके लाभों को चित्रित किया गया, जिससे यात्रियों के बीच जागरूकता बढ़ाई जा सके। देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए योग सत्र में रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों, रेल सुरक्षा बल, स्काउट्स एंड गाइड्स, स्कूली छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधि तथा बडी संख्या में नागरिको ने भाग लिया। योग सत्र के इन सत्रों में आसनों के साथ-साथ प्राणायाम, ध्यान और योग के जीवनदायिनी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। भारतीय रेल ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल अपने कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया, बल्कि समाज के व्यापक वर्ग को भी योग के प्रति जागरूक किया।

# योगः अंतः की ब्रह्म यात्रा

लेखक : अवधेश



योग कोई बाह्य क्रिया नहीं, अपितु आत्मा की अपने परमस्वरूप ब्रह्म की ओर लौटने की एक यात्रा है—एक अंतः यात्रा, जो साधक को मन, बुद्धि और अहंकार की परतों को पार कर आत्मा के मूल में स्थित ब्रह्म से जोड़ देती है। यह यात्रा न तो शरीर तक सीमित है, न विचारों तक—यह तो अनुभव का मार्ग है। कठोपनिषद (2.3.10) कहती है— उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत —उठो, जागो और श्रेष्ठ गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करो। यह आह्वान आत्मा को उसके ब्रह्म स्वरूप की ओर जागृत करने का संदेश है, और यही योग का प्रथम चरण है। योगः अर्थ और स्वरूपः योग का शाब्दिक अर्थ है—युज धातु से—जोड़ना। क्या जोड़ना? जीव का ब्रह्म से, चित्त का आत्मा से, और आत्मा का शुद्ध स्वरूप चैतन्य से। श्वेताश्वतर उपनिषद (2.12) कहती है— यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः। तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति (जब मनुष्य आकाश को चमड़े की तरह लपेट लेंगे, तभी बिना ब्रह्मज्ञान के दुःख का अंत होगा—अर्थात असंभव है।) इसका तात्पर्य है—दुःख की समाप्ति योग के बिना नहीं, और योग ब्रह्मज्ञान के बिना अधूरा है। योग और उपनिषदों का एकात्म भावः माण्डूक्य उपनिषद, जो महायोग का उपनिषद कहा जाता है, उसमें कहा गया हैः अयमेव आत्मा चतुष्पात्ह्व (यह आत्मा चार अवस्थाओं से युक्त हैः जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय।) योग की प्रक्रिया इन अवस्थाओं के पार जाकर तुरीय में प्रवेश करना सिखाती है, जहाँ केवल ब्रह्म की अनुभूति होती है। योग की आंतरिक प्रक्रियाः मन से मौन तक प्रश्नोपनिषद (4.1) कहती है—मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः(मन ही बंधन और मोक्ष का कारण है।) योग मन को वश में करने की विद्या है। जब चित्त शांत होता है, तब ब्रह्म की झलक मिलती है। श्वेताश्वतर उपनिषद (2.10) में वर्णित हैः यो योगेन आत्मानं वेत्ति स नित्यं सुखं अश्नुते। (जो योग के द्वारा आत्मा को जानता है, वह शाश्वत सुख का अनुभव करता है।) यह योग केवल आसन या प्राणायाम तक सीमित नहीं, यह तो वह प्रक्रिया है जिसमें अहं गलता है और ब्रह्म प्रकट होता है। योगः गुरु की कृपा से संभवः कठोपनिषद (1.2.23) कहती है नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन। यमेवैष वणुते तेन लभ्यः तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम (यह आत्मा न प्रवचन, न बुद्धि, न अध्ययन से मिलती है; जिसे वह आत्मा स्वयं चुनती है, उसी को मिलती है।) योग साधना में गुरु का मार्गदर्शन ही साधक को अंतः की यात्रा में आगे बढ़ाता है। योग ही ब्रह्म-प्राप्ति का सेतु है। योग का अंतिम उद्देश्य है—आत्मा का ब्रह्म में पूर्ण विलय। यह विलय किसी बाह्य साधन से नहीं, अपितु भीतर उतरकर, मौन की गहराई में जाकर होता है। जब साधक देह से परे, विचार से परे और अहं से परे जाकर अहं ब्रह्मास्मि की स्थिति में स्थित हो जाता है, तभी उसकी योग यात्रा पूर्ण होती है। योग केवल अभ्यास नहीं, अनुभूति है। योग केवल साधन नहीं, साध्यता है। योग केवल बा गति नहीं, ब्रह्म तक की आंतरिक यात्रा है। इसलिए, उपनिषदों की परंपरा में योग को केवल स्वास्थ्य या लचीलेपन की विद्या न समझें, बल्कि उसे आत्मबोध और ब्रह्मबोध का अमूल्य सेतु मानें।

# दिलों को ही नहीं, विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है संगीत

**संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है सद्भाव के माध्यम से उपचार, जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है। संगीत दिवस को फेटे डी ला म्यूजिक के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है संगीत उत्सव।**





ललित गर्ग


(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह ईश्वर का मानव को अनमोल उपहार है। क्योंकि एक सुर, जो जोड़ता है दुनिया को बिना बोले, धुनों से रचता है मनुष्य मन की कहानी। संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है ह्यसद्भाव के माध्यम से उपचारह्ल, जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है। संगीत दिवस को ह्यफेटे डी ला म्यूजिकह्ल के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है ह्यसंगीत उत्सवह्ल। विश्व संगीत दिवस 110 देशों में ही मनाया जाता है जिनमें जर्मनी, इटली, मिस्र, सीरिया, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, कांगो, कैमरून, मॉरीशस, फिजी, कोलम्बिया, चिली, नेपाल, और जापान आदि हैं। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। इस त्यौहार के अलग-अलग देशों में अलग-अलग नाम हैं, उदाहरण के लिए फ्रांस में ह्यला फेते डे ला म्यूजिकह्ल, यूके में ह्यमेक म्यूजिक डेह्ल, इटली में ह्यफेस्टा डेला म्यूजिकाह्ल या पोलैंड में ह्यस्विएटो मुजिकीह्ल। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं। विश्व संगीत दिवस पर सभी प्रकार के संगीत का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फंक, जैज, रॉक, शास्त्रीय, लोक, टेक्नो, ब्लूज आदि शामिल हैं। भारतीय संगीत प्राचीन काल से भारत मे सुना और विकसित होता संगीत है। शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। इस संगीत का प्रारंभ वैदिक काल से भी पूर्व का है। इस संगीत का मूल स्रोत वेदों को माना जाता है। पंडित शारंगदेव कृत ह्यसंगीत रत्नाकरह्ल ग्रंथ मे भारतीय संगीत की परिभाषा ह्यगीतम, वादयम् तथा नृत्यं त्रयम संगीतमुच्यतेह्ल कहा गया है। गायन, वाद्य वादन एवम् नृत्य; तीनों कलाओं का समावेश संगीत शब्द में माना गया है। तीनो स्वतंत्र कला होते हुए भी एक दूसरे की पूरक है। भारतीय संगीत के दो प्रकार प्रचलित है; प्रथम कर्नाटक संगीत, जो दक्षिण भारतीय राज्यों में प्रचलित है और दूसरा हिन्दुस्तानी संगीत शेष भारत में लोकप्रिय है। भारतवर्ष की सारी सभ्यताओं में संगीत का बड़ा महत्व रहा है। धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं में संगीत का प्रचलन प्राचीन काल से रहा है। इस रूप में, संगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा मानी जाती है। वैदिक काल में आध्यात्मिक संगीत को मार्गी तथा लोक संगीत को ह्यदेशीह्ल कहा जाता था। कालांतर में यही शास्त्रीय और लोक संगीत के रूप में दिखता है। भारत में संगीत मुगल बादशाहों की छत्रछाया में और कर्नाटक संगीत दक्षिण के मन्दिरों में सर्वाधिक विकसित हुआ। इसी कारण दक्षिण भारतीय कृतियों में भक्ति रस अधिक मिलता है और हिन्दुस्तानी संगीत में श्रृंगार रस। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। संगीत मनोरंजन का जरिया ही नहीं, बल्कि यह देशों-दुनिया की संस्कृति को भी समझने में मदद करता है। खुशी हो या फिर गम, संगीत दिल को सुकून देता है। कहते हैं संगीत की कोई भाषा नहीं होती, यह सरहदों के पार होता है, दिल से निकलकर दिल तक पहुंचता है। संगीत को प्रेम की भाषा भी कहा जाता है। किसी के दिन की शुरूआत संगीत से होती है तो किसी की रात संगीत पर खत्म हो जाती है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट, मन्दिर की झंकार, हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है। भारतीय संस्कृति में भी विभिन्न वाद्य-यंत्रों एवं उनसे उत्पन्न ध्वनि, राग-रागिनियों का विशिष्ट महत्त्व है। यूं तो सृष्टि के कण-कण में संगीत है फिर चाहे यह बहती हुई नदिया की धारा हो या किनारे से टकराकर लौटती समंदर की प्रचंड लहरें। बहती हुई हवा और उस पर झूमते-लहराते पत्ते भी हृदय के इसी तरंगित साज को अभिव्यक्ति देते प्रतीत होते हैं।

# छोटे बैंकों के डूबने की भी फिक्र करनी जरूरी है

**इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था। भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है जिसे डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) कहा जाता है। यह कंपनी रिजर्व बैंक विनियमित बैंकों में किसी बैंक के पतन की स्थिति में बचतकर्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रति ग्राहक अधिकतम 5 लाख रुपये तक सभी जमा राशियों का बीमा करती है। अब नवीनतम बैंक पतन पर विचार करें। यह एक छोटा बैंक है जिसने बैंकिंग प्रणाली में कुछ सबसे गरीब और कमजोर जमाकर्ताओं को चोट पहुंचाई है। यह देखते हुए कि बैंक छोटा है, इसका नेटवर्क सीमित है**





जगदीश रत्तनानी

लेखक

न्यू इंडिया जैसे सहकारी बैंक का पतन विशेष रूप से दर्दनाक है क्योंकि इसका इतिहास संगठित श्रमिकों से जुड़ा है। इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था। भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है जिसे डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) कहा जाता है। यह कंपनी रिजर्व बैंक विनियमित बैंकों में किसी बैंक के पतन की स्थिति में बचतकर्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रति ग्राहक अधिकतम 5 लाख रुपये तक सभी जमा राशियों का बीमा करती है। अब नवीनतम बैंक पतन पर विचार करें। यह एक छोटा बैंक है जिसने बैंकिंग प्रणाली में कुछ सबसे गरीब और कमजोर जमाकर्ताओं को चोट पहुंचाई है। यह देखते हुए कि बैंक छोटा है, इसका नेटवर्क सीमित है और जमाकर्ताओं का कोई प्रभाव नहीं है इसलिए इसकी कोई चर्चा नहीं है। यह न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक एक शहरी सहकारी बैंक है जिसका मुख्यालय मुंबई में है। यह बैंक 13 फरवरी, 2025 को दीवालिया हो गया। इसके जमाकर्ताओं में ऑटो व टैक्सी ड्राइवर, छोटे बचतकर्ता, सब्जी विक्रेता, छोटे स्टोर के मालिक जैसे लोग शामिल हैं। अब उनके व्यवसाय मंझधार में हैं। यह एक बहु-राज्य अनुसूचित बैंक है जिसकी महाराष्ट्र और गुजरात में करीब 22 शाखाएं और कुल 6,000 जमाकर्ता हैं। बड़ी बैंकिंग प्रणाली का अर्थव्यवस्था में तेजी से प्रभाव बढ़ रहा है पर उसमें इन छोटे जमाकर्ताओं की कोई आवाज नहीं है। छोटे जमाकर्ता बैंक के बाहर कतार में खड़े थे, पुलिस उनको नियंत्रित कर रही थी। इनमें कई वरिष्ठ नागरिक थे। सभी को आश्वासन दिया जा रहा था कि उनका पैसा सुरक्षित है और मई 2025 तक दूसरे खाते में भुगतान किया जाएगा। इनके फॉर्म भरे गए और जमा बीमा के लिए दावों को भेजा गया लेकिन तीन महीने बाद 13 मई 2025 को उन्हें पैसे निकालने से रोक दिया गया। बाद में प्रति जमाकर्ता अधिकतम 25,000 रुपये निकालने की अनुमति दी गई। डीआईसीजीसी की ओर से एक पंक्ति की सूचना आई कि ह्यडीआईसीजीसी ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के जमाकर्ताओं को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होने की तारीख को 90 दिनों की अवधि यानी 12 अगस्त, 2025 तक के लिए बढ़ा दिया हैह्ल सूचना में उन परिस्थितियों के बारे में कोई अन्य संदर्भ, स्पष्टीकरण या विवरण नहीं था जिनके तहत जमाकर्ताओं को तीन और महीनों तक इंतजार करने के लिए कहा गया है। एक तरफ भारतीय बैंकिंग प्रणाली को वित्तीय रूप से अधिक समावेशी कहा जाता है जबकि दूसरी ओर कुछ सबसे गरीब जमाकर्ता अपने जीवन की बचत खोने के अंदेशे में खुद को अंधेरे में पाते हैं जिसे वे समझ नहीं सकते हैं। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने पिछले पखवाड़े ही मुंबई में एक वित्तीय शिखर सम्मेलन में कहा था कि ह्यआरबीआई का वित्तीय समावेशन सूचकांक, जो पूरे देश में वित्तीय समावेशन की सीमा को दशार्ता है, मार्च 2023 में 60.1 से बढ़कर मार्च 2024 में 64.2 हो गया है जो वर्ष-दर-वर्ष 6.82 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। यह एक बड़ी तस्वीर की कहानी है जिसका शीर्षक तो अच्छा है लेकिन जब यह एक छोटे से पतन की छोटी तस्वीर में तब्दील हो जाता है जिसने अपने साथ आम नागरिकों की किस्मत और जीवन भर की कमाई ले ली है, जिसमें लोग जिंदा रहने के लिए संघर्ष करते हैं तो यह एक डरावनी कहानी में बदल जाती है। भले ही हम विकास और समावेश की एक बड़ी तस्वीर की कहानी का जश्न मना रहे हों लेकिन सरकारी कार्रवाई में ढिलाई, जमाकर्ताओं को जमा बीमा के भुगतान करने की अस्पष्ट धीमी गति और विस्तारित समय अवधि व बैंक में आपराधिक जांच के आलोक में उभर रहे भ्रष्टाचार के चौंकाने वाले खाते एक ऐसे भारत की कहानी बताते हैं जिसने अपने संचालन की परियोजना के मूल तत्वों और व्यवहारिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित नहीं किया ताकि आगे बढ़ने से पहले सब कुछ सुनिश्चित किया जा सके। पतन के बारे में उल्लेखनीय बात यह है कि बैंक अप्रत्याशित रूप से पूरी तरह से गायब हो गया है जैसे कि कुछ भी नहीं हुआ है। सिस्टम में सबसे कमजोर लोगों पर लगभग किसी का ध्यान नहीं गया। जिन्होंने बैंक पर रोजमर्रा की सेवा के लिए घरेलू संस्थान के रूप में भरोसा किया उनके लिए यह एक विनाशकारी प्रभाव है। इस मामले में 12,000 पन्नों की चार्जशीट दायर की गई है लेकिन यह अभी भी अपने पैसे का इंतजार कर रहे जमाकर्ताओं को बहुत कम सांत्वना देता है। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी देश छोड़कर भाग गए हैं। न्यू इंडिया जैसे सहकारी बैंक का पतन विशेष रूप से दर्दनाक है क्योंकि इसका इतिहास संगठित श्रमिकों से जुड़ा है। इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था। जब एक टैक्सी ड्राईवर को लाइसेंस-नियंत्रण-राज वाले दिनों में ह्यनियमितह्ल बैंकों द्वारा ऋ ण देने से इनकार कर दिया गया तो फर्नांडिस ने टैक्सी ड्राइवरों को बैंक बनाने के लिए एकजुट किया। बड़े और कट्टर बैंकों ने जिन्हें छोड़ दिया गया था, इस बैंक ने यूनियन श्रमिकों, ऑटो चालकों और छोटे व्यवसायियों का स्वागत किया। नए, उदारीकृत भारत में यूनियनों को लंबे समय से भंग कर दिया गया है या कम से कम वे अपने दांत खो चुके हैं। जिस बैंक की स्थापना श्रमिकों की रीढ़ के रूप में की गई थी उसे अब अंदरूनी लोगों के एक समूह द्वारा लूट लिया गया है। आरोपियों में जॉर्ज फर्नांडिस के सहयोगी संस्थापक रंजीत भानु के परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।

# UPI यूजर्स के लिए 31 जुलाई से बदलेंगे नियम



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

डिजिटल इंडिया की रफ्तार ने देशभर में यूपीआइ (UPI) को पेमेंट का सबसे लोकप्रिय माध्यम बना दिया है। अब लगभग हर स्मार्टफोन यूजर गूगल पे, फोनपे या पेटीएम जैसे ऐप्स का इस्तेमाल करके मिनटों में ट्रांजैक्शन कर लेता है। लेकिन अब यह सुविधा थोड़ी सीमित होने जा रही है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने एक अहम निर्देश जारी किया है, जो 31 जुलाई 2025 से लागू होगा। इसमें यूपीआइ यूजर्स को बैलेंस चेक, ऑटो-पे और ट्रांजैक्शन स्टेटस चेक जैसी सेवाओं के इस्तेमाल पर रोजाना एक सीमा में बांध दिया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि यूपीआइ नेटवर्क पर अत्यधिक लोड से बचा जा सके और सभी यूजर्स को समय पर सेवाएं मिल सकें। अब एक यूजर एक दिन में एक ऐप से अधिकतम 50 बार ही अपना बैंक बैलेंस चेक कर सकेगा। अगर जिन्हें बार-बार बैलेंस देखने की आदत में हैं, तो यह नियम उन के लिए अहम है। ठढउकने कुछ समयावधियों को पीक ऑवर्स घोषित किया है, जिसमें सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 9:30 बजे तक। इन समयों में बैलेंस चेक जैसी गतिविधियों को सीमित या पूरी तरह रोका जाएगा। वढक ऑटो-पे के जरिए जो लोग सब्सक्रिप्शन सेवाएं (जैसे ठीङ्म८७, रक्क आदि) चालू रखते हैं, उन्हें ध्यान देना होगा कि अब यह सेवाएं केवल पीक टाइम के बाहर ही प्रोसेस होगी। अगर किसी पेमेंट का स्टेटस पेंडिंग है या फेल हुआ है, तो अब सिर्फ 2 घंटे में 3 बार ही उसका स्टेटस चेक कर सकेंगे। NPCI ने इन निर्देशों के पीछे का तर्क बहुत हद तक स्पष्ट किया है कि कुछ यूजर्स बार-बार बैलेंस चेक या स्टेटस रिक्वेस्ट भेजते हैं, जिससे सर्वर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और दूसरों के लेन-देन में देरी होती है। पीक ऑवर्स में सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन होता हैं, ऐसे में सिस्टम की स्थिरता बनाए रखना प्राथमिकता होती है। बैंक अब हर ट्रांजैक्शन के बाद बैलेंस अलर्ट भेजेंगी ताकि ग्राहक बार-बार चेक न करें। आंकड़ों की नजर में भारत में रोजाना 40 करोड़ से ज्यादा यूपीआइ ट्रांजैक्शन होता हैं। ठढउक के अनुसार, करीब 18% ट्रांजैक्शन केवल बैलेंस चेक और स्टेटस रिक्वेस्ट से संबंधित होता हैं। वर्ष 2024 में वढक ट्रांजैक्शन की कुल राशि 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक रही है। इन आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि नेटवर्क पर लोड कितना होता है और NPCI को यह फैसला क्यों लेना पड़ा। NPCI के निदेर्शानुसार, सभी यूपीआइ ऐप्स को अपने सिस्टम में बदलाव करने होंगे कि प्रति यूजर प्रतिदिन बैलेंस चेक सीमा निर्धारित करना। पीक ऑवर्स में बैलेंस चेक और ऑटो-पे रिक्वेस्ट को फिल्टर करना और हर ट्रांजैक्शन के बाद ग्राहकों को स्वतः बैलेंस अलर्ट भेजना। इन परिवर्तनों के लिए ऐप कंपनियों को अपने सर्वर और ऐप डिजाइन में बड़े बदलाव करने होंगे। यदि ग्राहक हर ट्रांजैक्शन के बाद बैलेंस चेक करते हैं, तो अब ग्राहक को इस आदत को बदलना होगा। अपने SIP, OTT सब्सक्रिप्शन आदि के डेबिट टाइम को नॉन-पीक ऑवर्स में सेट करना होगा ताकि फेल न हों। यदि कोई ट्रांजैक्शन पेंडिंग है, तो जल्दबाजी में बार-बार स्टेटस देखने से बचना होगा, नहीं तो तीन बार की लिमिट के बाद सिस्टम ब्लॉक कर सकता है। NPCI ने बैंकों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक लेनदेन के बाद ग्राहकों को रटर या ऐप नोटिफिकेशन के माध्यम से बैलेंस की जानकारी दें। यूपीआइ रिक्वेस्ट की संख्या और स्पीड को नियंत्रित करें और पीक समय में अप्राथमिक सेवाओं (जैसे बैलेंस चेक) को प्रोसेस न करें। यह बदलाव ग्राहकों की सुविधा के लिए है, लेकिन इसे सही ढंग से लागू करने की जिम्मेदारी बैंकों पर ही है। दुनिया के अन्य डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म जैसे शेल्लेङ्क (USA), आदि में भी बैकएंड लिमिट्स होता हैं, लेकिन वे यूजर पर सीधे लागू नहीं होता है। भारत में वढक का इस्तेमाल जिस बड़े पैमाने पर हो रहा है, वह दुनिया में कहीं नहीं है। इसलिए ठढउकको यूजर लेवल पर लिमिट लगाने की जरूरत पड़ी है। यदि कोई व्यक्ति तीन ऐप यूज करता हैं, तो वह कुल 150 बार बैलेंस देख सकता हैं। यानि एक ऐप यूज करने पर 50 बार बैलेंस देख सकता है। यह सभी यूपीआइ यूजर्स पर लागू होगा। लेकिन व्यापारिक अकाउंट्स के लिए अलग से गाइडलाइंस आ सकता हैं। इसके अतिरिक्त बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग या अळट के माध्यम से बैलेंस देखा जा सकता है। 31 जुलाई 2025 से लागू होने वाले यूपीआइ नियम निश्चित रूप से शुरूआत में कुछ लोगों को असुविधा दे सकता हैं, लेकिन इसका उद्देश्य संपूर्ण डिजिटल पेमेंट सिस्टम को स्थिर और निर्बाध बनाए रखना है। ग्राहकों को अपनी आदतों में थोड़ा बदलाव लाकर इस व्यवस्था में सामंजस्य बैठाना होगा। ठढउक का यह प्रयास डिजिटल इंडिया की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यदि हम तकनीकी सुधारों को समझदारी से अपनाएं, तो ये सीमाएं नहीं बल्कि एक बेहतर अनुभव की दिशा में प्रगति होगी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 22 जून, 2025



# अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नियमित योग करने का लिया संकल्प

● स्वस्थ शरीर के लिए करें योग विधायक रश्मि वर्मा

● कई प्रकार की बीमारियों से शरीर की रक्षा करता है योग : डीएस डॉ ए के तिवारी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया, जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल के कमलनाथ तिवारी अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ ए के तिवारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्वस्थ्य जीवन हेतु योग करना बहुत महत्वपूर्ण है इससे तन के साथ मन, भी प्रफफुल्लित रहता है। मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों ने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प भी लिया। उन्होंने बताया की योग एक ऐसा जरिया है, जिसे तमाम तरह की बीमारियों को शरीर से दूर रखा जा सकता है पर, इसके लिए जरूरी है कि नियमित अभ्यास किया जाए। नरकटियागंज अनुमण्डलीय अस्पताल में विधायक रश्मि वर्मा, एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों ने मिलकर अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा कर ह्रस्वस्थ शरीर के लिए करें योगाह्व का संदेश दिया। उन्होंने बताया की हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, जो अपने अभ्यासकताओं के शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग अभ्यास के कई लाभों के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है ताकि लोग स्वस्थ जीवन को जी सकें।विधायक रश्मि वर्मा ने कहा की राज्य सरकार की बहुत ही अच्छी पहल है कि अब ग्रामीण क्षेत्र में ही लोगों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर चिकित्सकीय सुविधा का लाभ मिले,जनसमुदाय को इसका पूरा लाभ मिले इसपर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा की एचडब्लूसी में सीएचओ, एएनएम व आशा अधिक से अधिक लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से जोड़े।ताकि जनसमुदाय को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 14 प्रकार की जाँच होगी, वहीं 100 से ज्यादा तरह की दवाएं निःशुल्क उपलब्ध हो। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा की एचडब्लू सी पर समय समय पर शुगर, बीपी, कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव के तरीके लोगों को बताए जाते है।मौके पर योगा के दौरान कई लोग उपस्थित थें।

## भारत विकास परिषद एवं आइसीपी के संयुक्त तत्वावधान योग शिविर का आयोजन

रक्सौल। एकादश विश्व योग दिवस पर भारत विकास परिषद एवं एकीकृत जाँच चौकी के संयुक्त तत्वावधान में आइसीपी परिसर में योग शिविर लगाया गया। इस शिविर में आइसीपी के सभी आला अधिकारी, इमिग्रेशन पदाधिकारी, आईसीपी कर्मी, भारत विकास परिषद के सभी सदस्य एवं नगर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में नगर के नागरिक इस योग शिविर में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आईसीपी प्रबंधक प्रवीण कुमार, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह, वित्त सचिव सीताराम गोयल, महिला एवं बाल विकास संयोजिका बी.दास, शिक्षिका अंजली राजपाल के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात वन्दे मातरम् का गायन हुआ। इस मौके पर अपने उद्बबोधन में आइसीपी प्रबंधक प्रवीण कुमार ने कहा कि योग मनुष्य के शरीर मन और आत्मा को उर्जा ताकत और सौन्दर्य प्रदान करता है। योग आध्यात्म है, अनुशासन है, विज्ञान है। मन, मस्तिष्क और शरीर का सामंजस्य है, योग की जड़ें हमारी प्राचीन परंपरा और संस्कृति में हैं और आज केवल हम भारतीय इस बात को नहीं मानते, बल्कि पूरी दुनिया मानती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग के महत्व को न केवल देश ने बल्कि पूरी दुनिया ने स्वीकारा है।

## बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा योग शिविर का हुआ आयोजन

रक्सौल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संगठन जिला रक्सौल भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ योग का संचालन जिला मंत्री मीरा कुशवाहा के द्वारा किया गया। योग कार्यक्रम में ज्योतिराज गुप्ता द्वारा बताया गया कि आत्मा से जुड़ने के लिए योग दर्शन बहुत ही जरूरी है। शरीर और आत्मा के लिए तोहफा है योग। योग शरीर, मन और आत्मा को एक चित्त करने का प्रभावशाली माध्यम है, जिससे शरीर के साथ मस्तिष्क भी स्वस्थ होता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग को पूरी दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाने का काम किया है। इसलिए उनको बहुत बहुत धन्यवाद है, आभार है। यह विश्व को भारत द्वारा दी गई, अमूल्य धरोहर है जिसको सभी ने मिलकर बचाकर रखना है। योग संचालन कर्ता मीरा कुशवाहा ने कहा रोगमुक्त जीवन जीने की चाहत हो तो नियमित योग करने की आदत डालनी चाहिए। उपाध्यक्ष रेणु गुप्ता ने कहा स्वयं को बदलना ही जग बदलना है। जिला उपाध्यक्ष अनुराधा शर्मा ने कहा योग धर्म नहीं विज्ञान है, इसे शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का प्रयास करता है। महामंत्री पूनम देवी ने कहा कि सुबह हो या शाम रोज कीजिए योग, कभी न आएगा रोग। इस अवसर पर प्रिया गुप्ता, संगीता मिश्रा, मीतू गुप्ता, कविता कुशवाहा, अमृता शर्मा, आशा देवी, अंशु देवी, पार्वती तिवारी, नीता कुमारी, रीता देवी के साथ भारी संख्या में महिलाएँ सम्मिलित रही।

## 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर निजी एवं सरकारी संस्थानों के छात्रों ने की योगाभ्यास

आदापुर। नकरदेई थाना क्षेत्र के कटकेनवा चौक पर स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में शनिवार को आरोग्य भारती रक्सौल के सौजन्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जश्न एक बहुत ही उत्साहपूर्ण आयोजन था, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की और विभिन्न प्राणायामों और आसनों का अभ्यास किया नेतृत्व शिक्षक कुणाल कुमार ने की। बता दें कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्ययोगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थह्व है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करती है। बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक शिव शंकर गिरि ने बताया कि इस वर्ष 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जिसका थीम एक महत्वपूर्ण सत्य को प्रतिबिम्बित करता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और ग्रहीय स्वास्थ्य अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। उधर भवानीपुर पंचायत अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सोनारटोला चैनपुर के बच्चों ने प्रधान शिक्षक उमेशचंद्र सहनी के मार्गदर्शन में योग के विभिन्न आयामों पर अभ्यास किया। मौके पर अरमान अली, रंजन कुमार, इरफान अली, अभिषेक कुमार, विवेक राज, इदुल रहमान, आकाश कुमार, ज्ञानबाबू ठाकुर, अर्जुन कुमार, रवि कुमार, राजलक्ष्मी कुमारी, रागिनी कुमारी, श्याम बिहारी कुशवाहा, इरशाद आलम सज्जन कुमार,सनम कुमार, अजीत कुमार,प्रीति कुमारी, निधि कुमारी, विनीत कुमारी, निमार्ला कुमारी, जिसु कुमारी,शिवानी कुमारी,चांदनी कुमारी, निपु कुमार,कुन्दन कुमार, आकाश कुमार,शिवम कुमार,आनंद कुमार,कृपा कुमारी,नेहा कुमारी,सृष्टि कुमारी, सुरुचि कुमारी,काजल कुमारी, छोटी कुमारी,अनुष्का कुमारी, ज्योति कुमारी आदि सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया।

## विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा छपरा में योग जागरूकता शिविर का हुआ है आयोजन



छपरा कार्यालय। स्थानीय मां कामाख्या मंदिर दर्शन नगर सलेमपुर पोखरा परिसर में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा छपरा के द्वारा योग कार्यक्रम हुआ संपन्न। योग गुरु सुनील त्यागी ने दर्जनों लोगों को योग अभ्यास कराया। आए हुए अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत केंद्र के संयोजक विश्व मोहन जी ने किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता एवं अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने योग गुरु सुनील त्यागी को अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्र के संरक्षक अरुण पुरोहित ने योग के फायदे बताएं कहां नित्य योग करें रहे निरोग। सभी लोगों ने सर्वसम्मति से प्रत्येक रविवार को प्रातः 6:30 बजे से योग प्रशिक्षण शिविर चलाने का निर्णय लिया योगाभ्यास में अरुण पुरोहित,सुरेश चौबे ,राजीव रंजन शर्मा, मनोजश्रीवास्तव ,योगेश्वर मिश्रा अजय कुमार, चंद्र मोहन प्रसाद स्वामीनाथ प्रेम कुमार राजेश डाबर, भोला प्रसाद विशाल कुमार सम्मिलित हुए।

## क्लब की सदस्यों ने किया योगाभ्यास



छपरा कार्यालय। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने क्लब के सदस्यों के साथ एक अनुभवी योग शिक्षक रोहित कुमार के मार्गदर्शन में एक ऊर्जावान योग सत्र में भाग लिया। इस सत्र का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था और इसमें सभी सदस्यों को अपने स्वास्थ्य में सुधार करने और योग के विभिन्न लाभों का अनुभव करने में सफलतापूर्वक मदद की। योग शिक्षक रोहित कुमार ने विभिन्न आसनों, प्राणायामों और ध्यान तकनीकों के माध्यम से सदस्यों का मार्गदर्शन किया, जिससे सभी को शांति, लचीलापन और संतुलन का अनुभव हुआ। सत्र के अंत में, सभी सदस्य ताजगी और स्फूर्ति से भरपूर महसूस कर रहे थे। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी और सदस्यों ने योग शिक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी योग व स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को आयोजित करने की इच्छा जताई। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष अनु जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अनीता राज, सुषमा गुप्ता, तनु जायसवाल, उपाध्यक्ष अंजू फैशन, कोषाध्यक्ष रिंकी सिन्हा मौजूद थी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पे भारत स्काउट और गाइड ने किया योग



छपरा कार्यालय। सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल,छपरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ किया गया।बिहार राज्य के 32 जिले के स्काउट और गाइड ने एक साथ योग किए।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी सारण,उप विकास आयुक्त उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। योग दिवस के इस कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों को योग की महत्ता के विषय में बताया गया। जिला पदाधिकारी सारण ने अपने प्रेरणादायक भाषण में योग को नियमित जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता को भी बढ़ाता है। राज्य स्तरीय योगा उत्सव में उप विकास आयुक्त यतेंद्र पाल ने कहा की योग वातावरण में एक अनुशासित एवं सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार करता हैं। भारत स्काउट और गाइड ने मिलकर विभिन्न योगासन प्रस्तुत किए जैसे सूर्य नमस्कार ताड़ासन, वृक्षासन , वज्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, और प्राणायाम। सभी ने इन आसनों को बड़े ही अनुशासित और समर्पित भाव से किया। राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य सभी को योग के प्रति जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० हरेंद्र सिंह ने किया।मौके पे जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) अमन राज,अजय कुमार,दिलीप सिंह, मृत्युंजय कुमार,अकीलु राजा,अरविंद कुमार शर्मा,नवनीश कुमार,बंदना कुमारी,कंचन चौधरी सहित सभी जिले के पदाधिकारी एवम स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टेन महजुड रहे।

## क्लब की सदस्यों ने किया योगाभ्यास

छपरा कार्यालय। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने क्लब के सदस्यों के साथ एक अनुभवी योग शिक्षक रोहित कुमार के मार्गदर्शन में एक ऊर्जावान योग सत्र में भाग लिया। इस सत्र का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था और इसमें सभी सदस्यों को अपने स्वास्थ्य में सुधार करने और योग के विभिन्न लाभों का अनुभव करने में सफलतापूर्वक मदद की। योग शिक्षक रोहित कुमार ने विभिन्न आसनों, प्राणायामों और ध्यान तकनीकों के माध्यम से सदस्यों का मार्गदर्शन किया, जिससे सभी को शांति, लचीलापन और संतुलन का अनुभव हुआ। सत्र के अंत में, सभी सदस्य ताजगी और स्फूर्ति से भरपूर महसूस कर रहे थे। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी और सदस्यों ने योग शिक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी योग व स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को आयोजित करने की इच्छा जताई।

## योग आत्मिक संतुलन, मानसिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता के लिए आवश्यक : प्रमेन्द्र

छपरा कार्यालय।शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गंगा सिंह महाविद्यालय छपरा के एनएसएस यूनिट 1 की ओर से महाविद्यालय परिसर में योग संगम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक डॉ प्रहृष्ठ सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को योग के विभिन्न आसनों की जानकारी देते हुए उसकी महत्ता बतलाई। योग संगम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रमेन्द्र रंजन सिंह ने कहा कि हमारा देश सांस्कृतिक विविधताओं का प्रदेश रहा है। सभी धर्मों का चिंतन एवं दर्शन तथा जीवन-पद्धति एवं आचार-व्यवहार अपनी-अपनी विशिष्टताओं के साथ हमारे बीच मौजूद है। योग एक ऐसी साधनात्मक पद्धति है, जिसे शारीरिक एवं मानसिक शुचिता तथा आध्यात्मिक शांति के लिए लाभकारी माना गया है। प्राचार्य ने कहा कि हमारा प्रदेश तो प्राचीन काल से ही ज्ञान व अध्यात्म की भूमि रही है। यह गौरव का विषय है कि मुंगेर का बिहार योग विद्यालय विश्व का पहला योग विश्वविद्यालय रहा है। योग तो हमारे जीवन और चिंतन में समाहित है।

## 6वीं बटालियन भारत तिब्बत पुलिस बल ने मनाया 11 वॉ अन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस

छपरा सदर। शनिवार को 6वीं वाहिनी, कोठेया जलालपुर में शशिचन्द्र झा, सेनानी के निर्देशन में 11 वें अन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान शैलेष कुमार उपाध्याय, द्वितीय कमान की उपस्थिति में वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित 03 अधिकारियों, 42 अधीनस्थ अधिकारियों, 135 अन्य कर्मियों सहित, 38 महिलाओं एवं 35 बच्चों ने भाग लिया। योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षक द्वारा सूक्ष्म-स्थूल व्यायाम के साथ-साथ आसन, प्राणायाम, शोधन क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। योग के इतिहास के बारे में समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराने के साथ-साथ योगाभ्यास भी कराया गया। योग का दैनिक जीवन में महत्व के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। योग न सिर्फ एक शारीरिक अभ्यास है बल्कि योग के द्वारा हम अपनी आत्मा को परमात्मा से जोडने का प्रयास करते है। वर्तमान में जीवन शैली को देखते हुए और समय के अभाव को देखते हुए आज का मानव जीवन बहुत ही व्यस्त तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो चुका है। इन सभी बीमारियों से बचने के लिए तथा मानसिक शांति को प्राप्त करने के लिए हमें अपने घर में ही बैठकर कुछ पल योगाभ्यास प्रतिदिन करना चाहिए। आज योगाभ्यास को ना सिर्फ भारत में ही बल्कि दुनिया के प्रत्येक देश में बड़ी रूचि एवं हर्ष से किया जाता है। अन्त में शैलेष कुमार उपाध्याय, द्वितीय कमान ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लअन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, हम सभी को गर्व हो रहा है कि हम योग के महत्व को समझने के लिए एकजुट हो रहे है।बतातेबचके कि हर साल 21 जून को पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है इस अवसर पर हम सभी योग के आदर्शों और लाभों को आपस में बांटते हैं। योग एक आदर्श जीवनशैली है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं साथ ही ह्लअन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी को बधाई दी एवं समापन की घोषणा की गई।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बेतिया में हुआ भव्य योग सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



बेतिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिम चंपारण जिला प्रशासन एवं महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय (एमजेके कॉलेज) के संयुक्त तत्वावधान में आज एक भव्य योग सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (SVEEP) का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद एक घंटे का सामूहिक योग अभ्यास किया गया। योग सत्र में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पदाधिकारियों व गणमान्य जनों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके उपरांत जिला स्वीप आइकॉन द्वारा उपस्थित सभी नागरिकों को मतदाता बनने का संकल्प दिलाया गया। मतदाता हस्ताक्षर अभियान एवं वोटर सेल्फी स्टैंड की भी व्यवस्था की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने जागरूकता की तस्वीरों के माध्यम से लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दशार्यी। उच्चाधिकारियों ने किया जागरूकता का आह्वान इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, ह्लयोग केवल शारीरिक नहीं, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी प्रतीक है। इसी तरह लोकतंत्र में मतदान एक जिम्मेदारी है, जिसे निभाकर हम देश की दिशा तय करते हैं।ह्व उन्होंने अपील की कि युवा अपने-अपने क्षेत्र में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें और स्वयं भी पंजीकरण कराकर वोटर बनें। डीआईजी चंपारण प्रक्षेत्र श्री हर किशोर राय ने अपने संबोधन में योग और लोकतंत्र दोनों को देश की मजबूती का आधार बताया।

## कॉलेज में सम्पन्न हुआ योग दिवस कार्यक्रम

छपरा कार्यालय। राजेंद्र कॉलेज, छपरा में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग के महत्व से अवगत कराना और उन्हें नियमित योगाभ्यास हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे कॉलेज प्रांगण में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एन सी सी अधिकारी कैप्टन संजय कुमार ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय ऋषि -मुनियों की अमूल्य थाती है ।इस महान भारतीय परंपरा के महत्व को स्वीकारते हुए संपूर्ण विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में इसे सराह और अंगीकार कर रहा है ।संयुक्त राष्ट्र संघ के सामान्य सभा ने भी योग को जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करते हुए स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करने वाला बताया है। सभी सुखों का सार निरोगी काया है और निरोग शरीर का आधार है योग।

## संक्षिप्त खबरें

### तांत्रिक के जिंदा करने के दावे पर मृत बच्चे के शव को कब्र से बाहर निकाला, तांत्रिक को पुलिस ने हिरासत में लिया

बगहा। बगहा अनुमंडल के खैर पोखरा गांव में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां खेलते समय चारपाई से गिरने के कारण 12 वर्षीय संदीप की मौत हो गई। मृतक संदीप, सुखदेव पटेल का बेटा था। हादसे के बाद परिजन उसे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बच्चे के शव को गांव में दफना दिया गया।लेकिन शनिवार को इस घटना ने एक अजीब मोड़ ले लिया,जब ज्ञानती देवी नामक एक महिला तांत्रिक गांव पहुंची और दावा किया कि वह बच्चे को ज़िंदा कर सकती है। महिला के दावे पर भरोसा करते हुए परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को जमीन से फिर बाहर निकाल लिया। इसके बाद तांत्रिक महिला ने एक रेखा खींचकर शव को उसके बीच में रखा, अगरबत्तियां जलाईं, मंत्रोच्चारण किया और सरसों के दाने शव पर फेंकने लगी इस विचित्र और अंधविश्वासी गतिविधि की खबर फैलते ही मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए। भीड़ इतनी बढ़ गई कि रेलवे ट्रैक तक लोगों का तांता लग गया, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। घटना की सूचना मिलते ही बगहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और हस्तक्षेप कर शव को फिर से परिजनों को सौंपते हुए दफन कराने की प्रक्रिया दोबारा पूरी कराई। वहीं महिला तांत्रिक ज्ञानती देवी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया

## डीआईजी ने किया धनहा थाने का औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बिहार के चंपारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय ने धनहा थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर पुलिस अधीक्षक ने अपने पुलिस बल के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। डीआईजी को अचानक देख थाने पर देख थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। थाने में पहुंचकर सबसे पहले उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों का परिचय जाना और बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही इंस्पेक्टर कार्यालय धनहा के रिकॉर्ड रूम की जांच की।इस दौरान डीआईजी ने थाने के सभी अभिलेखों की बारीकी जांच की। इसके बाद सभी फाइलों को अपडेट करने और लंबित कांडो की रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान , एसपी सुशांत कुमार सरोज, डीएसपी कुमार देवेंद्र, पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती, भितहा थाना प्रभारी राकेश कुमार, पिपराशी थाना प्रभारी, ठाकरहरा थाना प्रभारी मौजूद रहे. इसके साथ ही उन्होंने बगहा डीएसपी और पुलिस इंस्पेक्टर को लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा।वहीं, डीआईजी हरिकोशर राय ने पुलिस पदाधिकारियों को गंभीर कांडों का खुलासा करने, अपराधियों को गिरफ्तार करने, जेल से छूटे अपराधियों पर नजर रखने, शराब तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, सूचना तंत्र को मजबूत करने सहित कई निर्देश दिए।

## बगहा के लिए शुक्रवार का दिन रहा ऐतिहासिक बंदे भारत ट्रेन का हुआ ठहराव बगहा वासियों में खुशी की लहर



बगहा। पुरे बिहार के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा क्योंकि पीएम मोदी नें राजधानी पटना कों उतर बिहार होते पूर्वांचल से जोड़ने कों रेलमार्ग के हवाई जहाज कों हरी झंडी दें दिया है ।दरअसल वन्दे भारत ट्रेन पटना से चलकर बगहा में भी रुकि जिसे गोरखपुर के लिए वाल्मीकिनगर के जेडीयू सांसद सुनील कुमार नें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया लिहाजा नेपाल और उतर प्रदेश से सटे सीमाई इलाके के लोगों में बेहद खुशी देखीं गईं लेकिन चम्पारण हमसफर, अंत्योदय, और कामख्या कटरा जैसी कई ऐसी साप्ताहिक ट्रेंनें हैं जो बगहा में अभी भी नहीं रूकती हैं लिहाजा लोग इन स्पेशल ट्रेनों के बगहा में पड़ाव और ठहराव की मांग कर रहें हैं। क्योंकि नेपाल और उतर प्रदेश से सटे बिहार की शुरूआत बगहा इलाके से होती है जो सूबे का पहला लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र वाल्मीकिनगर के नाम से विख्यात है ।बतादें की वन्दे भारत ट्रेन की शुरूआत होने के दौरान बगहा में इसकी प्रारम्भिक पड़ाव नहीं थी लेकिन वाल्मीकिनगर के जेडीयू सांसद सुनील कुमार ताबड़तोड़ रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर आखिरकार ट्रेन की शुरूआत से ठीक पहले बगहा जैसे अतिपिछड़े इलाके में बी ग्रेड का दर्जा प्राप्त बगहा स्टेशन पर भी ठहराव कों मंजूरी दिलानें में महती भूमिका निभाई यहीं वजह है की आज पूरा स्टेशन यात्रियों और स्कूली बच्चों के साथ साथ गणमान्य लोगों से गुलजार रहा जबकि जेडीयू सांसद के साथ बीजेपी सदर विधायक राम सिंह और समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम विनय कुमार श्रीवास्तव नें तो जनसभा के लिए बजाप्ता पंडाल लगाकर रेल्वे स्टेशन पर केंद्र सरकार खासकर पीएम मोदी के गुणगान में कसीदे पढ़ें इतना हीं नहीं स्टेशन पर एक दूसरे कों मिठाइयाँ खिलाकर अपने खुशी का इजहार करते मानों जश्न मनाया गया ।

## दाहसंस्कार में आए व्यक्ति की नहर में गिरने से हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नवतनवा से दाहसंस्कार के लिए नारायणी गंडक के तट पर आए व्यक्ति की मौत त्रिहुत नहर में डूबने से हो गई है। शव को बरामद कर पुलिस ने बगहा अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाजसेवी स्थानीय निवासी लड्डू शर्मा ने बताया कि नवतनवा से दाहसंस्कार के लिए मृतक अशोक कुमार भी आए थे जो कस्टम ऑफिस के सामने नहर किनारे बने सीमेंट रोकटो पर लेट गए थे ।लेटने क्रम में करवट लेते ही नहर में जा गिरे जिससे उनकी मौत हो गई ।सूत्रों के मुताबिक मृतक दाहसंस्कार के दौरान बगल के नेपाल से शराब पीकर आया था जो अत्यधिक नशे के कारण नहर के रोकटो पर लेट गया था। बहरहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांचपड़ताल में जुट गई है।

## टकराई तीन गाड़ियां दो बाइक सवार जख्मी, दो बाइक समेत सफारी गाड़ी को पुलिस ने किया जब्त



बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र के बगहा बेतिया एनएच 727 चौतरवा पेट्रोल पंप के समीप की है। जहां एक साथ तीन गाड़ियों में भीषण टक्कर हो गई है। जिसमें दो बाइक हीरो स्प्लेंडर जिसका रजिस्ट्रेशन बीआर 22 बीएन 7218 तथा दूसरा बाइक हीरो स्प्लेंडर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 22 एडी 4514 है। वहीं तीसरा काला कलर का टाटा सफारी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ01 एफएक्स 1007 है। जो चौतरवा की तरफ से बगहा की ओर जा रही थी कि अचानक एक बाइक पेट्रोल पंप से निकली सामने से गाड़ी आता देख संतुलन खो जाने के कारण आ रही सफारी गाड़ी से जा टकराई, वहीं एक और बाइक उक्त टक्कर की चपेट में आ गया जिसमें दो बाइक सवार जख्मी हो गए। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना चौतरबा थाना को दी। मौके पर पहुंची चौतरवा थाना की पुलिस ने दोनों घायल बाइक चालक को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ज्योति पुंज ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त तीनों वाहनों को पुलिस ने जप्त कर लिया है। बाइक सवार दोनों घायल जिसकी पहचान बालिस्टर यादव पिता बउक यादव करहीया बसौली थाना भितहां तथा दूसरा आशीष कुमार पिता भीखम चौधरी ग्राम कौलापुर कैलाची थाना चौतरवा निवासी है। दोनों को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भेजते हुए परिजनों को सुचित किया जा चुका है।

## 11 वां योग दिवस की रही धूम जंगल कैम्प और स्कूलों में योगाभ्यास आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। शनिवार को विश्व योग दिवस पूरे उत्साह पूर्वक मनाया गया।इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने योग्याभ्यास किया। सेंटजेवीयर,सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में योग गुरु के नेतृत्व में योग शिविर में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ योग क्लास में शामिल हुए।वहीं जंगल कैम्प स्थित होटल विहार परिसर में बूढ़े,जवान सभी एक साथ योगाभ्यास किया।कार्यक्रम की शुरूआत सूर्य नमस्कार और प्रार्थना से की गई। इसके पश्चात प्राणायाम,योगासन एवम ध्यान सत्र आयोजित की गई।

इस योग शिविर में वन क्षेत्र पदाधिकारी श्रीनिवासन नवीन,फील्ड बायोलॉजिस्ट सौरभ वर्मा,वनपाल आशीष कुमार व साधु दास, वनरक्षी सुनील यादव,सोनू कुमार,ओमप्रकाश, मनीष कुमार,शशि कुमार,अर्चिता कुमारी,खुशबू व प्रिया कुमारी शामिल हुए। योग गुरु ने बताया कि यौग का शिविर के दौरान अद्भुत अनुभूति प्राप्त हुई।इस दौरान मन और आत्मा का समन्वय की अनुभूति महसूस हुई।

# पटना जीपीओ में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया






प्रातः किरण संवाददाता

पटना। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः पटना जीपीओ परिसर में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक डाक सेवा पवन कुमार, मुख्य डाकपाल रंजय कुमार सिंह, वरीय डाक अधीक्षक मनीष कुमार, उप मुख्य डाकपाल कुमारी सरिता, प्रमंडलीय कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा पटना जीपीओ के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस योग शिविर में स्थानीय विद्यालयों के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में एक नई ऊर्जा और उल्लास का संचार हुआ।

कार्यक्रम के संचालन में पतंजलि योग पीठ के प्रशिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास करवाया। प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर निदेशक डाक सेवा श्री पवन कुमार ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है जो मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करता है। सभी कर्मचारियों को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

कार्यक्रम का समापन ह्यशांति पाठ के साथ हुआ और सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

# योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थय को मजबूत बनाता है: डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा इंडोर स्टेडियम, अरवल में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला गंगा समिति (नमामि गंगे), आयुष समिति एवं महिला एवं बाल विकास निगम, अरवल के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6:30 बजे से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। योग सत्र में प्रतिभागियों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, अर्ध चक्रासन, वृक्षासन, सवासन, विभिन्न योगासन एवं ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम को इस वर्ष मतदाता जागरूकता अभियान से भी जोड़ा गया। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव के साथ सभी अन्य जिला स्तरीय, प्रखण्ड स्तरीय एवं अन्य पदाधिकारियों ने योग कर जिले के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान



जिला पदाधिकारी द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि योग केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देता है। योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है, इसलिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। आज के इस योग दिवस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर मतदाता पंजीकरण से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई गई, ताकि जिन लोगों का नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं है, वे उसका लाभ ले सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने ह्ययोग अपनाएँ, मतदान बढ़ाएँह्व, ह्ययोग से जीवन, मतदान से लोकतंत्रह्व, ह्यस्वस्थ नागरिक, सजग मतदाताह्व का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई.सी.डी.एस., जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, योग प्रशिक्षक, जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## निरोग रहने के लिए योग जरूरी

उदवंतनगर। योग दिवस के अवसर पर प्रखण्ड क्षेत्र में सरकारी व निजी संस्थानों तथा विद्यालयों में योग शिविर का आयोजन किया गया तथा निरोग रहने के लिए योग करने की सलाह दी गई। प्रखंड मुख्यालय से लेकर सभी पंचायतों में योग शिविर का आयोजन योग शिक्षकों द्वारा संचालित किया गया।सरस्वती शिशु मंदिर बागर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर विद्यालय परिवार द्वारा बागर सूर्य मंदिर के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुभारंभ विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, धरीक्षण सिंह, अनिल राय ,अमरेश, राजा सिंह ,वरदराज, प्रधानाचार्य विकास कुमार द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता एवं महर्षि पतंजलि के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पाचन द्वारा किया गया। योग मंत्र विद्यालय के आचार्य अनंत द्वारा संपन्न हुआ। आचार्य विजय द्वारा प्राणायाम जैसे कपाल भारती, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, और सूर्य नमस्कार, ताड़ासन ,अर्घ कटि चक्रासन आदि कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने योग की महत्ता बतलाई।

# विश्व योग दिवस पर दिव्य योग महोत्सव का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। सनातन योग संस्थान, आरा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य व ऐतिहासिक योग महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर ही नहीं, जिले के गणमान्य जनों, योग प्रेमियों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं नगर निगम, आरा की माननीय मेयरी इंदु देवी जी, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में योग को जीवन की ऊर्जा बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार हेतु समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। विशेष अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही , रविरंजन, डॉ. विजय कुमार गुप्ता, डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. मदन मोहन द्विवेदी, स्वर्ण क्रांति सेना की अध्यक्ष पूनम सिंह , अध्यक्षता की संस्थान के संयोजक एवं प्रेरणास्त्रोत, विनय कुमार ओझा जी ने, जिन्होंने योग के सामाजिक प्रभाव पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन सक्रिय सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा, उनके नाम इस प्रकार हैंःकृष्णा मुरारी जी, विशेश्वर नाथ सिन्हा जी, योग शिक्षक झ शोमेश्वर लाल, मनोज जी, लालजी भैया, अशोक कुमार सिंह,अरविंद कुमार सिंह, श्री नकुल मिश्रा जी एवं श्री राधा मोहन मिश्रा कार्यक्रम में सामूहिक योग अभ्यास, प्राणायाम सत्र, ध्यान क्रिया प्रदर्शन की भूरी-भूरी प्रशंसा हुई।

# 15 वर्षों से योग को मनाते आ रहे हैं सीनियर सिटीजंस वेलफेयर सोसाइटी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी। हम सभी पृथ्वी वासी स्वस्थ रहें।(एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य) २१ जून को दिन बड़ा होता है अतः पृथ्वी पर जीवन यापन करने के लिए लम्बे समय तक प्रकाश मिलता है,साथ ही आज सूरज दक्षिण दिशा में प्रवेश कर जाता है, यही कारण है कि आज विश्व भर में योग दिवस मनाते हैं।सीनियर सिटीजंस वेलफेयर सोसाइटी पंद्रह वर्षों से गौरी शंकर मंदिर पार्क में इस योग को मनाते आ रहे हैं। प्रति दिन महिलाएं और पुरुषों की संख्या सैकड़ों में रहते हैं।

यह कार्यक्रम योग गुरु श्री अनिल कुमार जी के नेत्रित्व आयोजित है।

डॉ अविनाश प्रसाद अध्यक्ष, डॉ सुरेन्द्र प्रसाद सचिव एवं श्री सुदर्शन प्रसाद सिन्हा जी के संरक्षण में निर्वाध चल रह है।इतने पंद्रह वर्षों में कई हजार लोग लाभान्वित हुए,दवा से मुक्त हुए, डॉ के पास जाने की आवश्यकताएं कम हुए।

ससमय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए,खान,पान, प्रतिहार,समय पर सयन, शुद्ध भोजन की जानकारी इत्यादि का प्रशिक्षण हरेक सप्ताह किया जाता रहा है।

यह योग शिविर कहीं और भी चल रहे शिविरों की तुलना में ज्यादा अच्छा है।आज के आयोजन में शामिल विद्या सागर, पंकज जी,अनील जी,सुनील जी,सरिता देवी, माधुरी देवी,डाली सिन्हा,अंजू, इत्यादि सैंकड़ों नर नारियों ने भाग लिया,वह चित्र में दिखाई देगा।यह हम वरिष्ठ नागरिक लोगों का प्रयास है।आप भी मिलकर हाथ बंटाएं और पृथ्वी को स्वस्थ रखें साथ ही सभी जेल खाना व्यायाम शाला वन जाए, सभी न्यायालय सत्संग में परिवर्तित हो जाए और आकस्मिक को छोड़ एक भी चिकित्सालय नजर नहीं आवे।

शुद्ध आहार, शुद्ध व्यवहार,समय का पालन, अनुशासन, मीठी वोली, क्रोध से मुक्ति, आनन्द ही आनन्द चहुंओर दिखलाई देता रहे।इसी कामना के साथ प्रकाशित करेंगे।सभार,सादर नमन।डॉ अविनाश प्रसाद वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति बिहार पटना अध्यक्ष।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सदर अस्पताल आरा में योग शिविर का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल,आरा परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया, सिविल सर्जन भोजपुर एवं जिले के अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी भोजपुर ने कहा कि भारत ही नहीं, बल्कि आज पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। भारत ने योग को वैश्विक स्तर पर एक सॉफ्ट पावर के रूप में स्थापित किया है। इस वर्ष 191 देशों के 1,300 शहरों में योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो भारत की प्राचीन परंपरा और सौम्य शक्ति को दशार्ते हैं।जिलाधिकारी ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि योग वैदिक काल से हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को भी सुदृढ़ करता है। आज पूरी दुनिया योग के लाभों को न केवल जान रही है, बल्कि उसे अपनाकर लाभान्वित भी हो रही है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम-से-कम एक घंटा अपने शरीर और समाज के लिए देना चाहिए। यह एक घंटा न केवल आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा, बल्कि समाज में सकारात्मकता और ऊर्जा का भी संचार करेगा।

## सूर्य मंदिर के प्रांगण में भाजपा के द्वारा 11वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

आरा। सूर्य मंदिर, के प्रांगण में भाजपा के द्वारा 11वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में भोजपुर, जिलाध्यक्ष (चिकित्सा मंच) डॉ के एन सिन्हा ,स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री अमरिंदर प्रताप सिंह के साथ शामिल हुए। कई योग्य प्रशिक्षको द्वारा योग के अनेक आसनो को बताया गया एवं विधिवत कराया गया। डॉ के एन सिन्हा ने बताया कि हम सभी लोगों को सुबह में योग के आसनों को तथासंभव कम से कम आधे घंटा, नियमित रूप से जरूर करना चाहिए। योग हमें मानसिक शांति देता है एवं मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद देता है। योग की हर विधि का अपना फायदा है एवं बहुत से रोगों को ठीक करने में मदद करता है । योग के साथ-साथ लोगों को अपने खान-पान पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए । ताजी व हरी सब्जियों व फल का सेवन ज्यादा करना है तथा तेल ,मसाला ,जंक फूड, बाहरी खाने का प्रयोग कम करना चाहिए। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ,ई धीरेंद्र सिंह ,हरेंद्र सिंह के साथ सैकड़ो पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता ,शामिल हो लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ के एन सिन्हा,जिलाध्यक्ष (चिकित्सा मंच) की विशेष भूमिका रही।

## न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल विद्यालय के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस किया गया आयोजन

शनिवार को विद्यालय परिसर में बड़ी धूमधाम से अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने योगा आभास आनंद की अनुभूति प्राप्त की यह अभ्यास लगभग दो घंटे चला जिसमें विद्यालय के सारे शिक्षक शिक्षिका बच्चों के साथ अभ्यास किए इस कार्यक्रम में संगीतमय योगा अभ्यास कराया गया जो कि काफी आकर्षक रहा इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सभी बच्चों से प्रतिदिन योग करने का अपील की साथ ही साथ विद्यालय की प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसलिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं।

## लेफ्टिनेंट बनने पर ग्राम वासियों में उत्साह

जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कौरा में ठऊअ निकालकर बने लेफ्टिनेंट श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह के सुपुत्र विनय कुमार सिंह को पुरे गांव समाज के साथ राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार सिंह के द्वारा अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर गर्म जोशी से स्वागत किए और उन्होंने कहा कि आप ने पुरे समाज का मान सम्मान बढ़ाया हैं और युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि आपलोग खेल कूद के साथ साथ पढ़ाई पर भी जोड़ दे और उन्होंने ये भी कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का दशा और दिशा सिर्फ पढ़ाई के ही बल पर ही विकास और उन्नति हो सकती हैं और साथ ही साथ मनोज सिंह ने लेफ्टिनेंट श्री विनय कुमार सिंह के माता पिता को इस उपलब्धि के लिए साधुवाद दिए और बोले कि लेफ्टिनेंट श्री विनय कुमार सिंह ने पुरे गांव समाज के लिए एक मिशाल बने है और हमलोगों को भी बहुत खुशी हुई ।साथ में उपस्थित ग्रामीणों में रमेश सिंह , लक्ष्मण सिंह,राहुल सिंह राठौड़,मुन्ना सिंह, राज कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, छोटू सिंह, मनीष सिंह, धीरेन्द्र सिंह, मिथलेश सिंह, हरेंद्र सिंह , कारिया सिंह, पप्पू सिंह अनेकों गणमान्य व्यक्ति की उपस्थिति रहीं।

## रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट शॉर्ट्स ने नया अभियान किया शुरू

दुगार्पुर/आसनसोल। भारत की बेहतरीन लघु फिल्म कहानी कहने के लिए समीक्षकों द्वारा प्रशंसित मंच रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट शॉर्ट्स ने अपने नए विषयगत अभियान फॉर द सेलेक्ट वन्स का अनावरण किया है, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार राजकुमार राव और पत्रलेखा शामिल हैं। एफसीबी नियो द्वारा परिकल्पित उक्त अभियान उन लोगों के लिए एक श्रद्धांजलि है, जो सफलता की अपनी यात्रा में लगातार सचेत विकल्प बनाते हैं। कार्तिक मोहिंद्रा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पेरनोड रिकार्ड इंडिया ने कहा कि रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने में विकसित हुआ है जो जिज्ञासु और समझदार दर्शकों के लिए विश्व स्तरीय कथाएँ लाता है, इस प्रकार यह भारत में लघु फिल्मों के लिए गंतव्य बन गया है। बता दें पिछले कुछ वर्षों में मंच ने भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध कलाकारों और फिल्म निमार्ताओं सुजॉय घोष, अनुराग कश्यप, नीरज घायवान, दिबाकर बनर्जी और तिग्मांशु धूलिया के साथ सहयोग किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कोइलवर आरएएफ कैंप में दिखा अनुशासन और ऊर्जा का संगम

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर स्थित 114 आरएएफ कैंप में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 114 आरएएफ के 200 से अधिक अधिकारियों और कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मौके पर कैंप के कमांडेंट अश्विनी कुमार झा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलन में लाने का माध्यम है। आज के डिजिटल युग में जब हम मोबाइल की दुनिया में उलझे रहते हैं, योग ही वह साधन है जिससे हम स्वयं से जुड़ सकते हैं और निरोगी जीवन की ओर बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय केंद्रीय पुलिस परिवार कल्याण संघ (आरसीडब्लूए)-114 आरएएफ द्वारा विशेष महिला योग सत्र का भी आयोजन किया गया। इस सत्र में आरसीडब्लूए की अध्यक्ष ऋतु झा के नेतृत्व में कर्मियों के परिवार की महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर और शांत मन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विभिन्न योगाभ्यास किए।लोगों को सम्बोधित करते हुए आरसीडब्लूए की अध्यक्ष ऋतु झा ने कहा कि 114 आरएएफ कैम्प में हमलोग 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हम सभी महिलाओं के साथ मना रहे हैं। योग मनुष्य को दीघार्यु बनाता है। मन और मस्तिष्क शांत रहने के लिए योग करना जरूरी है। आज के इस भाग दौड़ के जीवन में थोड़ा सा समय निकाल कर हमें योग करना चाहिए। योग करने से बहुत सारे तनाव दूर हो जाते हैं। अगर आप एक खुशहाल जिंदगी जीना चाहते हैं तो अपने दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करें।

# प्रारंभिक शिक्षकों द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता




आराः परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक द्वारा मांगो के समर्थन में शिक्षकों द्वारा धरना कार्यक्रम का आयोजन जेपी मूर्ति के पास किया गया इस कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजन कुमार सिंह और मंच का संचालन सौरभ कुमार ने किया प्रमुख वक्ताओं में डॉक्टर शशि त्रिपाठी मीडिया प्रभारी रवि मिश्रा कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार उपाध्यक्ष अभिजीत कुमार प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रंजीत कुमार अजय पाठक कुमार भूपेंद्र कुमार अमलेश जी श्री बहादुर चौहान अमरनाथ त्रिपाठी विजय श्रीवास्तव शैलेंद्र कुमार हेमंत पांडे कन्हैया जी रंजन जी धनंजय सिंह सहित अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

1. नियमावली 2012 के आलोक में नियोजित शिक्षकों को स्नातक ग्रेड के पदों पर/कलबद्ध/प्रधानाध्यापक पदों पर अविलंब प्रोन्नति दी जाए।

2. नियोजित शिक्षकों से विशिष्ट शिक्षक/विद्यालय अध्यापक/प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक पदों पर नियुक्त शिक्षकों को सेवा निरंतरता एवं पूर्ण वेतन संरक्षण का लाभ दिया जाए।

3. स्थानांतरण हेतु आवेदन करने वाले जिन शिक्षकों को उनके द्वारा दिए गए विकल्प के पंचायतों का विद्यालय आवंटित नहीं किया जा सका है और अत्यधिक दूरी पर स्थानांतरित कर दिया गया है, उन्हें आवंटित विद्यालयों में योगदान की बाध्यता से मुक्त करते हुए पूर्व के विद्यालयों में यथावत बने रहने की छूट दी जाए तथा स्थानांतरण हेतु उन्हें फिर से आवेदन का अवसर दिया जाए।

4. उच्च विद्यालयों के नवनियुक्त प्रधानाध्यापकों एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों का योगदान अविलंब सुनिश्चित कराया जाए।

5. ळफए-3 में चयनित विद्यालय अध्यापकों, द्वितीय चरण के सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों से भी स्वैच्छिक स्थानांतरण हेतु ए-ग्रँ ‘रँ ‘ङ्करँ अस्त्रस्त्र पर आवेदन प्राप्त कर उन्हें भी अविलंब स्वैच्छिक स्थानांतरण का लाभ दिया जाए।

6. राज्य कर्मियों के भुगतान के लिए बनाए गए ल्फ्टर ढङ्ग१३’ पर सपोर्ट नहीं लेने के कारण योगदान के महीना बाद भी विद्यालय अध्यापकों एवं विशिष्ट शिक्षकों को वर्द्धित महंगाई भत्ता, आवास भत्ता एवं वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पा रहा है और उनके अंतर-वेतन की राशि हर महीने लंबित होती जा रही है । अतः ल्फ्टर ढङ्ग१३’ को तुरंत अपडेट कराते हुए उनके सभी बकाए का भुगतान कराया जाए और अभियान चलाकर उनका वेतन निर्धारण कराया जाए।

7. अभी भी राज्य के हजारों विद्यालय अध्यापकों एवं विशिष्ट शिक्षकों का नहीं हो सका है और इनके ल्फ्टर ङ्कल्लुङ्कंश्ल्लिॅ का कार्य लंबित है।

# पारस एचएमआरआई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। पारस एचएमआरआई, पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योगाभ्यास किया गया। योग करने और इसको लेकर जागरूक करने के लिए हॉस्पिटल के अधिकारी, चिकित्सक और कर्मचारी हॉस्पिटल परिसर में मौजूद रहे। उसके बाद योगाचार्य प्रभात कुमार के नेतृत्व में सभी ने योग किया। लगभग एक घंटा योग और ध्यान किया। योग के बाद उसके महत्व के बारे में भी बताया गया और सभी से इसे रोज की दिनचर्या में शामिल करने की अपील की गई। खास बात रही कि योगशाला में शामिल कई लोग ने पहले से ही रोज योगाभ्यास करने की बात कही। इस मौके पर पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि आज तनाव भरी जिंदगी में योग से मुस्कान लाई जा सकती। वहीं इससे शरीर को भी दुरुस्त रखा जा सकता है। योगाभ्यास में मुख्य रूप से विभिन्न विभागों के डॉक्टर एंव कर्मचारी शामिल हुए। गौरतलब है कि योगाचार्य प्रभात कुमार सिर्फ 20 वर्ष की उम्र में राज्य योगासन खेल स्पर्धा में छह बार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। वहीं चार बार राष्ट्रीय चैंपियन रहे हैं। इस अदभुत अचीवमेंट के लिए बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद उन्हें सम्मानित कर चुके हैं।

### पारस एचएमआरआई के बारे में

पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

## आरा में सामूहिक योग अभ्यास शिविर का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया

आरा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवाँ, आरा में सामूहिक योग अभ्यास शिविर का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया।योग दिवस समारोह का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंध निर्देशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र और प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रजज्वलित कर किया।उद्घाटन के बाद समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने कहा कि योग शरीर और मन को मजबूत व स्वस्थ बनाता है, बुद्धि को प्रखर बनाता है। योग शरीर, मन और बुद्धि को जोड़ने के साथ-साथ मानवता को भी जोड़ता है। योग हिंसा, क्रूरता, कट्टरता एवम् विनाशकारी सोंच को बदलकर सात्विक, सकारात्मक एवम् प्रकृति के अनुकूल विचारों को पोषण देता है। आधुनिक विज्ञान ने भी यह मान लिया है कि योग हमारे शरीर एवम् मन को स्वस्थ एवम् संतुलित बनाता है। रोगो को ठीक करने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करने में मदद करता है। विश्व की अनेक गम्भीर समस्याओं का समाधान योग विज्ञान में समाहित है।इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंध निर्देशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में योग के महत्व एवम् इसकी विशेषता को विस्तार से बताया एवम् समझाया गया है। योग के विभिन्न आयामो को सूत्रो के रूप में मंत्रो के माध्यम से बड़े ही सहज रूप से प्रस्तुत किया गया है। जैसे पतंजलि ऋषि ने योग के अष्टांग सूत्र (यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) देकर जीवन जीने की कला को बताया है। जैसे-योगः अथ अनुशासनम् योगश्चितवृतिः निरोधः, योगः कर्मशु कौशलम् आदि।इस अवसर पर योगाभ्यास कराते हुए विद्यालय के योग शिक्षक शशी भूषण सिंह ने कहा कि योग हमे जीने का कला, स्वस्थ रहने की कला, सकारात्मक सोचने की कला, प्रेम से रहने की कला तथा शरीर, मन को आनंदित कर आत्मा को परमात्मा से मिलाने की कला को सिखाता है। यह प्राचीन भारतीय अब आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर कसकर कुंदन बनकर विश्व पटल पर छा गया है। इसका छोटा सा प्रमाण विश्व योग दिवस के रूप में मनाकर प्रतीकात्मक संदेश दिया जा रहा है। आगे इसमें प्रगति की प्रबल सम्भावना है।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षक श्री शशीभूषण सिंह के दिशानिर्देश में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक/ शिक्षकाओं ने समान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के अनुसार निम्नलिखित योगाभ्यास किया।

## योग मन की शांति के लिए जरूरी : महाचन्द्र प्रसाद सिंह



पटना । योग दिवस पर राजधानी में कई कार्यक्रम हुए । सगुना मोड अवस्थित ए एस जी आई हॉस्पिटल के प्रांगण में योग दिवस पर लोगों ने योग दिवस मनाया। इस योग शिविर का शुभारंभ सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह ने किया । योगाचार्य राकेश कुमार के दिशा निर्देशन में लोगों ने योग किया । मौके पर सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि योग से मन को शांति मिलती है साथ ही आत्मा और तन शुद्ध होता है । मौके पर डॉ जिशान जमील , डॉ पीयूष खेतान , बुडको के जनसंपर्क पदाधिकारी हरि ओम उत्तम, राजीव रंजन , दीपनारायण , जीत कुमार , नेशनल एक्स सर्विसमेन कॉर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह , सहित तीस पूर्व सैनिक भी लोग मौजूद रहे।

## सरकारी मानक से बालू उठाव नहीं होने पर विकास मंच करेगा आंदोलन: मनोज यादव

अरवल। जिला मुख्यालय स्थित डॉक्टर बी आर अंबेडकर बचनालय में अरवल जिले के प्रबुद्ध लोगों की बैठक की गई बैठक में सोन से बालू उठाव सरकारी मानक से नहीं की जा रही है ठ ल्ह 139 बराबर जाम रह रहा है पर्यावरण बचाओ सोन बचाओ अरवल जिलाधिकारी को बालू उठाव जाम के समस्या वृक्षारोपण की जांच एवं अन्य समस्या पर ज्ञापन दिए जाएंगे एवं अरवल जिला के लोगों के द्वारा सोन में सरकारी मानक के अनुसार बालू उठाव नहीं किए जाने के खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा ।

# श्री विद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ को लेकर गयाजी में निकली भव्य शोभायात्रा

## माता ललिता के आशीर्वाद से भारत बनेगा विश्व गुरुःअभिषेक ब्रह्मचारी

प्रातः किरण संवाददाता



गयाजी। गया जी में पहली बार तीन दिवसीय श्री विद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम के पहले दिन शहर में आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई है। यह शोभायात्रा मंगला गौरी मंदिर से गाजे-बाजे,ढोल ताशे, ऊंट- घोड़े और रथ के साथ निकली, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई है। महायज्ञ के संरक्षक स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में निकली शोभायात्रा शहर के मंगला गौरी से चांद चौरा, समीर तकिया, राजेंद्र आश्रम, कोईरीवारी होते हुए महायज्ञ स्थल धर्म सभा भवन पहुंचा। भारतीय परिधानों से सुसज्जित महिलाएं हाथों में धर्म ध्वजा लेकर माता रानी की जय कारे कर रही थी। बैंड-बाजे की धुन पर देवी गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो चला। रास्ते में कई महिलाएं ढ़ोल की थाप पर खूब झूम उठी। रथ पर महायज्ञ के संरक्षक स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी एवं रामानुजाचार्य मठ के महंत स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज विराजमान थे।मां त्रिपुरा सुंदरी ललिता देवी, मां मंगला गौरी एवं मां दुर्गा की प्रतिमाएं शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बिंदु थी। महायज्ञ की संरक्षक स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा कि देश की प्रगति विश्रांति और गरीब कल्याण के अध्याय से आहूत यह महायज्ञ के गया जी लोगों के समग्र विकास के कारगर साबित होगा। माता ललिता के आशीर्वाद से भारत विश्व गुरु बनेगा। शोभायात्रा का नेतृत्व करते हुए युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने कहा कि हम बिहार और देश की प्रगति हेतु माता ललिता के शरण में है सनातन धर्म के साथ बिहार खड़ा है। मां ललिता से बिहार के विकास हेतु प्रार्थना करता हूं।

शोभा यात्रा में वेंकटेश प्रपन्नाचार्य, रोहित कुमार सिंह, समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया, महापौर गणेश पासवान, उपमहापौर चिंता देवी, अनिल स्वामी,हरि प्रपन्ना, डॉ कौशलेंद्र प्रताप, संजू लाल साव, प्रमोद कुमार भदानी, रामकुमार बारिक, प्रभावती देवी, मधु शर्मा,, पुष्पा देवी,वार्ड पार्षद सारिका वर्मा, अनंतधीश अमन,मणिलाल बारिक, अनूप केडिया, विनोद जसरापुरिया, लव कुमार,टिल्लू सिंह,सरिता त्रिपाठी, वीणा गिरी, इंदु देवी, सविता अग्रवाल, मधु शर्मा,ममता गिरी, इंदू प्रजापति,रतनलाल गायव सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र सिविल लाइंस गया में योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत सेवाकेंद्र की वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शीला दीदी ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख शांति की चाह में मनुष्य ने एक लम्बा सफर तय करता है, परंतु भौतिक साधनों में सुख,शांति और खुशी की खोज की अतृप्त यात्रा में जीवन पहले की अपेक्षा और अधिक अशांत और दुःखमय हो जाता है। संचार क्रांति के वर्तमान युग में मनुष्य के हाथ में जब मोबाईल आया तो जैसे उसे लगा कि सारी दुनिया उसकी मुट्ठी में कैद हो गई है। इंटरनेट ने मनुष्य की जिन्दगी में दखल देकर उसके जीवन से सुख, शांति और खुशी को तो एकदम बेदखल ही कर दिया। वर्तमान समय आत्म मुल्यांकन करके जीवन में सुख, शांति और खुशी की खोज के प्रति दृष्टिकोण को समदर्शी बनाने की आवश्यकता है तभी जीवन में अध्यात्म और भौतिकवाद में समन्वय स्थापित करके जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है। अत्यंत प्राचीन वैदिक काल से ही भारतीय ऋषियों ने उदघोष किया है कि सुख, शांति और खुशी का स्रोत मनुष्य के मन में व्याप्त है। भौतिक वस्तुओं और साधनों में खुशी तथा शांति की खोज करना अपनी परछाई को पकड़ने जैसा है।मनुष्य का मन ही उसके जीवन में चलने वाली सम्पूर्ण गतिविधियों जैसे सुख और दुःख, हार और जीत , खुशी और निराशा इत्यादि का मुख्य कारण है।

इसलिए मनुष्य के जीवन को सुखी और स्वास्थ बनाने के लिए वर्तमान समय में ऐसे योगाभ्यास की आवश्यकता है जो मन को स्वस्थ और निरोगी बना सके।आगे उन्होंने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि 21 जून को संयुक्त राष्ट्रसंघ ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करके जीवन में योग के महत्व को पुनस्थापित किया है। प्राचीन काल से ही योग हमारी संस्कृति और दिनचर्या का अभिन्न अंग रहा है परंतु धीरे-धीरे भौतिकवाद संस्कृति के विकास के साथ ही योग के प्रति हमारा दृष्टिकोण भी बदल दिया है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जीबीएम कॉलेज में लगाया गया योग शिविर

प्रातः किरण संवाददाता

गयाजी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में कॉलेज की एनएसएस इकाई, सेहत केन्द्र, एनसीसी इकाई एवं विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर लगाया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी, विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी की योग शिक्षिका मीनाक्षी सेठ, सुनीता खांडवे, बबीता वर्णवाल, राजेश कुमार, कॉलेज की एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, जन संपर्क अधिकारी डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, परीक्षा प्रभारी डॉ प्यारे माँझी, डॉ. आशुतोश कुमार पांडेय, रौशन कुमार एवं अजीत कुमार के साथ कॉलेज की एनसीसी कैडेटों, स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्राओं ने विभिन्न व्यायाम, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति प्रणायाम, सूर्य नमस्कार, पद्मासन, भुजंगासन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, शलभासन, गरुड़ासन, शवासन जैसे योगासन किये। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी ने छात्राओं को नियमित रूप से प्रतिदिन व्यायाम तथा योगाभ्यास करने कहा। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ शरीर के निवास होने की बात को सविस्तार समझाया। एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका ने इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित योगाभ्यास के फायदों को छात्राओं से साझा किया। डॉ रश्मि ने छात्राओं को प्रतिवर्ष 21 जून को मनाये जाने वाले विश्व संगीत दिवस का भी स्मरण दिलाया। कहा कि तन, मन और आत्मा को स्वस्थ, सक्रिय, एवं प्रसन्न रखने में ध्यान, प्राणायाम, योगासन एवं व्यायाम की तरह ही संगीत की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। योग शिविर में उगंती, रेशमा, लक्ष्मी, सिंकी, आकांक्षा, गीतांजलि, सोनाली, अनीषा, मुस्कान, जूही, संध्या, मुस्कान, सिमरन, पूनम, सलोनी, माया, श्वेता, अंजली, काजल, आराध्या, मनीषा आदि छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। पीआरओ डॉ रश्मि ने बताया कि प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी एवं डॉ. प्रियंका के संरक्षण में महाविद्यालय की छात्राओं ने जयप्रकाश उद्यान बोधगया में आयोजित योग शिविर में भी भाग लिया।

## अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर आजाद पार्क में महिलाओं ने किए पौधरोपण, कहा-योगासन और वृक्ष दोनों जरूरी

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के मौके पर गया जी में कई जगहों पर योगाभ्यास और योगासन किए गए हैं ।वहीं गया जी शहर के आजाद पार्क में प्रतिदिन यहां टहलने के लिए आने वाली महिलाओं की एक समूह ने कुछ अलग की सोच के साथ एक नई पहल की है।सबसे पहले तो महिलाएं योगाभ्यास कीं है। इसके बाद जल, जीवन, हरियाली के महत्व को आपस में साझा कीं और पार्क में पौधरोपण कीं। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि जब पर्यावरण प्रदूषण रहित रहेगा तभी योगासन करने से शरीर, मन एवं समाज को हम स्वस्थ रख पाएंगे।आज का संपूर्ण कार्यक्रम वार्ड नं 20 के पार्षद सशक्त स्थायी समिति के पूर्व सदस्य धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व और इनके इसी बेहतर परिकल्पना के साथ हुआ है। पार्षद धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि योगाभ्यास उतना ही जरूरी है जितना पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना। उन्होंने कहा कि इस पार्क में हर दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से महिला, पुरुष और बच्चे टहलने और स्वास्थ्य लाभ को लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास के साथ साथ वृक्ष के महत्व पर चर्चा की गई है। इसके बाद महिलाओं ने पौधरोपण कर समाज और देश को एक नई प्रेरणा दी है। उन्होंने बताया कि इस पार्क के एक हिस्से में जल, जीवन, हरियाली को लेकर पौधे लगाए गए हैं। जिनका संरक्षण भी करते हुए वर्षों से आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि योगाभ्यास। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने वार्ड पार्षद ने कुमार की इस प्रकार की सोच की सराहना करते हुए लोगों से अपील किया कि जीवन में योगाभ्यास करना उतना ही जरूरी है, जितना कि वृक्ष का होना जरूरी है। कहा कि जबतक पर्यावरण शुद्ध नहीं होगा तो योगासन का प्रभाव हम सभी के जीवन पर उतना असरदार नहीं होगा।

## दिवंगत वरीय अधिवक्ता की पुण्यतिथि मनाई गई



औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में दिवंगत वरीय अधिवक्ता केदार यादव, कल्याणपुर कारा जम्होर के 20 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया है वे गरीब मुवक्किलों के प्रति समर्पण भाव से वकालत करते थे, वकालत पैशा ईमानदारी से निर्वाहन करते थे,इस अवसर पर उपस्थित थे पूर्व पीपी प्रमोद कुमार सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, विजय कुमार सिंह, रामवचन भगत,देवानंद सिंह,जय सिंह यादव,उमेश कुमार मंडल, विरेन्द्र कुमार सिन्हा, सत्येन्द्र कुमार सिंह, जगन्नाथ यादव, हरिमोहन यादव, राजेश कुमार अग्रवाल,विरेन्द्र कुमार, अर्जुन यादव, रामाशीष सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में मुकदमा हुआ दर्ज

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के चिताब कला गांव में आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में पीड़िता पूजा कुमारी ने थाने में कन्हैया प्रसाद समेत अन्य लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट एवं झगड़ा झंझट को लेकर दिए गए आवेदन के आलोक में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है उन्होंने कहा कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छांव में कर रही है।

## विधवा, महिलाओं, बृद्धजनों और दिव्यांगजनों को मासिक बढ़ोतरी पर पूर्व सांसद ने जताया हर्ष

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा विधवा, महिलाओं, बृद्धजनो और दिव्यांगजनों को हर महीने 400 रुपए मिलने वाले पेंशन को बढ़ाकर 1100 रुपए किए जाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद एवं आभार ब्यक्त किया है।पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत विधवा,महिलाओं और दिव्यांगजनों को अब हर महीने 400 रुपए की जगह 1100 रुपए पेंशन देने का जो निर्णय लिया गया है वह स्वागत योग्य है।यह बढ़ी हुई पेंशन जुलाई महीने से मिलेगी और हर महीने के 10 तारीख को सभी लाभार्थियों के खाते में भेजना सुनिश्चित किया जाएगा।इसके अंतर्गत 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को मदद मिलेगा।एवं इसके साथ ही जीविका दीदियों के लिए लोन पर ब्याज दर में 3% कई कमी की गई है।बिहार में डबल इंजन की सरकार में लगातार विकास का कार्य तेजी से हो रहा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बिहार को विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली है।निश्चित ही इस फैंसले से बिहार के लोगों को लाभ होगा।एनडीए सरकार समाज के हर वर्ग की चिंता करती है।बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली मासिक राशि मे बड़ी बढ़ोतरी करके एक बहुत ही महत्वपूर्ण जनहितकारी निर्णय लिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित

**योग शारीरिक बल देता है और मानसिक शांति व ऊर्जा भी प्रदान करता हैः मनीष पकंज**

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के नूतन नगर स्थित कार्यालय में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, और भाजपा के नेतागण भी इस अवसर पर उपस्थित हुए हैं।

इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे सामूहिक प्रार्थना एवं ओम शांति के साथ हुई है। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में सभी उपस्थितजनोंने विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल शारीरिक बल देता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा भी प्रदान करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग को अपनाना प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक हो गया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज योग पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रतीक बन चुका है। इस कार्यक्रम में शामिल सभी कार्यकताओं और नेताओं ने योग के लाभों को आत्मसात करने की शपथ ली और इसे अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया है।

इस कार्यक्रम का समापन जलपान एवं सामूहिक चर्चा के साथ हुआ है। योग दिवस का यह आयोजन सफल, अनुशासित और प्रेरणादायक रहा, जिसने सभी को स्वास्थ्य और संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक प्रेरणा दी है।

## भारतीय परम्पराओं का हिस्सा रहा है योग, जिसे आज वैश्विक पहचान मिली :जिला जज

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकर एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना के निदेर्शानुसार अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस 2025, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, एवं व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राज कुमार के नेतृत्व में आज बृहत एवं भव्य रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकार अन्तर्गत विधिक सेवा सदन में मनाया गया। साथ ही योग के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक व्यक्ति एवं परिवार को को योग करने के लिए प्रेरित किया। योग उत्सव कार्यक्रम का मुख्य आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्थित विधिक सेवा सदन में जिला जज के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें सत्य भूषण आर्या, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, विश्व विभूति गुप्ता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त मिश्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश निशित दयाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कन्हैया लाल यादव जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आनन्द भूषण, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश उमेश प्रसाद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार जायसवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंकज पाण्डेय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लाल बिहारी पासवान, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी डा0 दीवान फहद खान, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सुशिल प्रसाद सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी संदीप कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रदीप चन्द्रा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, राजीव कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी शोभित सौरभ न्यायकर्ता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल, सहित समस्त न्यायिक पदाधिकारीगण

## कुशवाहा के लिए रक्त बहाने की बात करने वाले सम्राट चौधरी कुशवाहा की हत्या बलात्कार पर चुप क्यों: विनय कुशवाहा

प्रातः किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा ने कहा कि बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने खुलेआम जनसभा से बोला था कि कुशवाहा समाज के लिए रक्त बहाने की जरूरत पड़ेगा तो सम्राट चौधरी आगे है।विनय कुशवाहा ने कहा कि रक्त बहाने की जरूरत नहीं बल्कि कुशवाहा समाज के दर्जनों नेताओं की हत्या हुई कुशवाहा समाज की लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ लेकिन सम्राट चौधरी अब रक्त बहाने की बात तो दूर कुशवाहा समाज की हत्या करने वाले लड़की के साथ बलात्कार करने वाले अपराधियों को आज तक पकड़वाने का भी काम नहीं किया।जिस तरह के हाल के दिनों में प्रमुख कुशवाहा नेताओं की हत्या हुई जिसमें दीपक कुशवाहा दानापुर, रामाश्रय कुशवाहा सिवान, टाइगर कुशवाहा अंगारी अरवल, सुरभि कुशवाहा पटना, अयोध्या कुशवाहा अरवल, सत्यम कुशवाहा बिहटा सुदर्शन वर्मा पटना नीतू कुशवाहा डेहरी मनोज कुशवाहा मुजफ्फरपुर कुंदन पटना अकाली देवी नवादा गौरव कुशवाहा मुजफ्फरपुर अच्छेलाल कुशवाहा सिवान इसके साथ-साथ स्नेहा कुशवाहा सासाराम की बेटी को बलात्कार कर हत्या कर दिया गया यह लड़की बनारस में रहकर पढ़ाई कर रही थी उत्तर प्रदेश में योगी भाजपा की सरकार है सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा के उपमुख्यमंत्री हैं ऐसी स्थिति में सैकड़ो कुशवाहा समाज के लोगों की हत्या हुई एक को भी इंसाफ नहीं दिला सके सम्राट चौधरी आज भी अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। स्नेहा की मां अपने बेटी के साथ हुए अमानवीय कृत एवं हत्या करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए दर-दर की ठोकरे खा रही है लेकिन सम्राट चौधरी सत्ता की मलाई में ऐसो आराम की जिंदगी जी रहे हैं और कुशवाहा समाज के लिए खून बहाने की बात करते हैं।विनय कुशवाहा ने कुशवाहा समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सम्राट चौधरी और उपेंद्र कुशवाहा जैसे भाजपा के चाटुकारों से सावधान रहें कुशवाहा समाज का भला करने वाले ए लोग नहीं हैं यह लोग सिर्फ सत्ता के मलाई के लिए समाज को बेचने का काम करते हैं इसलिए सभी सावधान रहें

## नये रोस्टर के अनुसार समय पर डॉक्टर अस्पतालों में मौजूद रहें: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला में आमजन को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं एव योजनाओं का हाल जानने जिलाधिकारी द्वारा शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की रिव्यू मीटिंग की गयी है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित रिव्यू मीटिंग के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं में हुई उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गयी है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद, डीपीएम नीलेश कुमार सहित वरीय स्वास्थ्य पदाधिकारी मौजूद रहे हैं। डीपीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं आधारभूत संरचनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। जिला में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर मिलने वाली सुविधाओं, एसएनसीयू, सहित बल्ड बैंक, एक्स रे, डायलिसिस, सीटी स्कैन तथा अन्य सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई है। जून 2025 में भाव्या के माध्यम से कई स्वास्थ्य केंद्रों पर शतप्रतिशत ओपीडी ऑनलाइन के माध्यम से इलाज किया गया है। जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर आवश्यक सभी दवाईयां मौजूद हैं। मुफ्त औषधि वाहन के माध्यम से दवा का वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक जांच की सुविधा मौजूद है।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने के लिए कहा।

स्वास्थ्य पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सक समय पर उपस्थित रहें और इसका अनुश्रवण वरीय स्वास्थ्य पदाधिकारी अवश्य करें। कहा कि रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्यकर्मी व चिकित्सक स्वास्थ्य संस्थानों पर मौजूद रहें हैं।। नये रोस्टर बना कर इसे जिला को अग्रसरित करें और सिविल सर्जन द्वारा इसका अनुमोदन प्राप्त करें।

## विश्व संगीत दिवस के मौके पर दानिका परिवार द्वारा संगीत संवाद आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका परिवार के तत्वावधान में विश्व संगीत दिवस के अवसर पर संगीत संवाद का आयोजन किया गया। दानिका परिवार के निदेशक डॉ रविंद्र कुमार के आह्वान पर संवाद करते हुए दानिका परिवार के प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने संवाद के क्रम में कहा कि संगीत एक ऐसी विधा है जो इंसान के अंतर्मन का मनोरंजन तो करती ही है मनोरंजन के साथ-साथ यदि कोई इंसान बीमार हो तो वह उसे स्वस्थ भी करती है। संगीत ही वह विधा है जो आत्मा और परमात्मा के मिलन में सेतु का काम करती है।विश्व संगीत दिवस पहली बार 21 जून 1982 को फ्रांस में मनाई गई थी जिसमें 17 देशों ने हिस्सा लिया था इसको मनाने का मूल उद्देश्य यही था कि अलग-अलग तरीके से संगीत का प्रचार करने का लाभ नए कलाकारों को एक मंच पर लाकर उनकी भूमिका को उत्कृष्टता प्रदान की जाए। विश्व में शांति बनाए रखने हेतु भी संगीत एक विशेष माध्यम का काम करती है।

जब भी किसी भी देश का राष्ट्रीय त्योहार या परिवार का उत्सव हो तो उसको मनाने के लिए संगीत ही परिचायक का काम करती है।जब इस सृष्टि में ज्ञान की पहली वर्षा हुई तो वर्षा की पहली बूंद संगीत के रूप में निकली थी।इसी संगीत से भगवान शंकर का तांडव शुरू होता है और इसी संगीत से सरस्वती माता के वीणा का झंकार भी झंकृत होती है।

# गया के विभिन्न क्षेत्रों और संगठनों, प्रतिष्ठानों में मनाया गया योगा दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार आज दिनांक 21-06-25,को व्यवहार न्यायालय गया परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के नेतृत्व में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और न्यायालय कर्मचारियों ने योगा टीचर डॉक्टर चंद्रशेखर एवं सिद्धार्थ गौरव की टीम के देखरेख में योग शिविर में भाग लिया है। जिला जज ने बताया कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। योग का अभ्यास शरीर को रोगमुक्त रखता है। इसलिये सभी लोगों को योग को जीवन मे अंगीकार करने की आवश्यकता है।

11वें योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में सचिव अरविंद कुमार दास के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारीगण भी मौजूद थें।

## किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में योग दिवस का आयोजन विद्यालय में बच्चों को सीखाया गया योग





औरंगाबाद। बारुण प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में विश्व योग दिवस के अवसर पर विद्यालयी बच्चों के बीच योग शिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया गया एवं बच्चों से अपील किया गया कि वे प्रतिदिन योगाभ्यास करें तो वे स्वस्थ रह सकते हैं उनके अध्ययन के प्रति अभिरुचि भी बढ़ सकती है।इस क्रम में मध्य विद्यालय धनौती धरमपुरा में प्रभारी प्रधानाध्यापक बबन प्रसाद के नेतृत्व में बच्चों के बीच योगाभ्यास कराया गया। वरीय शिक्षक सतीश कुमार पांडेय,शारीरिक शिक्षक बृजमोहन प्रसाद,गणेश प्रसाद,भृगुनाथ प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने भी योग को मानव जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। वहीं मध्य विद्यालय मखरा में भी प्रधानाध्यापक ज्योति शंकर के नेतृत्व में बच्चों के बीच योगाभ्यास कराया गया और उनसे अपील किया गया कि योग एक ऐसी क्रिया है जिसे यदि अपना लिया जाए तो जीवन में कभी भी रोग आक्रमण नहीं कर सकते हैं।

## शेरघाटी शहर अलग-अलग जगह पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

शेरघाटी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शहर के अलग-अलग स्थान लोगों ने योग कर मनाया योग दिवस शनिवार को डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल शेरधाटी के परिसर में प्रातःकालीन वेला में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक सह योगाचार्य श्री हरिकेश बहादुर यादव ने विद्यालय परिसर स्थित वन्दना सभा स्थल पर उपस्थित छात्रगण और शिक्षकगण के साथ विविध प्रकार के योग का अभ्यास कराये और श्री दीपक कुमार झा ने खेल शिक्षक के द्वारा कराये गए सभी योगासनों के महत्व को सविस्तार समझाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री धनेन्द्र कुमार पाण्डेय ने योग को परिभाषित करते हुए दैनिक जीवन में योग के महत्व और उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला और सभी से सीखे हुए योग को प्रतिदिन अपने समयानुसार करते रहने के लिए विशेष आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री मिथुन सामन्ता सर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री अरविंद कुमार सिंह, श्रीमती मधु वर्मा, श्री प्रेम रंजन सहित अन्य सभी शिक्षकगण और छात्रगण मौजूद रहे ।

## किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में योग दिवस का आयोजन

गया जी।आज 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गया जी के रामशिला मंदिर के निकट आज भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शंभूयादव के द्वारा अयोजित योग सत्र मे कइ लोग सम्मिलित हुए हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि योग का शाब्दिक अर्थ है जुड़ना है। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़ता देख सुखद अनुभूति हो रही है।

## प्रेमी प्रेमिका को कुर्था थाने में कराई गई शादी

**समाज,परिवार और प्रशासन के सामने दिलाया सिंदूर**

कुर्था (अरवल) थाने में प्रेमी प्रेमिका ने रचाई शादी। प्यार करने वाले कभी डरते नहीं, जो डरते हैं वह प्यार करते नहीं। हिंदी फिल्म की यह गाना सटीक बैठती है इन दोनों प्रेमिकाओं पर जिन्होंने कुर्था थाने में स्थित शिव मंदिर में शादी रचाकर साथ जिन्हें मरने की कसमें खाई। गांव समाज के सामने प्रेमी प्रेमिका की रचा डाली शादी। मामला कुर्था थाना क्षेत्र के चांद बिगहा गांव का बताया जाता है जानकारी के अनुसार जहानाबाद जिले के शकूराबाद थाना अंतर्गत कंसुआ गांव निवासी सुदर्शन सिंह के पुत्र विकास कुमार जो कुर्था थाना क्षेत्र के चांद बिगहा गांव निवासी नवल सिंह की पुत्री अति सुंदर कुमारी से विगत 5 वर्षों से प्रेम करता था लेकिन परिवार वाले दोनों की शादी नहीं करना चाहते थे और अंततः मामला थाने में पहुंचा । कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने सामाजिक तौर पर विशेष पहल करते हुए दोनों पक्ष के मौजूदगी में कुर्था थाने में पूरे रस्मो रिवाज के साथ प्रेमी जोड़े की शादी कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### छप्पर गिरने से चार साल की मासूम की मौत, मां जख्मी

मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हंसाडीह गांव में शनिवार की शाम छप्पर गिरने से चार वर्षीय मासूम की मौत हो गई व्हाी इस हादसे में उसकी मां कंचन देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी के मुताबिक मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हंसाडीह गांव निवासी संजीत पासवान की पत्नी कंचन देवी अपने चार साल के मासूम हिमांशु कुमार के साथ घर के आगे पलानी में बैठी हुई थी,उसी समय में बारिश में छप्पर गिरने से चार वर्षीय मासूम की मौत हो गई है वही इस घटना में मृतक की मां कंचन देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### ट्रेन में मारपीट, अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

मसौढ़ी! पटना गया रेलखंड के नदौल स्टेशन पर ट्रेन में मारपीट के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है ।तहरीर पर तारेगना जीआरपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अब आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने की प्रयास कर रही है ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोपालपुर थाना क्षेत्र के सुंधाशु कुमार सिंह के पुत्र सन्नी कुमार ट्रेन से सफर कर रहा था। उसी समय नदौल स्टेशन के पास अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया ।पीड़ित व्यक्ति के दिए गए आवेदन तारेगना पर जीआरपी मामले की जांच में जुटी हुई।

### महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन

छपरा कार्यालय। 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जय प्रकाश महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ .किरण कुमारी के संरक्षण में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ .बिंदी कुमारी इकाई 2 एवं डॉ रेखा सिंह, डॉ शबाना मलिक, डॉ नम्रता कुमारी, डॉ बबीता सिंह, डॉ अनवर अली अंसारी द्वारा ह्लएक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर योग के महत्व को दशार्ते हुए योग का आरंभ किया गया। योगाभ्यास मे कपालभाति, अनुलोम विलोम,ध्यानमुद्रा इत्यादि किए गए। इस अवसर पर सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी,स्वयंसेविका एवं अन्य छात्राओं ने अपनी सहभागिता दिखाई।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया गया

मकेर / अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगो ने योग कर अपने शारीरिक फिटनेश के ,मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता दिलाई जिसके तहत 21 जून को किया जाता है ।प्रखंड में सरकारी विद्यालयों ,निजी संस्थानों में बच्चे युवा महिलाओं एवम बुजुर्गों ने योग कर अपनी शारीरिक मानसिक फिटनेश को पड़खा साथ ही स्वास्थ्य को स्वस्थ्य रखने में सहूलियत होती है । इसी के तहत मकेर प्लस टू विद्यालय में चाणक्य ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर बिपिन कुमार के द्वारा बच्चों को योग सिखाया गया साथ ही इससे होने वाले शरीर मे ताजगी सहित अन्य पहलुओं को बारीकी से सिखाया एवम योगयोगासन कैसे किया जाता है बताया ।

### इसुआपुर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

इसुआपुर । आध्यात्मिक संस्था निर्वाण संघ के सौजन्य से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बाबा लालदास के मठिया परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों सहित नगर के नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। योग सत्र का संचालन निर्वाण संघ के संस्थापक सत्येंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिभागियों में राजेश कुमार, विनोद कुमार, श्याम प्रसाद, पप्पू कुमार, त्रिभुवन चतुर्वेदी, अमीर साह समेत कई साधक शामिल थे।

### खड़े वैन को बाइक चालक ने पीछे से ठोका, एक की मौत, दूसरा घायल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महात्मा गांधी सेतु पर बाइक चालक ने खड़े पिकअप वैन में पीछे से जाकर ठोक दिया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा जख्मी हो गया। बताया जाता है कि दोनों वैशाली जिला के महुआ से शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। घटना सेतु के पाया संख्या 40 के पास शनिवार को पूर्वाह्न में घटी है। इसमें करीब 39 वर्षीय मोहम्मद अनीस की मौत हो गई, जबकि उसका मौसेरा भाई आसिफ घायल हो गया है। आलमगंज थाना क्षेत्र के नालबंद टोली निवासी स्व महबूब के पुत्र अनीस और उसका मौसेरा भाई मोहम्मद आसिफ शुक्रवार को महुआ के गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। शनिवार को दोनों मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे, तभी सेतु पर खड़े पिकअप वैन में पीछे से धक्का मार दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया।

# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन की पुत्री की शादी में हुये शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



सिंघवाड़ा(दरभंगा)। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शनिवार को एक निजी समारोह में शामिल होने सिमरी थानाक्षेत्र के शोभन पहुंचे। वह बिहार राज्य मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डा एजाज अहमद की पुत्री जैनब अफरोज की शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। राज्यपाल के आगमन को लेकर डीएम कौशल कुमार, एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, सदर एसडीओ विकास कुमार, सदर डीएसपी टू कमतौल ज्योति कुमारी, इंस्पेक्टर सुरेश राम, थानाध्यक्ष मनीष कुमार पुलिस बल के साथ तैनात रहे। एयरपोर्ट से शोभन चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल शोभन में बिहार मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन के आवास तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी। दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर राज्यपाल का काफिला शोभन पहुंचा। डीएम, एसएसपी, बेनीपुर विधायक विनय चौधरी और पूर्व चेयरमैन ने राज्यपाल की आगवानी कर बुके भेंट किया। लोगों से मुलाकात करते हुए राज्यपाल भवन के ऊपरी मंजिल पर पहुंचे जहां उन्होंने नव दंपति जैनब अफरोज और मो अहमर को आशीर्वाद दिया। नव दंपति की ओर से राज्यपाल को पाग, चादर से सम्मानित कर मिथिला पेंटिंग भेंट की। अल्पाहार के बाद राज्यपाल लोगों से मिलते हुए रिमझिम बारिश के बीच दोपहर तीन बजे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। पूर्व चेयरमैन डा एजाज अहमद ने बताया कि 14 जून को उनकी बेटी की शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण राज्यपाल को भेजा गया था। व्यस्त रहने के कारण राज्यपाल 14 जून को नही पहुंच सके थे। शनिवार को राज्यपाल ने नव दंपति से मिलकर उनको आशीर्वाद दिया। राज्यपाल को आम पेश किया गया लेकिन, स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने आम की जगह घर में फिरनी का सेवन किया। परिवारिक समारोह में राज्यपाल के शामिल होने पर उन्होंने धन्यवाद दिया। मौके पर मौलाना मो मुश्ताक, जेनेहर अहमद, मो अजहरुद्दीन इदरीसी, मो फखरुद्दीन इदरीसी, मो फहीमुद्दीन, मो अजीमुद्दीन, मो सैफुल्लाह, मो इलमतुल्लाह, मो वलीउल्लाह, जेया करीम, बशारत करीम, मोजम्मिल सिद्दीकी, नुरुल अंबेया, फिरोज, फजलुल्लाह रहमानी, तुफैल अहमद, सबा करीम, इसरार अहमद, अफसर अली, निजामुद्दीन, मो हेलाल, मो जमाल, आरिफ हुसैन, शहाबुद्दीन, मुखिया जनक पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मना विश्व योग दिवस

● हर रोग को अब तोड़ना है, योग से नाता जोड़ना है

पटना। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को पटना जिले के मसौढ़ी और पुनपुन प्रखंड स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पोठही, सगुनी, बसुहार, चंदुआरा,बाजितपुर और बलियारी पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विभिन्न प्रकार के नारे जैसे – हर रोग को अब तोड़ना है, योग से नाता जोड़ना है। करें योग रहें निरोग इत्यादि श्लोगनों के माध्यम से बच्चों, पीएसपी सदस्यों, ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान सीएचओ अर्चना कुमारी ने कहा कि नियमित रूप से योग को अपना कर अवसाद और तनाव को भी दूर किया जा सकता है। क्योंकि योग की प्रमुख क्रियाओं में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, मंडूकासन, शशकासन, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, उष्ट्रासन, योगमुद्रासन, गोमुखासन, भुजंगासन, पादहस्तासन, पवनमुक्तासन, मर्कटासन, वक्रासन, कटिचक्रासन, भुजंगासन आदि मुख्य रूप से शामिल किये गये हैं जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना गया है। योग से शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में होती है वृद्धि वहीं सगुनी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ सह पीएसपी सदस्य प्रीति कुमारी ने कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में वृद्धि होती है। योग करने वाले लोग फीट होने के साथ ही इम्युनिटी और हार्मोनल वाले रोगियों को चलने फिरने में काफी मदद मिलती है। इसी को देखते हुए लोगों ने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए योग करना शुरू किया है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर हुई चर्चा एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के तहत मसौढ़ी और पुनपुन प्रखंड के छह आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर बाजितपुर हेल्थ एंड वेलनेसे सेंटर के सीएचओ संदीप कुमार ने कहा कि योगाभ्यास से फेफड़ों में रक्तसंचार बढ़ता है। प्राणायाम श्वसन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष योगाभ्यास है। श्वसन क्रिया के दौरान गहरी सांस लेते हुए वायु को अंदर खींचते हैं। सांस को अधिक से अधिक समय तक रोक रखते और अंत में धीरे-धीरे सांस छोड़ते हैं। इससे शरीर को आवश्यक मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त होता है। वहीं चंदुआरा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ रश्मि कुमारी ने कहा कि प्रतिदिन सुबह या शाम को नियमित रूप से योगाभ्यास करने मात्र से हाथ में कंपन, पाचन क्रिया, बाल का झड़ना, अवसाद, तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ्य एवं रोग मुक्त, मस्तिष्क को शांत व सहन करने के साथ ही याददाश्त को भी बढ़ाता है। वहीं सीएचओ अनामिका सिन्हा ने कहा कि शरीर और मन की शांति के लिए योग एक विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया है। मात्र योगाभ्यास करने से आपका शरीर पूरी तरह से स्वस्थ रहता है। वहीं बसुहार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर एएनएम निवोदिता कुमारी और सोशल मोबालाइजर सह शिक्षक आजाद सर ने कहा कि योग से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है।

## एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना के साथ केंद्रीय भूजल बोर्ड, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का उत्साहपूर्वक आयोजन

पटना। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केंद्रीय भूजल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना परिसर में योग का एक भव्य और अनुशासित आयोजन सम्पन्न हुआ। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य हेतु योग रही, जो मानव, प्रकृति और पर्यावरण के सामूहिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करती है। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय निदेशक श्री राजीव रंजन शुक्ला जी की अध्यक्षयता में हुआ। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं सहायक कर्मचारियों सहित सभी स्तर के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रातःकालीन शांत वातावरण में आयोजित इस योग सत्र का कुशल संचालन योग प्रशिक्षिका पूनम कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास कराते हुए योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराया। सत्र में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन तथा ध्यान अभ्यास को प्रमुखता से शामिल किया गया, जिससे प्रतिभागियों को स्वास्थ्य के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता प्राप्त हुई कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय निदेशक श्री राजीव रंजन शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास को अपने जीवन में अपनाने और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेने पर जोर दिया और योग प्रशिक्षिका पूनम कुमारी को उनके योग निर्देशन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह आयोजन न केवल एक सफल स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम रहा, बल्कि इसने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के वैश्विक संदेश को पूरे समर्पण के साथ जीवंत किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 11वें ऐतिहासिक संस्करण पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी मंत्रालयों एवं विभागों के समन्वित प्रयास से नागरिकों के बीच स्व'स्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण को अपनाए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है ' साथ ही योगा संगम पोर्टल पर एक लाख योग पंजीकरण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है ' इस वर्ष का थीम ह्लएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है ' इसी कड़ी में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षे. सं. प्र.), क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा दिनांक 21 जून 2025 को एक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 8:30 बजे सूर्य नमस्कार के साथ हुआ ' इसके उपरांत कार्यालय के योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और योगाभ्यास में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री रोशन लाल साहू, उपमहानिदेशक ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि, ह्लयोग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो जीवन में संतुलन, अनुशासन और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। ह्लएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्यह्व की अवधारणा केवल मानवीय स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि, यह प्रकृति और पर्यावरण के साथ समरसता में जीने का मार्ग भी प्रशस्त करती है ।ह्व इस अवसर पर श्री परिमल, उप निदेशक ने भी प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग को अपनाने की प्रेरणा दी और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यालय द्वारा यह भी संकल्प लिया गया कि योग को केवल एक दिन का आयोजन न बनाकर, इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए । अंत में, सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक संकल्प लिया कि योग के सिद्धांतों को अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योग शिविर में अभिषेक गौरव, सहायक निदेशक, सुधीर कुमार झा, देवेन्द्र कुमार, जितेन्द्र राय, व.सां. अधि, गुरुराज सिंह, विनीता कुमारी, उमेश प्रसाद, राकेश कुमार, संस्कृति भारती, रौशन कुमार, सुमित कुमार, (स० प्र०), श्याम बाबु रजक, अमित कुमार और रवि कुमार एवं अन्य ने हिस्सा लिया

## एएमयू,ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, बिहार चैप्टर की ओर से बिहार अलीग कनेक्ट राज्य स्तरीय सम्मेलन का 22 जून को पटना में होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना :अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी,ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, बिहार चैप्टर पटना की ओर से बिहार अलीग कनेक्ट राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन रविवार( 22 जून 2025) को अभिलेख भवन ऑडिटोरियम, पटना में किया जा रहा है। अलीग, एएमयू छात्र संघ के महासचिव मुशीर आलम ने बताया कि बिहार अलीग कनेक्ट कार्यक्रम में बिहार के सभी 38 ज़िलों के एएम्यू पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर शिक्षा, सामाजिक चेतना, और युवाओं के सशक्तिकरण के मुद्दों पर संवाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि बिहार अलीग कनेक्टह्व में प्रमुख बिंदु के तौर पर पूर्व छात्रों के बीच समन्वय और मार्गदर्शन को सशक्त करना,जिला स्तर पर संयोजक नियुक्त करना, एएमयू किशनगंज केंद्र के विकास में सहयोग, जेएनयू,जेएम्आई, एमए एनयूयू जैसे संस्थानों से एलुमनी सहयोग, सर सैयद लिटरेसी स्कूल, शास्त्री नगर का सशक्तिकरण, पटना में सर सैयद हाउस की स्थापना का प्रस्ताव आदि शामिल हैं।

## 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना, सी.सी.आर.ए.एस., आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं राजेन्द्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आज कुंवर सिंह उद्यान, पटना में 11वें *अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस* के उपलक्ष्य में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. कृष्णा पाण्डेय, निदेशक, आर एम आर आई एस, पटना एवं डॉ. रोहित कुमार रावत, प्रभारी अनुसंधान अधिकारी, पटना द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. कृष्णा पाण्डेय ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में योग प्रमुख भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होता है। डॉ. रोहित कुमार रावत ने आयुर्वेद एवं योग के पारस्परिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं बल्कि मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक स्वास्थ्य को भी संतुलित करता है। योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षक कमलजीत के नेतृत्व में एक सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थानों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सत्र में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यास कराए गए। कार्यक्रम का संचालन अनुसंधान अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गान के साथ आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों को आयुष मंत्रालय की ओर से प्रकाशित योग एवं स्वास्थ्य विषयक जानकारी से युक्त पाम्फलेट भी वितरित किए गए।

# अब यहां के पक्षकारों को अपने मुकदमों से संबंधित जानकारी के लिए भटकना नही पड़ेगा : न्यायमूर्ति



दरभंगा(दरभंगा)। ई-सेवा केंद्र, सिविल कोर्ट दरभंगा का उदघाटन दरभंगा न्याय मंडल के निरीक्षी न्यायाधीश सह पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संदीप कुमार और न्यायमूर्ति चन्द्रशेखर झा ने संयुक्त रुप से रिबन काट कर किया ।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिनोद कुमार तिवारी भी मौजूद थे ।मौके पर निरीक्षी न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने कहा कि अब यहां के पक्षकारों को अपने मुकदमों से संबंधित जानकारी के लिए भटकना नही पड़ेगा ।ई सेवा केंद्र पर न्याय अतिथियों को अपने अपने मामलों के अद्दतन स्थिति की जानकारी निःशुल्क मिलेगी ।इसके लिए अब मुकदमें के पक्षकारों को न तो पेशकार,न्यायालय कर्मचारियों, वकीलों और अधिवक्ता लिपिकों की चिरौरी नही करनी पड़ेगी। पक्षकार अपने केश का नंबर, और पक्षकारों के नाम बताकर इस केंद्र से संबंधित मुकदमा की अद्दतन स्थिति से अवगत हो सकते हैं ।इससे जहां न्यायालय कर्मचारियों के बहुमूल्य समय की बचत होगी, बल्कि पक्षकारों को भी मुकदमे से संबंधित अद्दतन सुचना के लिए न कोई राशि खर्च करनी पड़ेगी ।ई-सेवा केंद्र चालू हो जाने के बाद शनिवार से हीं न्याय अतिथियों को इस केंद्र से वांछित सुचना मिलनी शुरू हो गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह व अन्य उच्चाधिकारियों ने किया योगाभ्यास

प्रात : किरण संवाददाता




पटना/हाजीपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के मुख्य आतिथ्य में पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न प्रकार के आसनों एवं प्राणायाम की क्रियाएं करवायी गयी एवं इससे होने वाले बहुआयामी लाभ के संबंध में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया। योगाभ्यास के दौरान अधिकारियों ने शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारू रूप से कार्यशील रखने हेतु प्राणायाम एवं योग के अन्य विधाओं का अभ्यास किया। इससे पहले महाप्रबंधक एवं अन्य उच्चाधिकारीगण विशाखापट्टनम में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री जी के योग कार्यक्रम में लाइव प्रसारण से जुड़े एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के योग से संबंधित संबोधन से लाभान्वित हुए । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर एवं निर्माण संगठन कार्यालय, महेन्द्रूघाट, पटना तथा पांचों मंडलों में भी योग शिविर का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं रेलकर्मचारियों ने योगाभ्यास किया । इन सभी स्थानों पर भी माननीय प्रधानमंत्री जी के योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया ।

### पटवा टोली दुर्ग स्थान पर मनाया गया योग दिवस



गया जी। ११वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मानपुर बुनकर नगरी पटवाटोली श्री दुर्गा स्थान में नियमित रूप से योग करने वाले सदस्यों ने विशेष योग दिवस समारोह पूर्वक मनाया। कार्यक्रम में महिलाओं कि संख्या अधिक रही। इस मौके पर योग प्रशिक्षक अनील कुमार , दुधेशवर प्रसाद , प्रमोद कुमार लाल अध्यक्ष पटवा समाज , लक्ष्मी देवी , पुष्पा देवी , साधना देवी , गीता देवी , रोहनी देवी , पूर्व वार्ड पार्षद प्रमिला देवी पटवा , शोभा देवी , रोमी देवी सहित बड़ी संख्या में बुनकर समाज कि महिलाएं , पुरुष छात्र व छात्राएं शामिल रहे। सभी ने कहा नियमित रूप से योग करने पर रोग से दूर रहते हैं आह्वान किया गया की करिए योग रहिए निरोग। पटवाटोली के श्री दुर्गा स्थान परिसर में पटवा टोली योग मंडली द्वारा नियमित रूप से योग किया जाता है जिसमें महिलाओं की संख्या सर्वाधिक रहती है।

# भारत ऋषि मुनियों का देश रहा है,योग हमारी परंपराएं रही है : संजय सरावगी



दरभंगा। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर के नागेंद्र झा स्टेडियम में योग कार्यक्रम और मतदाता जागरूकता अभियान हुआ आयोजन। कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी एवं जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने अपने कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर किये । योगाचार्य रौशन उपाध्याय एवं सुश्री अनु कुमारी ने ग्रीवा संचालासन,स्कंध संचालासन,ताड़ासन, पादहस्तासन,अर्धचक्रासन,भुजंगासन,भद्रासन,तितली आसन, उष्ट्रासन,शशांक आसन, अर्ध हलासन,पवनमुक्तासन,अनुलोम विलोम सहित विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भारत ऋषि मुनियों का देश रहा है, योग हमारी परंपराएं रही है। 21 जून 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ के 178 देशों ने योग को मान्यता दी,योग अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया और पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि करें योग, रहे निरोग, सभी लोग प्रत्येक दिन योग करे ।उन्होंने कहा कि योग दिवस के अवसर पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किट का भी वितरण किया गया। किट में कैथी लिपि का पुस्तक है, जो कि आम आदमी को कैथी लिपि में लिखित जमीन से संबंधित कागजात को पढ़ने में दिक्कत हो रही है,इसी को लेकर राजस्व विभाग ने किताब का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सभी सेवाएं ऑनलाइन है, ऑनलाइन में कोई दिक्कत न हो, को लेकर भी एक किताब दिया गया है, सभी लोग किताब पढ़े राजस्व से संबंधित मामलों को लेकर ऑनलाइन करें। जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने संवाददता को संबोधित करते हुए कहा कि योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में 2000 सादिक नागरिकों और अधिकारियों ने भाग लिये है। कार्यक्रम का आयोजन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किया गया, आम आदमी को राजस्व से संबंधित जानकारी के लिए किट का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने आम लोगों से अपील की,की योग करें स्वस्थ रहें ।उन्होंने कहा कि योग दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उपस्थित मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प भी दिलाया गया राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने गंगा एवं उसकी सहायक नदियों,तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों के तट को साफ-सुथरा,स्वच्छ रखने,कूड़ा-कचड़ा एवं पॉलीथिन प्रवाहित नहीं करने,जलीय-जीवों एवं वृक्षों का संरक्षण करने,घाट पर नियमित योग करने का संकल्प एवं निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का शपथ उपस्थित सभी लोगो को दिलाया।

## राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो 2025 का महापौर इंदु देवी ने किया भव्य उद्घाटन, मुफ्त एंट्री और पार्किंग की व्यवस्था



आराः भोजपुर जिला मुख्यालय आरा शहर के रमना मैदान स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो 2025 का भव्य उद्घाटन शनिवार को किया गया। इस एक्सपो का उद्घाटन शहर की महापौर इंदु देवी एवं आयोजन व्यवस्थापक मनीष यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत कार्यक्रम में विशेष सम्मान के तहत संस्थापक मनीष यादव ने महापौर को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। महापौर इंदु देवी ने एक्सपो का अवलोकन करते हुए मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्वयं भी खरीदारी कर आयोजन को सफल बनाने का संदेश दिया। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि आरा शहरवासियों के लिए इस प्रकार का आयोजन स्वागतयोग्य है। एक ही स्थान पर विभिन्न राज्यों के पारंपरिक और आधुनिक उत्पादों की उपलब्धता निश्चित रूप से ग्राहकों को आकर्षित करेगी। मैं शहरवासियों से आग्रह करती हूं कि एक बार जरूर इस मेले में आएं और खरीदारी करें। यहां गुणवत्ता, वैविध्य और किफायती दाम झ्र तीनों का बेहतरीन संगम है। विविधता और संस्कृति से परिपूर्ण है एक्सपो इस एक्सपो की खास बात यह रही कि इसमें देश के विभिन्न राज्यों से आये शिल्पकारों और व्यापारियों ने अपने-अपने उत्पादों की बहुआयामी प्रदर्शनी लगाई है। मेले में तमिलनाडु की प्रसिद्ध बेडशीट, बनारस की सिल्क साड़ियां और सूट, बॉम्बे सिटी गोल्ड सेंटर की आर्टिफिशियल ज्वेलरी, स्टाइलिश बैंगल्स, रंग-बिरंगे टैटू शॉप, जयपुर के मुखवास स्टॉल, लेडीज पर्स, खादी ग्रामोद्योग के हस्तनिर्मित वस्त्र, आरामदायक सैंडल, स्वादिष्ट नमकीन और आधुनिक फर्नीचर जैसे सैकड़ों आकर्षक स्टॉल शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजन व्यवस्थापक मनीष यादव ने बताया यह पहला अवसर है जब मेरे द्वारा आरा शहर में इस प्रकार का एक्सपो आयोजित किया गया है। इस मेले में पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से आए हुए दुकानदारों द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र और घरेलू उपयोग की चीजें उपलब्ध कराई गई हैं। खास बात यह है कि यहां प्रवेश और पार्किंग की व्यवस्था पूरी तरह से मुफ्त रखी गई है ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी परेशानी के इस मेले का आनंद उठा सकें। मैं भोजपुर जिले के सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि इस मेले में जरूर आएं और अपने लिए बेहतरीन चीजें खरीदें। ग्राहकों को मिल रहा किफायती विकल्प इस मेले का उद्देश्य न सिर्फ विविध प्रकार के उत्पादों को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है, बल्कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर गुणवत्ता वाली चीजें उपलब्ध कराना भी है। यहां ग्राहकों को सस्ते दामों में उत्कृष्ट और अनोखे उत्पादों की खरीदारी करने का बेहतरीन अवसर मिल रहा है। सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल एक्सपो के आयोजन से न केवल आरा शहर के लोगों को खरीदारी के नए विकल्प मिले हैं, बल्कि विभिन्न राज्यों के दस्तकारों और व्यापारियों को भी अपने उत्पादों को एक नए बाजार में प्रस्तुत करने का अवसर मिला है। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिल रहा है राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो 2025 ने भोजपुर जिले के नागरिकों के लिए एक शानदार प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है, जहां वे देशभर की कलाओं, परंपराओं और आधुनिकता से सीधे रूबरू हो सकते हैं। यह मेला निश्चित रूप से ग्राहकों और व्यापारियों दोनों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

## पीएसआई इंडिया के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैठक का आयोजन

पटना- जिले में स्वास्थ्य सेवाओं तथा परिवार नियोजन सेवाओं के सुद्दढ़ीकरण पर बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को एक निजी होटल में किया गया. कार्यशाला में जिले के 11 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों ने भाग लिया. बैठक में 5 हाई इम्पैक्ट एप्रोच के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया. बैठक सह कार्यशाला में जिला संचारी रोग पदाधिकारी सह गैर संचारी रोग पदाधिकारी, डॉ. रजनीश चौधरी एवं जिला स्वास्थ्य समिति से रामू कुमार सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारीयों ने भाग लिया. बैठक में पीएसआई इंडिया की तरफ से विवेक मालवीय, वरीय शाखा प्रबंधक के साथ टीम के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे. बैठक में अपनी बात रखते हुए जिला संचारी रोग पदाधिकारी सह गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रजनीश चौधरी ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को और मजबूत करने की जरुरत है. उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती संख्या से सिमित उपलब्ध संसाधनों पर ज्यादा दबाव पड़ता है और इसे नियंत्रित करने की तत्काल जरुरत है. लोगों को परिवार नियोजन के लाभ को समझकर इन्हें अपनाने के लिए आगे आना चाहिए. बैठक सह कार्यशाला स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमतावार्धन करने की उद्देश्य से किया गया. सभी चिकित्सा पदाधिकारी मास्टर कोच की भूमिका में कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट विभागीय चुनौतियों के लिए सर्वोत्तम समाधान निकलने के बारे में सलाह और मार्गदर्शन पर चर्चा की. मौजूदा बुनियादी ढांचे का विश्लेषण करना और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और दक्षता बनाने में मदद करने के लिए सुधार लागू करना।

## पेरिस डायमंड लीग में

# नीरज चोपड़ा का साल का पहला खिताब

## 88.16 मीटर थ्रो किया, 6 में से 3 थ्रो फाउल रहे



**पेरिस (एजेंसी)।** दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने पहले ही राउंड में 88.16 मीटर का थ्रो फेंककर जीत सुनिश्चित कर ली। वहीं, इससे पहले उन्होंने 90.23 मीटर थ्रो किया था और दूसरे स्थान पर थे।झ वहीं पेरिस डायमंड लीग में जर्मनी के जूलियन वेबर 87.88 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर रहे। ब्राजील के मौरिसियो लुइज डा सिल्वा ने 86.62 मीटर के थ्रो के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### नीरज के छह में से तीन थ्रो फाउल

नीरज चोपड़ा ने अपना पहला थ्रो 88.16 मीटर का किया था। वहीं उनके तीन थ्रो फाउल रहे। पहले राउंड में वेबर (87.88 मीटर) और त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट (80.94 मीटर) का नंबर था। दूसरा राउंड- वेबर ने 86.20 मीटर का थ्रो फेंका, जबकि नीरज ने 85.10 मीटर का थ्रो दर्ज किया और वालकॉट ने 81.66 मीटर के साथ सुधार किया। इसके बाद नीरज लगातार तीन बार फाउल कर बैठे। छठे और आखिरी प्रयास में वह 82.89 मीटर ही दूर फेंक पाए। इसके बाद भी नीरज ने पेरिस डायमंड लीग के भाला फेंक इवेंट को अपने नाम करने में सफलता हासिल की। वहीं, तीसरे राउंड में डा सिल्वा ने 86.62 मीटर का थ्रो फेंककर अपनी मौजूदगी दर्ज की। वेबर ने चौथे राउंड में 83.13 मीटर और पांचवें राउंड में 84.50 मीटर के थ्रो के साथ जोरदार कोशिश की, लेकिन वह 88 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके।

- **5 जुलाई को बेंगलुरु में क्लासिक थ्रो में भाग लेंगे** – दो बार के ओलिंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अब 5 जुलाई को होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे। यह आयोजन मूल रूप से 24 मई को होने वाला था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा तनाव के कारण इसे 5 जुलाई के लिए स्थगित कर दिया गया।
- **इस जीत से मेडल नहीं मिलता** – डायमंड लीग में जीत हासिल करने पर कोई मेडल नहीं मिलता है। हर स्थान पर रहने वाले एथलीट को पॉइंट मिलते हैं। इसी पॉइंट के आधार पर साल के अंतिम डायमंड लीग में जगह मिलती है। वहां फाइनल होता है। नीरज के अभी तक 15 पॉइंट हैं और जूलियन वेबर के साथ वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर चल रहे हैं। इस जीत का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि नीरज ने पिछले साल ओलिंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया था। ओलिंपिक में उन्होंने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता था।

### क्या है डायमंड लीग?

डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है।
डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है।
आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है।
हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पॉइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पॉइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पॉइंट्स काउंट होते हैं।
टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है।
इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्रॉफी और कैश प्राइज मिलता है।




### नीरज के अचीवमेंट्स

**ओलिंपिक गेम्स**
गोल्ड – टोक्यो 2020
सिल्वर – पेरिस 2024

**वर्ल्ड चैंपियनशिप**
गोल्ड – टोक्यो 2020
सिल्वर – यूजीन 2022

**डायमंड लीग**
गोल्ड – 2022
सिल्वर – 2023 | 2024

**एशियन गेम्स**
गोल्ड – हांगझोऊ 2022
गोल्ड – जकार्ता 2018

**कॉमनवेल्थ**
गोल्ड – गोल्ड कोस्ट 2018

## हेडिंग्ले टेस्ट- 471 रन पर भारत की पहली सिमटी

### ● ऋषभ पंत ने सिक्स लगाकर जड़ा शतक ● गिल 147, पंत 134 और जायसवाल 101 रन बनाकर आउट, स्टोक्स-टंग ने 4-4 विकेट लिए



**लीड्स (एजेंसी)।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला टेस्ट हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। शनिवार को मैच का दूसरा दिन है और पहला सेशन जारी था। टीम इंडिया ने पहली पारी में 471 रन आल आउट हो गई थी। कप्तान शुभमन गिल 147 रन बनाकर आउट हो गए थे। दोनों के बीच 200 रन से ज्यादा की पार्टनरशिप हो चुकी थी। पंत ने शोएब बसीर के ओवर में दो छक्के लगाकर शतक पूरा किया। भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। पहले दिन यशस्वी जायसवाल (101 रन) और केएल राहुल (41 रन) बनाकर आउट हुए। डेब्यूटेंट साई सुदर्शन शून्य रन बनाकर पवेलियन लौटे। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने 2 विकेट लिए। ब्रायडन कार्स को एक विकेट मिला।

**पंत ने छक्के से धोनी के बड़ा रिकॉर्ड टूटा** – आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत का बल्ला पूरी तरह शांत था। आखिरी मैच में उन्होंने शतक लगाया लेकिन उससे पहले जूझ रहे थे। अब इंग्लैंड में पहुंचते ही पंत ने शतक ठोक दिया है। लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन पंत ने 146 गेंद पर शतक पूरा किया। 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से वह शतक तक पहुंचे। 44वां टेस्ट खेल रहे पंत का यह 7वां शतक है। इंग्लैंड की धरती पर वह तीसरी बार टेस्ट में शतक तक पहुंचे हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने भारत के लिए 90 टेस्ट मैच खेले थे। इस दौरान उनके बल्ले से 6 शतक निकले थे। इसमें एक शतक भी एशिया से बाहर नहीं आया था। अब पंत ने टेस्ट में 7 शतक पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही पंत टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज भी बन गए हैं।

### 93 साल में पहली बार हुआ ऐसा; गिल-यशस्वी खास क्लब में शामिल

भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में खेले जा रहे टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। यह इंग्लैंड में पहले दिन भारत द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। भारत ने इंग्लैंड में जून 1932 में पहला टेस्ट खेला था। तब से लेकर गुरुवार तक इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन भारत का सर्वश्रेष्ठ टोटल सात विकेट पर 338 रन का था, जो टीम इंडिया ने 2022 में एजबेस्टन टेस्ट के पहले दिन बनाए थे। 93 साल में पहली बार भारत ने इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन 350 रन का आंकड़ा पार किया। वहीं, ऋषभ पंत ने टेस्ट में 3000 रन भी पूरे कर लिए, लेकिन एडम गिलक्रिस्ट का एक रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। वहीं, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल दोनों ने शतक लगाया और खुद को एक खास क्लब में शामिल कर लिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत**- शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

**इंग्लैंड** -बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पॉप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

## सचिन ने पूछा- 2002 हेडिंग्ले टेस्ट की तरह कौन होगा तीसरा शतकवीर? दादा बोले- इस बार चार शतक लगेंगे



**लीड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। यश, गिल और पंत ने शानदार शतक लगाए। भारत की बल्लेबाजी देखकर महान सचिन तेंदुलकर भी बेहद खुश हुए। उन्होंने इस युवा और नए टीम इंडिया की तारीफ की है। सचिन ने कहा कि उन्हें भारत की बल्लेबाजी देखकर 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई। साथ ही उन्होंने सवाल भी पूछा कि उस टेस्ट की तरह मौजूदा मुकाबले में भारत का तीसरा शतकवीर कौन होगा? इस पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मजेदार जवाब आया और उन्होंने कहा कि इस बार तीन नहीं चार शतक लगेंगे।

**सचिन और गांगुली के बीच बातचीत** – दरअसल, भारत की बल्लेबाजी देखकर सचिन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, केएल राहुल और यशस्वी जायसवार द्वारा रखी गई ठोस नींव ने भारत को पहले दिन अच्छा स्कोर बनाने में सक्षम बनाया। यशस्वी और शुभमन गिल को उनके शानदार शतकों के लिए बधाई। ऋषभ पंत का योगदान टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत की बल्लेबाजी ने मुझे 2002 में हेडिंग्ले टेस्ट की याद दिला दी, जब राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और मैंने पहली पारी में शतक बनाए थे और हम टेस्ट जीत गए थे। यशस्वी और शुभमन ने अपना काम कर दिया है। इस बार तीसरा शतक कौन लगाएगा? इस पर गांगुली ने जवाब दिया और लिखा, हाय चैंप! इस बार तीन नहीं चार शतक हो सकते हैं। सतह बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। अब पंत और शायद करुण शतक लगा सकते हैं। 2002 में पहले दिन की सतह इससे थोड़ी अलग थी। इस कमेंट पर सचिन ने फिर जवाब दिया और फिंगर्स क्रॉस्ड का इमोजी बनाया।

**युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की** – वहीं, भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की। युवी ने लिखा, कुछ चीजें आपके सितारों में साफ लिखी होती हैं। टेस्ट कप्तान के तौर पर पहले शतक और वह भी विदेशी धरती पर...इसके लिए शुभमन गिल को बधाई। आप साफ तौर पर समझते हैं कि यह कितनी बड़ी जिम्मेदारी है और आपने अपने बल्ले से ही सारी बातें कह दीं।



## भारतीय महिला पहलवानों का कमाल

### अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में टीम खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम) (एजेंसी)।** भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।

## सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रिबाकिना को हराया

### ज्वेरेव हाले ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**बर्लिन (एजेंसी)।** एरिना सबालेंका ने बर्लिन ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और चार मैच प्वाइंट बचाकर एलिना रिबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अंतिम सेट के टाइब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया।
सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।
**अस्वस्थ होने के बावजूद जीते ज्वेरेव** – हाले टेनिस टूर्नामेंट में अस्वस्थ होने के बावजूद ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 7-6 से हराने में सफल रहे। ज्वेरेव ने पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ज्वेरेव पांचवें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में पांच या अधिक बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उनसे पहले रोजर फेडरर, येवगेनी काफेलनिकोव, फिलिप कोहलश्राइबर और टॉमी हास ने यह उपलब्धि हासिल की थी।
ज्वेरेव का सामना अपने सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों में से एक डेनिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-3 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल अलेक्जेंडर बुब्लिक और करेन खाचानोव के बीच खेला जाएगा। बुब्लिक ने टॉमस माचैक को 7-6, 6-3 से, जबकि खाचानोव ने टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-3, 6-2 से हराया था।

## किंग की राह पर प्रिंस, कप्तानी डेब्यू पर शतक से इंग्लैंड में रिकॉर्ड तक

**लीड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने शतक जड़ मेजबान टीम को चौंका दिया। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने काफी उम्मीदों के साथ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, लेकिन गिल और यशस्वी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यशस्वी 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान गिल 147 रन बनाकर आउट हो गए। उनके साथ उपकप्तान ऋषभ पंत ने भी शानदार शतक बनाया। गिल और यशस्वी ने इस टेस्ट में काफी प्रभावित किया। 92 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी निभाई। यशस्वी जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो गिल ने प्लेमेकर की भूमिका निभाई और संभल कर शॉट्स खेले। जैसे ही यशस्वी आउट हुए तो गिल ने शॉट्स लगाने शुरू किए और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। 'प्रिंस' के नाम से मशहूर गिल अब 'किंग' विराट कोहली के नक्शेकदम पर चल चुके हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि दोनों के स्टैट में समानता से पता चलता है।

**1. कप्तानी से पहले दोनों का औसत 40 से नीचे था** – इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट बतौर कप्तान गिल का पहला टेस्ट है। बतौर कप्तान अपनी डेब्यू पारी में ही गिल ने शतक जड़ दिया। गिल का टेस्ट में औसत 37.41 का है और इस टेस्ट से पहले उनका औसत 35.06 का था। ठीक उसी तरह जैसे कोहली का बतौर कप्तान डेब्यू से पहले औसत 40 से नीचे थे। कोहली का टेस्ट में बतौर कप्तान पहला मैच ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2014 में आया था। भारत ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एडिलेड में पहला मैच ही कोहली की कप्तानी में खेला था। इस टेस्ट की पहली पारी में कोहली ने 115 रन बनाए थे। इस मैच से पहले कोहली का टेस्ट में औसत 39.47 का था। इसके बाद कोहली ने टेस्ट में कई रिकॉर्ड्स बनाए। गिल से भी यही उम्मीद की जा रही है।

**2. कप्तानी डेब्यू पर शतक** – गिल ने बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच की पहली पारी में शतक जड़ दिया। किंग कोहली ने भी 2014 में ऐसा किया था। उन्होंने तब पहली पारी में 115 रन बनाने के अलावा दूसरी पारी में भी 141 रन बनाए थे। अब यह देखने वाली बात होगी कि अगर भारत को दूसरी पारी में खेलने का मौका मिलता है तो गिल कैसा प्रदर्शन करते हैं। एक चीज जो और देखने वाली रही, बतौर कप्तान डेब्यू पर शतक के वक्त दोनों के हाथ में एमआरएफ का ही बल्ला रहा।



**3. बल्लेबाजी क्रम बदलता रहा** – गिल ने टेस्ट करियर की शुरुआत ओपनर के तौर पर की थी। फिर पुजारा के हटने और यशस्वी के आने के बाद उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी। अब वह भारत के नए नंबर चार हैं। ठीक इसी तरह कोहली के बल्लेबाजी क्रम में भी काफी बदलाव हुए थे। कोहली ने 2011 में टेस्ट डेब्यू छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए किया था। फिर उन्हें 2012 में पांचवें नंबर पर भेजा जाने लगा। 2012 के जनवरी में राहुल द्रविड़ के संन्यास के बाद तीसरा स्थान खाली हुआ तो बीच-बीच में उन्हें नंबर तीन पर भी बल्लेबाजी करनी पड़ी। हालांकि, 2013 में सचिन के संन्यास के बाद कोहली को पूरी तरह नंबर चार दे दिया गया। अब कोहली के संन्यास पर शुभमन को यह स्थान दिया गया है। सचिन से कोहली और कोहली से गिल तक यह परंपरा चली आ रही है।

**4. नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में ही शतक** – गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। हालांकि, कोहली के संन्यास के बाद टीम मैनेजमेंट को उन्हें चौथे नंबर पर भेजने का कॉल लेना पड़ा और यह सही साबित हुआ। गिल ने नंबर चार पर अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ दिया। कोहली ने भी 2013 में ऐसा ही किया था। 2013 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले कोहली ने कभी नंबर चार पर बल्लेबाजी नहीं की थी। वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नंबर चार पर डेब्यू करते हुए कोहली ने अपनी पहली ही पारी में 119 रन बनाए थे।

**5. बतौर खिलाड़ी फेल, लेकिन कप्तान बनते ही बदला अंदाज** – गिल का इससे पहले न सिर्फ इंग्लैंड में बल्कि किसी सेना देश में अच्छा रिकॉर्ड नहीं था। इंग्लैंड में इस टेस्ट से पहले केवल बतौर बल्लेबाज खेलते हुए छह पारियों में उन्होंने केवल 88 रन बनाए थे। हालांकि, कप्तान बनते ही गिल का अंदाज बदल गया और उन्होंने इंग्लैंड में अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ दिया। यह ठीक उसी तरह है जैसे किंग कोहली ने बतौर कप्तान बनते ही इंग्लैंड में धमाल मचाया था। 2014 में जुलाई में जब टीम इंडिया ने इंग्लैंड का दौरा किया था तो कोहली बतौर बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए थे। यह सीरीज उनके लिए डरावने सपने की तरह थी। वह तब 10 पारियों में 134 रन बना पाए थे। हालांकि, इसके बाद जब टीम इंडिया ने 2018 में कोहली के कप्तान रहते हुए इंग्लैंड का दौरा किया तो किंग के तेवर बदले हुए थे। यह बतौर कप्तान कोहली का पहला इंग्लैंड दौरा था और वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस सीरीज में कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, कोहली ने बतौर कप्तान इंग्लैंड में अपनी पहली ही पारी में 149 रन (बर्मिंघम टेस्ट, 2018) बनाए थे। प्रिंस गिल से भी यही उम्मीद की जा रही है।

**6. कप्तान के रूप में अपने पहले ही मैच में पूरे किए 2000 टेस्ट रन** – गिल ने शुक्रवार को 127 रन की नाबाद पारी के दौरान टेस्ट में 2000 रन भी पूरे कर लिए। उन्हें ऐसा करने के लिए 107 रन की जरूरत थी। प्रिंस गिल की तरह साल 2014 में कोहली ने भी बतौर कप्तान अपना पहला मैच खेलते ही टेस्ट में 2000 रन पूरे किए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 में एडिलेड टेस्ट से पहले कोहली के 1855 रन थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए। दूसरी पारी में 30 रन बनाते ही कोहली ने टेस्ट में 2000 रन पूरे कर लिए थे। इसे अब संयोग कहें या कुछ और, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रिंस किंग की राह पर चलने को तैयार हैं। इतना ही नहीं, भारत को एक नया सितारा भी मिल गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अविवाहित मां ने प्रसव के तुरंत बाद मार डाला; गिरफ्तार

**पतनमथिट्टा, एजेंसी।** केरल के पतनमथिट्टा में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक 21 वर्षीय अविवाहित महिला को घर पर प्रसव के तुरंत बाद बच्ची की हत्या कर देने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस ने महिला की जानकारी उजागर किए बिना बताया कि उसे अस्पताल से गिरफ्तार किया गया है, जहां पर खून ज्यादा बह जाने की वजह से उसका इलाज किया जा रहा था। महिला की गर्भावस्था उसके प्रेम संबंध का परिणाम थी, उसके परिवार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह गर्भवती थी। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, 17 जून की सुबह इलावुमथिट्टा पुलिस थाना क्षेत्र के मेझुवेली गांव में अपने घर के शौचालय में उसने बच्ची को जन्म दिया। जन्म के बाद उसने बच्ची की कथित तौर पर हत्या कर दी और शव को अपने घर के पीछे सुनसान इलाके में फेंक दिया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में शिशु का शव घास के एक गट्ठर में लिपटा हुआ मिला। पोस्टमॉर्टम जांच में पुष्टि हुई कि बच्ची की मौत सिर पर चोट लगने से हुई। शुरुआत में पूछताछ के दौरान महिला ने अपने गुनाह से साफ इनकार किया और कहा कि वह बाथरूम में गिर गई थी इस वजह से उसके सिर में चोट लग गई थी। हालांकि बाद में पूछताछ और खोजबीन के बाद पुलिस को पता चला कि बच्ची की हत्या जानबूझकर की गई थी। पुलिस अब इस घटना में महिला के प्रेमी की भूमिका की जांच कर रही है। शुरुआती जांच के बाद महिला को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक अभी इस घटना की जांच जारी है।

### ऐसी रणनीति बनाए जिससे बीजेपी और उसके सहयोगियों को फायदा ना पहुंचे: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को अपनी पार्टी के जिला इकाई अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान, इस साल महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इन चुनावों में 29 नगर निगमों, 32 जिला परिषदों, 336 पंचायत समितियों और 248 नगर परिषदों के लिए मतदान होगा, जिनके लिए वार्ड परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उद्धव ने जिला अध्यक्षों से जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा से डरने की बजाय ऐसी रणनीति बनाने को कहा जिससे बीजेपी और उसके सहयोगियों को फायदा ना पहुंचे। शिवसेना (यूबीटी) के सीनियर नेता अनिल परब ने बताया कि उद्धव ठाकरे ने जिला अध्यक्षों को मतदाता सूची संशोधन और वार्ड परिसीमन प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए कहा। बैठक में जिला संपर्क प्रमुखों और राज्यभर के अन्य पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। पूर्व लोकसभा सांसद विनायक राउत ने कहा कि कार्यकर्ताओं का मानना है कि स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़े जाने चाहिए, लेकिन इस पर अंतिम फैसला उद्धव ठाकरे लेंगे।

### एनकाउंटर में मारे जाने का डर, 12 नक्सलियों का सरेंडर, 26 लाख के इनामी माओवादी भी शामिल

**कांकेर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना के कोठागुडेम में 26 लाख के इनामी समेत 12 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वालों में चार महिला नक्सली भी शामिल हैं। ये नक्सली छत्तीसगढ़ की कई घटनाओं में शामिल रहे हैं।आत्मसमर्पित नक्सलियों में 2 डीवीसीएम, 4 एसीएम, 2 पार्टी सदस्य, 2 मिलिशिय सदस्य, 2 आरपीसी सदस्य हैं। सभी नक्सलियों ने तेलंगाना के कोठागुडेम पुलिस मुख्यालय में एसपी रोहित राज के सामने सरेंडर किया है। तेलंगाना में इस साल अब तक 294 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। तेलंगाना से लगे छत्तीसगढ़ के बस्तर में लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है, जिससे घबराकर माओवादी सरेंडर कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। इधर शुक्रवार को कांकेर जिले के छोटेबेठिया इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। डीआरजी और बीएसएफ जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

# केरल के स्कूलों में पढ़ाए जाएंगे राज्यपाल के अधिकार- राज्य सरकार कर रही है तैयारी

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में प्रदेश सरकार और राज्यपाल के बीच खींचतान जारी है। इस बीच यहां के शिक्षा मंत्री ने एक बड़ा ऐलान किया है। केरल के शिक्षा मंत्री वी सिवनकुट्टी ने कहाकि वह बहुत जल्द ही स्कूल के पाठ्यक्रम में एक नया अध्याय जोड़ने वाले हैं। इसमें राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों और कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा। यह घोषणा उस घटना के बाद आई है, जिसमें शिक्षामंत्री राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम से निकल आए थे। यह कार्यक्रम प्रदेश की राजधानी तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया था। शिक्षामंत्री वी सिवनकुट्टी ने डायस पर आरएसएस से जुड़ी भारत माता के पोर्टेट का विरोध किया था।



**किस क्लास में होगा लागू**

मीडिया से बात करते हुए सिवनकुट्टी ने कहाकि भारत में राज्यपालों के संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों की व्याख्या करने वाला पाठ इस साल कक्षा 10 के छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तकों के दूसरे खंड में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अध्याय कक्षा 11 और 12 के छात्रों के पाठ्यक्रम में संशोधन के हिस्से के रूप में पाठ्यपुस्तकों में जोड़ा जाएगा। मंत्री ने आगे कहाकि स्कूल लोकतंत्र के मूल्यों को सीखने के लिए आदर्श जगह हैं। स्कूल का पाठ्यक्रम संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखते हुए संशोधित किया जा रहा है। आज देश में, निर्वाचित राज्य सरकारों को अस्थिर करने के प्रयास बढ़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में यह स्पष्ट किया है कि राज्यपालों के संविधानिक अधिकार क्या हैं। मंत्री सिवनकुट्टी का इशारा 8 अप्रैल को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की ओर था। इस फैसले ने राज्य के बिल पर फैसले या उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजने को लेकर राज्यपालों के लिए एक समय-सीमा निर्धारित की थी। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए भी मंजूरी देने की एक समय सीमा निर्धारित की। राष्ट्रपति ने इस निर्णय पर प्रेसिडेंशियल रेफरेंस मांगा है। शीर्ष अदालत का यह फैसला तमिलनाडु के मामले में आया है। इसमें तमिलनाडु सरकार ने राज्यपाल आरएन रवि के व्यवहार का हवाला दिया था। कई अन्य प्रदेशों में, जहां भाजपा का शासन नहीं है सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव देखने को मिला है। गौरतलब है कि संविधान के तहत राज्यपाल की शक्तियां सीमित हैं।

जब मंत्री सिवनकुट्टी से पूछा गया कि क्या इस निर्णय का संबंध राजभवन के भारत माता चित्र के उपयोग के विवाद से है? इसके जवाब में उन्होंने कहाकि मुझे दृढ़ विश्वास है कि छात्रों को राज्यपालों के कर्तव्यों के बारे में सीखना और समझना चाहिए। इसलिए हमने इस अध्याय को शामिल करने का निर्णय लिया है। यह संविधान का एक हिस्सा है। यह सही है कि गवर्नर बहुत हस्तक्षेप कर रहे हैं। छात्रों को सही चीजें सिखाई जानी चाहिए।

## युवक ने लिव-इन पार्टनर को मार बेड के अंदर छुपाई लाश, फिर खुद भी फंदे से लटका

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले में एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या कर उसका शव बेड में छिपा दिया। फिर उसी बेड के ऊपर पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पिता गुरुवार को जब बेटे का सामान लेने के लिए उसके कमरे में पहुंचा तो इस मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने महिला के ससुर को हिरासत में लिया है।

पुलिस के मुताबिक, पलवल के नांगल ब्राह्मण निवासी युवक योगेश धारूहेड़ा की आशियाना सोसाइटी के अस्पताल में ओटी सहायक के तौर पर काम कर रहा था। उसने 2017 में उत्तर प्रदेश की एक युवती से लव मैरिज की थी। उसके उसके दो बच्चे भी थे। अनबन के बाद पत्नी उसे छोड़कर बच्चों समेत मायके चली गई थी। इसके बाद योगेश रेवाड़ी आ गया। वहां उसकी जान-पहचान करनाल की एक महिला से हुई। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे।

इसी साल मार्च में होली के दिन योगेश धारूहेड़ा के सेक्टर-छह स्थित एक किराये के कमरे में शिफ्ट हुआ। महिला भी अपने तीन बच्चों के साथ उसके साथ रहने लगी। गर्मियों की छुट्टियां शुरू होने पर महिला ने बच्चों को बहन के पास छोड़ दिया। घर में योगेश और उसकी लिव-इन पार्टनर ही रह रहे थे।

2 जून से योगेश की बाइक घर के बाहर खड़ी थी। 6 जून को इलाके में तेज बदबू आने लगी। इसकी सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी। पुलिस जब योगेश के कमरे पर पहुंची, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़ने पर योगेश पंखे से लटका मिला और उसके पैरों के नीचे बेड था। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस ने मौके से शव तो हटा दिया, लेकिन बेड के अंदर पड़े महिला के शव को नहीं देख पाई। बिना जांच किए कमरा मकान मालिक को सौंपकर चली गई। पुलिस ने योगेश के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गुरुग्राम में 7 विदेशी नागरिकों समेत 8 ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार, 1 करोड़ का माल भी बरामद

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस को उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली जब उसने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में 7 विदेशी नागरिकों समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही उनके पास से लगभग 1 करोड़ रुपए मूल्य के ड्रग्स भी जब्त किए। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इस कार्रवाई को गुरुग्राम पुलिस की क्राइम यूनिट की एक टीम ने 16 जून को अंजाम दिया। इस दौरान उसने सेक्टर 39 से एक ड्रग्स स्मगलर को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान नेपाल के नागरिक बिमल पहाड़ी के रूप में हुई। पुलिस को उससे पास से 1.6 किलोग्राम सुल्फा और 116 ग्राम कोकीन भी बरामद हुई।

इस मामले में आरोपी के खिलाफ सदर थाने में एफआईआर दर्ज की गई और शहर की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान बिमल ने उसे ड्रग्स मुहैया कराने वाले अपने सात विदेशी साथियों के नाम बताए, इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि बिमल ने जिन सात सहयोगियों के नाम बताए उनमें से छह नाइजीरियाई नागरिक हैं और एक मिजोरम का रहने वाला शख्स है। इन सातों लोगों को बुधवार की रात और गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 1.60 किलोग्राम सुल्फा और 3 किलोग्राम से ज्यादा मात्रा में कोकीन बरामद हुई है। जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 1 करोड़ रुपए है। इसके अलावा आरोपियों के पास से 7500 रुपए नकद, 42 मोबाइल फोन, नाइजीरियाई पासपोर्ट, तीन इलेक्ट्रॉनिक तराजू और अन्य सबूत भी बरामद हुए हैं।

## कंचनजंगा की चोटी पर चढ़ाई रोकने की मांग

**कंचनजंगा, एजेंसी।** सिक्किम के बहुसंख्यक भूटिया लेप्चा समुदाय ने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पर्वत चोटी कंचनजंगा पर नेपाल की ओर से चढ़ाई पर पाबंदी लगाने की मांग उठाई है.इस पर्वतीय राज्य के लोग कंचनजंगा पर्वत को बेहद पवित्र मानते हैं.राज्य के लोगों की आध्यात्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सिक्किम सरकार ने वर्ष 2001 में ही इस पर चढ़ने पर रोक लगा दी थी.लेकिन नेपाल की ओर से कंचनजंगा अभियान भी जारी है.अब सिक्किम भूटिया लेप्चा अपेक्स कमिटी ने नेपाल सरकार और नेपाल माउंटेनियरिंग एसोसिएशन को पत्र भेज कर इसे तुरंत बंद करने की अपील की है. भूटिया लेप्चा समुदाय की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखते हुए पहले कोई भी पर्वतारोही इसकी चोटी पर पैर नही रखता था.लेकिन बीते महीने सेना के एक अभियान के तहत इस पर तिरंगा फहराने और एक पाकिस्तानी पर्वतारोही के शिखर पर पहुंचने की खबरों से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है.हिमालय में बर्फबारी 23 साल के निचले स्तर पर, दो अरब लोगों पर खतराइससे पहले मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने भी केंद्र को पत्र लिख कर नेपाल सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाने की मांग कर चुके हैं.उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि दुनिया की यह तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए बेहद पवित्र और पूजनीय है.इसका धार्मिक और



आध्यात्मिक महत्व है.लेकिन अब यह मांग तेज क्यों हो रही है? अब यह मांग लगातार जोर पकड़ रही है. सिक्किम भूटिया लेप्चा अपेक्स कमिटी ने नेपाल के पर्यटन मंत्री बदरी प्रसाद पांडे और नेपाल माउंटेनियरिंग एसोसिएशन (एनएमए) को लिखे पत्र में इस पर्वतीय चोटी पर चढ़ाई को तत्काल बंद करने की अपील की है.कमिटी के संयोजक शेतेन टी.भूटिया डीडब्ल्यू से कहते हैं, हम लंबे समय से यह मांग उठा रहे हैं.लेकिन हाल की घटनाओं ने हमारी चिंता बढ़ा दी है. सांस्कृतिक भावनाओं से गहरे जुड़ा हैभूटिया बताते हैं, बीते महीने भारतीय सेना की टीम और उसके बाद एक पाकिस्तानी पर्वतारोही के शिखर पर चढ़ने की खबरों के बाद भूटिया लेप्चा समुदाय में भारी नाराजगी है.यह हमारी धार्मिक भावनाओं का अपमान है.इसलिए हमने इस पर तत्काल पाबंदी लगाने की मांग उठाई है2001 में ही लगा कंचनजंगा की चढ़ाई पर पाबंदीइन खबरों के बाद कमिटी की ओर से कंचनजंगा के शुद्धिकरण के लिए हाल में काबी लुंगचोक में दो-दिवसीय धार्मिक समारोह भी आयोजित किया गया था.कमिटी के सदस्यों ने राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से भी मुलाकात कर सिक्किम की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की रक्षा के लिए हस्तक्षेप की अपील की है.यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि सिक्किम सरकार ने वर्ष 2001 में ही पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के तहत कंचनजंगा की चढ़ाई पर पाबंदी लगा दी थी. उससे पहले सिक्किम की ओर से अब तक महज तीन बार ही इस पर चढ़ाई की गई है.देशी-विदेशी पर्वतारोही अब नेपाल की ओर से ही इस पर चढ़ते हैं.नेपाल की ओर से जारीनेपाल के सांस्कृतिक, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल एक मार्च से 1 मई तक 78 लोगों को कंचनजंगा अभियान के लिए परमिट जारी किए गए थे.इससे नेपाल सरकार को प्रति पर्वतारोही दो से ढाई हजार अमेरिकी डालर की रायल्टी मिलती है.यह रकम यात्रा के दिनों और सुविधाओं पर निर्भर है.

## लॉस एंजिलिस हिंसा के लिए जेडी वेंस ने डेमोक्रेट्स को ठहराया दोषी

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में संघीय आव्रजन विभाग के छापों को लेकर हुई हिंसा के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम और लॉस एंजिलिस की मेयर करेन बास को दोषी ठहराया। इसके अलावा वेंस ने पहले लैटिन अमेरिकी सीनेटर एलेक्स पैडिला को जोस पैडिला कहा। जोस पैडिला राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के प्रशासन के दौरान अलकायदा आतंकवाद के एक दोषी साजिशकर्ता का नाम है। जिसे 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। सीनेटर जोस पैडिला को एक सप्ताह पहले अधिकारी जबरन जमीन पर ले गए थे और हथकड़ी लगाई थी। क्योंकि उन्होंने लॉस एंजिलिस में आव्रजन छापों पर होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम के एक समाचार सम्मेलन के दौरान अपनी बात रखी थी। वेंस ने कहा कि मुझे उम्मीद थी



कि जोस पैडिला यहां सवाल पूछने के लिए आएंगे। मुझे लगता है कि उन्होंने इसलिए नहीं आने का फैसला किया क्योंकि वहां कोई थिएटर नहीं था। और बस यही बात है।वेंस ने कहा कि पैडिला अपने वामपंथी समूहों में वापस जाना चाहते हैं और कहना चाहते हैं, देखो, मैं सीमा प्रवर्तन के खिलाफ खड़ा हुआ था। मैं डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ खड़ा हुआ था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने लॉस एंजिलिस में मल्टीएजेंसी फेडरल जॉइंट ऑपरेशन सेंटर और मोबाइल कमांड सेंटर का दौरा किया। ट्रंप ने वेंस को लॉस एंजिलिस ऐसे समय में भेजा है जब इस्राइल-ईरान युद्ध और इसमें अमेरिका की भावी भूमिका को लेकर उथल-पुथल मची हुई है। इससे साफ है कि ट्रंप अपनी कठोर आव्रजन नीतियों को राजनीतिक महत्व देते हैं। संघीय आव्रजन प्रवर्तन कार्यालयों का दौरा करने के बाद वेंस ने कहा कि गैविन न्यूसम और कैरेन बास ने शहर को एक अभयारण्य शहर के रूप में मानते हुए मूल रूप से कहा है कि यह संघीय कानून प्रवर्तन के लिए खुला मौका है। यहां जो हुआ वह एक त्रासदी थी। आपके पास ऐसे लोग थे जो कानून लागू करने का सरल काम कर रहे थे और उनके पास गवर्नर और मेयर द्वारा उकसाए गए दंगाई थे, जिससे उनके लिए अपना काम करना मुश्किल हो गया। यह शर्मनाक है। और यही कारण है कि राष्ट्रपति ने इतनी जोरदार प्रतिक्रिया दी है। जेडी वेंस के बयान के बाद गवर्नर न्यूसम के प्रवक्ता इजी गार्डन ने कहा कि उपराष्ट्रपति का दावा पूरी तरह से झूठा है। गवर्नर ने लगातार हिंसा की निंदा की है और अपना रुख स्पष्ट किया है। वहीं मेयर करेन बास ने कहा कि वेंस झूठ और बकवास फैला रहे हैं। संघीय सरकार ने एक स्टंट पर करोड़ों डॉलर बर्बाद कर दिए।

## ट्रंप ने तुलसी गबार्ड के बयान को किया खारिज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के बयान को खारिज किया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु हथियार न बनाने के बारे में उनकी राय गलत थी। उन्होंने कहा कि युद्धविराम के लिए ईरान पर इस्राइल के हमलों को रोकना बहुत कठिन होगा। तुलसी गबार्ड ने कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इसे लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने जवाब दिया कि मेरा खुफिया समुदाय गलत है। खुफिया समुदाय में किसने ऐसा कहा? जब ट्रंप को बताया गया कि गबार्ड ने ऐसा कहा था तो वे बोले कि वह गलत हैं। ट्रंप ने इस बात पर संदेह जताया कि बातचीत से इस्राइल और ईरान के बीच लड़ाई रुक सकती है। भले ही वे युद्ध विराम का समर्थन करते हों, लेकिन ईरान पर इस्राइल के हमलों को रोकना बहुत मुश्किल हो सकता है। ईरान के इस्राइली हमलों को रोकने में अमेरिका के हस्तक्षेप करने की अपील के बारे में ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि अभी यह अनुरोध करना बहुत कठिन है। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई जीत रहा है, तो ऐसा करना किसी के हारने की तुलना में थोड़ा कठिन है। लेकिन हम तैयार, इच्छुक और सक्षम हैं और हम ईरान से बात कर रहे हैं और हम देखेंगे कि क्या होता है? ट्रंप ने कहा कि युद्ध के मामले में इस्राइल अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

# इजराइली हमले में ईरान के ड्रोन कमांडर की मौत, अब तक 12 अफसरों की हत्या

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इस बीच इजराइल ने ईरान के ड्रोन कमांडर अमीन पोर जोदखी को हवाई हमले में मारने का दावा किया है। इससे पहले इजराइल ने 13 जून को ड्रोन यूनिट के चीफ ताहर फुर की हत्या कर दी थी। इसके बाद से जोदखी के पास ही ड्रोन यूनिट की जिम्मेदारी थी। इजराइल अब तक ईरान के 12 से ज्यादा सैन्य अफसरों की हत्या कर चुका है। इसमें ईरानी सेना के चीफ मोहम्मद बाघेरी, आईआरजीसी चीफ होसैन सलामी समेत कई और बड़े नाम हैं।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे इजराइल को जंग रोकने के लिए नहीं कहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोई जीत रहा है तो उसे रोकना मुश्किल है। ईरान और इजराइल के बीच शनिवार को भी जंग जारी है। ईरान ने सुबह इजराइल में तेल अवीव समेत दूसरे शहरों पर मिसाइल हमला किया। इससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, इजराइल ने भी जवाबी हमला करते हुए ईरान में कोम, इस्फहान में मिसाइल हमले किए। इसमें 2 लोगों की मौत हुई है और 4 घायल हैं। बीते 8



दिनों में इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं ईरान में 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। यह आंकड़ा वॉशिंगटन स्थित ईरानी ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने बताया कि ईरान की कुद्स फोर्स में फिलिस्तीनी मामलों के प्रमुख सईद इजादी को इजराइली सेना ने ईरान के शहर कोम में एक अपार्टमेंट पर हमले में मार गिराया है। काट्ज ने कहा कि इजादी वही शख्स था जिसने 7 अक्टूबर 2023 हमले के लिए हमास को पैसा मुहैया कराया था। काट्ज ने इजादी के मारे जाने पर खुशी जताई और कहा कि इजराइल अपने दुश्मनों को कहीं से भी ढूंढ़ निकालने में काबिल है। काट्ज ने पुराने डॉक्यूमेंट का भी जिक्र किया जिसमें लिखा था कि 2021 में हमास नेताओं ने ईरानी सेना के एक बड़े अधिकारी को पत्र भेजकर इजराइल पर हमला करने के लिए 500 मिलियन डॉलर की मदद मांगी थी। इसमें लिखा है कि ईरान ने आर्थिक मुश्किलों के बावजूद हमास को पैसा देना जारी रखा।

**इस्राइल ने इस्फहान परमाणु केंद्र पर हमला किया:** ईरान ने कहा है कि इस्राइल ने उसके इस्फहान परमाणु केंद्र पर हमला किया है। हालांकि इस हमले में किसी तरह का लीकेज नहीं हुआ है। ईरान ने ये नहीं बताया कि परमाणु केंद्र को इस हमले में कितना नुकसान हुआ है। इस्राइल ने रातभर की ईरान में बमबारी, मिसाइल प्रोग्राम को बनाया निशाना

इस्राइली सेना आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया। दरअसल हिजबुल्ला ने ईरान के समर्थन की बात कही थी। इस हमले में हिजबुल्ला के एक ऑपरेटिव की मौत हुई है।

## ईरान-इस्राइल संघर्ष विराम के लिए यूरोप की पहल, फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने किया प्रस्ताव का खुलासा

**पेरिस, एजेंसी।** ईरान और इस्राइल के बीच संघर्ष विराम की कोशिशें शुरू हो गई हैं। यूरोप के देशों द्वारा इसे लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस प्रस्ताव का खुलासा किया है, जिसके अनुसार, ईरान को यूरेनियम संवर्धन का काम रोकना होगा। साथ ही ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को रोकना होगा और पूरे पश्चिम एशिया में सक्रिय उग्रवादी संगठनों को भी अपना समर्थन देना बंद करना होगा। ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर किए हुए हैं और ईरान यूरेनियम संवर्धन को अपना अधिकार बताता है। ईरान का कहना है कि उसका यूरेनियम संवर्धन करना अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत वैध है। लेकिन बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव और खासकर इस्राइल के ताजा हमलों के बाद ईरान पर परमाणु समझौता करने का दबाव बढ़ गया है।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129